# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025**



### दीप्ति शर्मा बनी प्लेयर ऑफ द सीरीज

**नवी मुंब** । आंसू आज भी थे और साल 2017 में भी। बस फर्क उनके पीछे के कारण का था। 8 साल पहले जहां भारतीय क्रिकेट प्रेमी महिला विश्व कप फाइनल हारने का गम मना रहे थे, वहीं रविवार (2 नवंबर) को उनकी आंखों से खुशी के आंसू बहते दिखाई दिए। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब दुनिया की नई चैंपियन है। भारतीय क्रिकेट प्रेमी जिस पल का इंतजार साल 1973 में पहले महिला विश्व कप से कर रहे थे, वो आखिरकार साल 2025 में हरमनप्रीत कौर की टीम इंडिया ने उन्हें वो पल दिला दिया है। महिला विश्व कप के उतार-चढ़ाव से भरपूर और सांसें रोक देने वाले फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया है। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 298 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद साउथ अफ्रीकी टीम को 246 रन पर ऑलआउट करके मैच और ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

## हरमनप्रीत की टीम ने खत्म किया 52 साल का इंतजार

# भारत बना विश्व विजेता




### स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास

आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में रविवार को भारतीय टीम का सामना साउथ अफ्रीका से हुआ। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित इस मैच में भारतीय टीम के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अच्छी बल्लेबाजी की। स्मृति ने 45 रन बनाए, जिसमें 8 चौके शामिल रहे। स्मृति मंधाना को स्पिनर क्लो ट्रायोन ने विकेटकीपर सिनालो जाफ्ता के हाथों कैच आउट कराया। स्मृति ने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की।





### शैफाली वर्मा बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

### साउथ अफ्रीकी कप्तान ने रोक दी थी सांसें


साउथ अफ्रीका की टीम ने जब टारगेट का पीछा करना शुरू किया तो क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद थी कि मुकाबला जल्द ही खत्म हो जाएगा। लेकिन अफ्रीकी कप्तान लौरा वाल्वार्डट ने एक बार फिर वहीं से पारी शुरू की, जहां सेमीफाइनल में शतक बनाकर इंग्लैंड के शिकंजे से अपनी टीम के लिए फाइनल का टिकट छीना था। लौरा 42वें ओवर तक विकेट पर रहीं और एक बार फिर शतक ठोक दिया। इससे भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की सांसें रुक गई थीं, लेकिन बल्ले से भारतीय पारी के दौरान बेहतरीन फिफ्टी बनाने वाली दीप्ति शर्मा ने गेंद से मैजिकल हैंड दिखा दिया। दीप्ति ने वाल्वार्डट को अमनजोत कौर के हाथों कैच कराकर मैच पलट दिया। वाल्वार्डट ने 98 गेंद में 101 रन की पारी खेली। इसी ओवर में दीप्ति ने चौथी गेंद पर कोले ट्रायॉन को भी एलबीडब्ल्यू कर दिया। इससे पहले 40वें ओवर में भी दीप्ति ने एनारी डिकरसन को बोल्ड कर दिया था।






**खबर संक्षेप**

### बालाघाट: महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**बालाघाट।** जिले में पहली बार किसी महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है। जिले के लिए यह एक महत्वपूर्ण घटना है। महिला नक्सली सुनीता ने हॉकफोर्स के सहायक सेनानी के समक्ष मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया। सुनीता ने 1 नवंबर को जिले के चौरिया में बन रहे हॉकफोर्स के कैंप में आत्मसमर्पण किया।

### पाठक को एक करोड़ का मानहानि का नोटिस



**भोपाल।** कटनी शहर के पूर्व आर्म्स डीलर नाजिम खान ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक को एक करोड़ का मानहानि का नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा है कि विधायक संजय पाठक ने 28 और 29 अक्टूबर को दिए इंटरव्यू में नजिम खान के विरुद्ध झूठे, मनगढ़ंत और मानहानिकारक बयान दिए हैं।

### दुकानदार को जिंदा जलाने की कोशिश, गंभीर झुलसा



**सतना।** यहां दो लोगों ने किराना दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। दुकानदार को जिंदा जलाने की कोशिश की गई। आग लगने से दुकान मालिक रामप्रकाश कुशवाहा गंभीर रूप से झुलस गया। रामप्रकाश को पहले कोठी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में सतना रेफर कर दिया गया। दिदौंध गांव में शनिवार शाम करीब 6 बजे की है।

**पीएम मोदी का दावा:** 11 नवंबर के बाद राजद-कांग्रेस वाले एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे

# आरजेडी ने कांग्रेस की 'कनपटी' पर कट्टा रख सीएम पद का ऐलान कराया

*पीएम ने कहा कि राजद और कांग्रेस दो परिवारों के बीच सिमटी हुई पार्टियां हैं। एक बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार और दूसरा देश का सबसे भ्रष्ट परिवार*



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**एजेंसी ▶▶ पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से चार दिन पहले आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने पहले राजद और कांग्रेस को देश के मुद्दे पर घेरा और फिर बिहार चुनाव में खींचतान तक लेकर आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद के अंदर घमासन मचा हुआ है। अंदर की बात यह है कि नामांकन वापस लेने के एक दिन पहले बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया।

कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीएम पद पर राजद के उम्मीदवार का नाम तय हो। लेकिन, राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। फिर जबरन सीएम पद की घोषणा करवाई गई। राजद और कांग्रेस दो परिवारों के बीच सिमटी हुई पार्टियां हैं।

**बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनने जा रही है**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में सभा को संबोधित करते हुए।

***हम लोगों ने एक करोड़ नौकरी देने का वादा किया है***

***एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनेंगी***

### राजद वालों ने कांग्रेस से कुछ भी पूछा?

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया। न घोषणा पत्र में कांग्रेस की सुनी गई और प्रचार तक में पूछा गया। राजद वालों ने कांग्रेस की कुछ भी नहीं सुनी। एक तरफ सुशासन है। वहीं, दूसरी तरफ जंगलराज का कुशासन। जंगलराज ने बिहार को खोखला कर दिया। कट्टा, कटुता, क्रूरता, कुशासन और करप्शन ही जंगलराज की पहचान है। बेटियों से छेड़खानी, व्यापारियों से लूटपाट समेत सबकुछ राजद वाले मौका मिलते ही करने लगते हैं। कांग्रेस की पहचान सिखों के कत्लेआम से है। कांग्रेस के लोगों ने सिखों को नरसंहार किया था। आज भी कांग्रेस नरसंहार के आरोपियों को पूरे सम्मान के साथ अपनी पार्टी में आगे बढ़ा रही है। राजद और कांग्रेस को अपने किए गए कृत्यों का पछतावा नहीं है। राजद और कांग्रेस बिहार की पहचान खत्म करने में लगी हुई है।

### राजद-कांग्रेस वालों से सावधान रहना

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस वालों के इरादे बेहद ही खतरनाक हैं। इसलिए आपको इनसे सावधान रहना है। यह लोग सिफ जंगलराज की पाठशाला में पढ़कर निकले हैं। इनके कारण उद्योग बंद हो गए। इनका रिकॉर्ड ही निवेशकों को भगाने का है। जब निवेशकों को लालटेन और लाल झंडा दिखेगा तो वह अपना पैसा लगाएगा क्या? निवेशक सिर्फ एनडीए सरकार ही ला सकती है।

### हमें मगध को और बिहार को फिर वही पुराना गौरव लौटाना है

पीएम ने मगही भाषा में लोगों को नमन किया। कहा कि यह मगही पान की धरती है। मैं तो बनारस का सांसद हूं। मगही पान और बनारस का संबंध हम लोगों से अच्छा कौन जानेगा। नवादा, गयाजी, नालांदा, औरंगाबाद, जहानबाद या अरवल हो, इन सभी जगहों पर अद्भुद सामर्थ्य है। श्री कृष्ण बाबू ने बिहार के विकास की नींव रखी। यह धरती लोकनायक जयप्रकाश नारायण और भोला सिंह जैसे जनसेवकों की कर्मभूमि रही है। मगध पुरातन भारत की शान है। अब हमें मगध को और बिहार को फिर वही पुराना गौरव लौटाना है।

### भव्य महानाट्य 'विक्रमादित्य' की प्रस्तुति से बिखरी मनमोहक छटा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह की दूसरी संध्या सुर, संगीत और रंगमंच की अनोखी शाम बनी। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी ने अपनी सुरीली आवाज़ में भोलेनाथ के भजनों से वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा स्थल गूंज उठा। इसके बाद मंच पर 150 कलाकारों ने मिलकर भव्य महानाट्य 'विक्रमादित्य' की मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उपस्थित कलाकारों का अभिनंदन कर इस आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

**पचमढ़ी में** कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग शुरू, पहला दिन

### 'जमीन पर बैठकर' गांधी की विचारधारा का पाठ पढ़ा

**प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी भी ट्रेनिंग में हुए शामिल**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

10 दिन तक चलने वाले कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन जिला अध्यक्षों को महात्मा गांधी की विचार धारा के बारे में मास्टर ट्रेनर सचिन राव ने जानकारी दी। राव ने कहा कि सरकार से लड़ने के लिए पहले संगठन को मजबूत बनाना होगा। कांग्रेस की ट्रेनिंग टीन के शेड में रखी गई। सभी को जमीन पर बैठाकर ही ट्रेनिंग दी गई।



राहुल गांधी को साथ पाकर ग्रामीण खुश दिखे

### मुकेश सहनी संग पोखर में मछली पकड़ने कूदे राहुल

**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अमिता भूषण के समर्थन में परना के सोना चिमनी ग्राउंड में सभा को संबोधित किया। भाषण के बाद राहुल गांधी ने स्थानीय युवाओं की गुजारिश पर पोखर में मछली पालन देखने का आग्रह स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने नौकायन का आनंद लिया और युवाओं के साथ मछली पकड़ने के लिए पोखर में कूद गए।

### अंतरिक्ष में भारतीय सेना की नई ताकत



**इसरो ने बाहुबली रॉकेट से लॉन्च किया नौसेना का उन्नत सैटेलाइट**

***नई दिल्ली।*** *भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 4,400 किलोग्राम से अधिक वजन वाले कम्युनिकेशन सैटेलाइट को रविवार को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। यह लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई। सैटेलाइट को सफलतापूर्वक उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया गया। इससे पहले क्रायोजेनिक स्टेज इग्नाइट हुआ था।*

**मौलाना ने** कमरे में छिपा रखे थे

### खंडवा में मदरसे में मिले 20 लाख रुपए के नकली नोट

***महाराष्ट्र में दो आरोपी दबोचे गए थे***

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा**

जावर थाना क्षेत्र के ग्राम पैठियां स्थित एक मदरसे में बड़ी मात्रा में नकली नोट मिलने से हड़कंप मच गया। मस्जिद में इमाम के रूप में तैनात जुबेर पिता अशरफ अंसारी के कमरे से नकली नोटों के बंडल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने नोटों की गिनती की तो 19 लाख 78 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए गए। मामले का खुलासा तब हुआ जब मालेगांव पुलिस ने नकली नोटों के साथ जुबेर और उसके साथी नजीम अकम अयूब अंसारी को 10 लाख के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था।



पुलिस टीम जांच करते हुए

**मंत्री ने** लाइव आकर यू ट्यूबर को दी चेतावनी

### यदि छवि बिगाड़ी तो पुलिस उठाएगी भी और पीटेगी भी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**



जिले के जबेरा विधायक और पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रविवार सुबह फेसबुक पेज पर लाइव आकर ऐसे लोगों को चेतावनी दी है जो उनकी और अन्य जनप्रतिनिधियों की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि जो बिना किसी तथ्य के छवि बिगाड़ने का प्रयास करेगा, पुलिस उसे उठाएगी भी और पीटेगी भी। गलत करोगे तो कानून के अनुसार कार्रवाई होगी।

**यू ट्यूबर ने मंत्री पर लगाया था शराब माफिया से मिले होने का आरोप, गिरफ्तार**






**सीएम डॉ. यादव ने मधुवनी जिले के फुलपरास व पटना जिले की फतुहा विधानसभा में रोड शो को संबोधित किया**



बिहार के मधुवनी जिले में संबोधित करते हुए सीएम

### यह परिवारवाद बनाम राष्ट्रवाद की लड़ाई, भाजपा में हर जाति, समाज व वर्ग के लोगों को समान अवसर

**कांग्रेस को महिलाओं के सशक्तिकरण से जलन है पीएम ने दिया अधिकार और सम्मान**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के मधुवनी जिले के फुलपरास विधानसभा एवं पटना जिले की फतुहा विधानसभा में रोड शो को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का चुनाव दो विचारों के बीच है। एक ओर परिवारवाद, दूसरी ओर राष्ट्रवाद। कांग्रेस जैसी पार्टियां आज भी एक ही परिवार तक सीमित हैं, वहीं भाजपा हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का मौका देती है। मैं खुद इसका उदाहरण हूं, न कोई सांसद, न विधायक का बेटा, केवल एक कार्यकर्ता था, लेकिन पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बनने का अवसर दिया। यही सच्चा लोकतंत्र है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो जाति या परिवार के आधार पर नहीं, बल्कि कार्य और योग्यता के आधार पर अपने कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाती है।

**पीएम मोदी ने देशसेवकों को दिया भारत रत्न सम्मान**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रत्यासियों के साथ

### कांग्रेसियों को ऐसा लगा कि जैसे उनकी जेब कट गई

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब एनडीए सरकार ने महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपए की सहायता राशि दी, तब कांग्रेसियों को ऐसा लगा जैसे उनकी जेब कट गई हो। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि जो लोग दशकों तक माताओं-बहनों को सिर्फ वोट बैंक समझते रहे, अब जब उनके हाथ में आर्थिक ताकत आ रही है, तो उन्हें तकलीफ हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार गरीब, किसान और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।

बिहार विधानसभा चुनाव पर कानपुर में बोले सीईसी ज्ञानेश कुमार

# हिंसा बर्दाश्त नहीं, आयोग के लिए सभी दल एक समान, पारदर्शिता का दिलाया भरोसा

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कार्यक्रम में पहुंचे, जिन्होंने बिहार चुनाव पर बात की। उन्होंने कहा बिहार चुनाव में, राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से चुनाव लड़ रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है।

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर में माथुर वैश्य समाज की ओर से आर्य नगर स्थित स्पोर्ट्स हब में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भी पहुंचे, जिन्होंने बिहार चुनाव पर बात की। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में, हर राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से चुनाव लड़ रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए कोई सत्ता पक्ष या विपक्ष नहीं है। सभी समान हैं।छ मैं बिहार के सभी मतदाताओं से अपील करता हूं। चुनाव के इस उत्सव को हम सब मिलकर मनाएं और वोट डालने जरूर आएं।चुनाव आयोग यह स्पष्ट करना चाहता है कि हिंसा के प्रति उसकी जीरो टॉलरेंस नीति है। हिंसा की कोई भी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम मतदाता अपनी इच्छानुसार शांतिपूर्वक और पारदर्शी तरीके से मतदान कर पाएं। चुनाव आयोग इसके लिए पूरी तरह तैयार है। बिहार के ये चुनाव न केवल पारदर्शिता, बल्कि दक्षता, सादगी और उत्सवपूर्ण माहौल का उदाहरण बनेंगे।

**हमारे लिए कोई सत्तापक्ष या विपक्ष नहीं**

माथुर वैश्य समाज की ओर से आर्य नगर स्थित स्पोर्ट्स हब में सम्मान


कानपुर। आयोजन में सीईओ ज्ञानेश कुमार ने शिरकत की।

## बिहार में चुनावी बवाल पर भड़के

बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ और सशक्त संदेश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव आयोग किसी भी राजनीतिक दल के साथ पक्षपात नहीं करता। सभी दल उसके लिए एक समान हैं। इस अपील के जरिए आयोग ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और उत्सवपूर्ण मतदान की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'बिहार चुनाव में हर राजनीतिक दल अपने-अपने अंदाज में प्रचार कर रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है। मैं दोबारा साफ कर देना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए न सत्ता पक्ष है, न विपक्ष। सभी पार्टियां बराबर हैं।' यह बयान राजनीतिक दलों के बीच बढ़ती तनातनी के बीच आयोग की निष्पक्षता को रेखांकित करता है।

मतदाताओं से की विशेष अपील

## चुनाव को उत्सव बनाएं, वोट जरूर डालें




मुख्य चुनाव आयुक्त ने बिहार के सभी मतदाताओं से दिली अपील की कि वे लोकतंत्र के इस पर्व को पूरे उत्साह से मनाएं। उन्होंने कहा, 'मैं बिहार के हर मतदाता से अनुरोध करता हूं। आइए, चुनाव के इस उत्सव को हम सब मिलकर सजाएं और वोट डालने जरूर पहुंचें।' कुमार को पूरा विश्वास है कि लोग बड़ी तादाद में मतदान केंद्रों पर आएंगे। उन्होंने कहा कि 'मुझे उम्मीद है कि मतदाता भारी संख्या में वोट डालेंगे।

## हिंसा पर जीरो टॉलरेंस कोई समझौता नहीं

चुनाव आयोग ने हिंसा के खिलाफ अपनी सख्त नीति को दोहराया। ज्ञानेश कुमार ने चेतावनी दी कि आयोग की हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। कोई भी हिंसक घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम मतदाता शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अपनी मर्जी से वोट डाल सके, यही हमारा लक्ष्य है। यह कदम चुनावी सरगर्मियों के बीच सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने की दिशा में अहम है।

# आरजेडी की सरकार बनी तो राज्य में खुल जाएंगे अपहरण, रंगदारी, और खून के 3 नए मंत्रालय, लोगों को जंगलराज से बचना होगा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुजफ्फरपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरजेडी और लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला। शाह ने लालू यादव के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए मतदाताओं से बिहार को इससे बचाने के लिए मतदान करने की अपील की। शाह ने लालू प्रसाद यादव के बेटे के मुख्यमंत्री बनने की संभावना पर तंज कसते हुए कहा कि अगर आरजेडी सत्ता में आती है, तो राज्य में 3 नए मंत्रालय खुलेंगे। एक बनेगा अपहरण को चलाने वाला मंत्री। दूसरा बनेगा रंगदारी का मंत्री। तीसरा अपहरण और खून को बढ़ावा देने वाला मंत्री। उन्होंने बिहार की जनता को याद दिलाते हुए कहा कि हमने जंगलराज से आजादी दिलाई।

**न तेजस्वी सीएम बन सकते, न राहुल पीएम**

**तेजस्वी पर संकेतों में कसा तंज**

लोगों से अपील की यहां एनडीए के पक्ष में ही मतदान


मुजफ्फरपुर। लोगों को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

शाह ने लालू और सोनिया गांधी दोनों पर परिवारवाद को बढ़ावा देने और देश की चिंता न करने का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोनों के बेटों के लिए सत्ता की सीट खाली नहीं है। लालू और सोनिया को देश की चिंता नहीं है। लालू की इच्छा है उनका बेटा सीएम बने और सोनिया चाहती हैं उनका बेटा (राहुल गांधी) पीएम बने। लेकिन न बिहार में सीट खाली है न ही दिल्ली में।

## जंगलराज वाले कपड़ा, चेहरा बदल लोगों के बीच फिर से आ रहे

शाहने राजद के शासनकाल की याद कराते हुए उसे जंगलराज बताया। आप अपना वोट किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए मत दीजिएगा, बल्कि अपना वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए दीजिएगा। उन्होंने कहा कि 'जंगलराज' वाले कपड़ा और चेहरा बदलकर लोग फिर से आ रहे हैं। कशाह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपना वोट किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए मत दीजिएगा, बल्कि अपना वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए दीजिएगा।

### घोषणा पत्र का भी किया जिक्र

शाह ने एनडीए के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि हमने घोषणा पत्र में यह तय किया है कि बिहार के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी और हर जिले में मेगा स्किल सेंटर बनाया जाएगा। पीएम किसान के तहत किसानों को मोदी सरकार से मिलने वाली 6,000 की राशि को बढ़ाकर 9,000 किया जाएगा। बिहार सरकार 3,000 रुपए और जोड़ेगी और अब किसानों को सालाना 9,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि 50 लाख गरीबों के पक्के मकान बनाए जाएंगे तथा गरीब छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।



**आरजेडी गुंडागर्दी कर चुनाव कर रही प्रभावित**

भाजपा नेता मनोज तिवारी ने ट्वीट किया है कि जब वे डुमरांव अरियांव ब्रह्म बाबा स्थान पर प्रत्याशी राहुल सिंह के साथ रोड शो कर रहे थे, तभी आरजेडी समर्थकों ने उन पर हमला करने की कोशिश की। वे बताते हैं कि लोग उनके स्वागत के लिए वहां मौजूद थे, लेकिन अचानक आरपजेडी के नारे लगाते हुए कुछ लोग हिंसक हो गए। मनोज तिवारी ने कहा कि टकराव बढ़ने से बचाने के लिए उन्होंने अपनी टीम की गाड़ियों को तेजी से चलाकर वहां से निकलना बेहतर समझा। उनका सवाल है कि चुनाव प्रचार के दौरान आरजेडी की ये गुंडागर्दी क्यों हो रही है और यह सही नहीं है।

पीएम-सीएम से पॉल्यूशन पर बोलीं प्रियंका

# राजनीतिक मजबूरियों से ऊपर उठकर एकजुट हों 'माननीय'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर चिंता जताई है। प्रियंका ने कहा कि पहले वायनाड और फिर बिहार के बछवाड़ा से दिल्ली की हवा में लौटना वाकई परेशान करने वाला है। इस शहर को प्रदूषण ने मानो उस पर एक धुएं और ग्रे रंग का चादर डाल दिया हो। आगे उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब अपनी राजनीतिक मजबूरियों की परवाह किए बिना एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कुछ कदम उठाएं।



प्रियंका ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएंगे, हम सब उनका समर्थन और सहयोग करेंगे। साल दर साल दिल्ली के नागरिक इस ज़हरीलेपन का शिकार होते हैं। इस गंदी धुंध को दूर करने के लिए तुरंत काम करने की जरूरत है। प्रियंका ने इस मामले पर तुरंत कदम उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम रेखा गुप्ता से अपील की है।

पूर्व सीजेआई रमना का बड़ा खुलासा

# मुझे मजबूर करने परिवार पर दर्ज कराए गए थे केस


एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

पूर्व सीजेआई एनवी रमना ने वीआईटी- एपी यूनिवर्सिटी के 5वें कॉन्वोकेशन में कहा कि आप सभी जो यहां मौजूद हैं, आप में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि कैसे मेरे परिवार को टारगेट किया गया और उनके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किए गए। यह सब सिर्फ मुझे मजबूर करने के लिए किया गया था, और मैं अकेला नहीं था। पूर्व चीफ जस्टिस ने कहा है कि उन्हें मजबूर करने के लिए उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किए गए थे। जस्टिस रमना ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार का नाम लिए बिना कहा कि न्यायपालिका के वे सदस्य भी जिन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों का पालन किया।



**कोर्ट और कानून का राज स्टेबिलिटी का सहारा बने**

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, जब कई पॉलिटिकल लीडर कोई स्टैंड लेने या चुप रहने में हिचकिचा रहे थे, यह देश के जज, वकील और कोर्ट थे जो अपने कॉनस्टिट्यूशनल वादे पर डटे रहे। सरकारें भले ही बदल जाएं, कोर्ट और कानून का राज स्टेबिलिटी का सहारा बने रहते हैं। और कानून का राज तभी बचता है जब लोग पब्लिक में अपना भरोसा दिखाते हैं, सुविधा के लिए अपनी ईमानदारी छोड़ने से मना करते हैं।




तेज गति से बढ़ा लक्ष्य की ओर

### अब दुश्मनों के लिए खड़ी होंगी तमाम चुनौतियां

# अंतरिक्ष में भारतीय सेना की नई ताकत, इसरो ने बाहुबली रॉकेट से लॉन्च किया नौसेना का सैटेलाइट

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के लिए सीएमएस-03 (जीएसएटी-7आर) कम्युनिकेशन सैटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। ये सैटेलाइट नौसेना का अब तक का सबसे एडवांस्ड (उन्नत) सैटेलाइट है। इससे नौसेना की स्पेस-बेस्ड कम्युनिकेशन (अंतरिक्ष से संचार) और समुद्री इलाके की निगरानी (मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस) की क्षमता मजबूत हो जाएगी।


सैटेलाइट के लॉन्च होने से पहले कुछ इस तरह का दृश्य था।

## सीएमएस-03 (जीएसएटी-7आर) क्या है ये सैटेलाइट

जीएसएटी-7आर एक कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, यानी ये संचार का माध्यम बनेगा। ये पूरी तरह से भारत में ही डिजाइन और बनाया गया है। ये सैटेलाइट नौसेना के जहाजों, हवाई जहाजों, पनडुब्बियों और समुद्री ऑपरेशंस सेंटर्स के बीच तेज और सुरक्षित संचार करेगा। सबसे खास बात ये है कि ये भारत का अब तक का सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट है। इसका वजन लगभग 4400 किलोग्राम है। इसमें कई देसी तकनीक वाले पार्ट्स लगे हैं, जो खास तौर पर नौसेना की जरूरतों के लिए बनाए गए हैं। ये आत्मनिर्भर भारत का एक बड़ा उदाहरण है, जहां हम अपनी ही तकनीक से मजबूत हो रहे हैं। आने वाले समय में इसके बेहद सार्थक परिणाम आएंगे।

### शाम 5.26 बजे लॉन्च

ये सैटेलाइट 2 नवंबर 2025 को सतीश धवन स्पेस सेंटर (एसडीएससी-एसएचएआर) श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) के दूसरे लॉन्च पैड से शाम 5:26 मिनट पर लॉन्च होगा। इसरो का ये सेंटर रॉकेट लॉन्च करने के लिए मशहूर है। इसरो के वैज्ञानिकों ने इसे महीनों की मेहनत से तैयार किया है।

## सैटेलाइट की तकनीकी खासियतें

### वजन और आकार

❑ 4400 किलोग्राम वजन वाला ये सैटेलाइट भारत का सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट है. इससे पहले के सैटेलाइट इससे हल्के थे।

### मिलेगा नेटवर्क

❑ इस सैटेलाइट के अंदर के संचार उपकरण हैं। ये आवाज (वॉइस), डेटा और वीडियो लिंक को कई तरह के बैंड्स (फ्रीक्वेंसी रेंज) पर सपोर्ट करेंगे। मतलब, नौसेना के लोग जहाज पर हो या हवा में, आसानी से बातचीत कर सकेंगे।

### कवरेज एरिया

❑ ये भारतीय महासागर क्षेत्र में मजबूत टेलीकम्युनिकेशन कवरेज देगा। यानी, हिंद महासागर के बड़े हिस्से में सिग्नल मजबूत रहेगा।

### डेटा करेगा ट्रांसफर

❑ ये सैटेलाइट ज्यादा डेटा ट्रांसफर करेगा। इससे जहाजों, विमानों, पनडुब्बियों और कंट्रोल सेंटर्स के बीच सुरक्षित और बिना रुकावट वाला कनेक्शन बनेगा। इन सबके कारण नौसेना को समुद्र में अपनी मौजूदगी और मजबूत होगी। अगर कोई खतरा आए, तो तुरंत जानकारी मिल जाएगी।

## आगे की क्या है योजना

जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर आर्बिट (जीटीओ) में स्थापित उपग्रह में लगा इंजन इसे जियोस्टेशनरी आर्बिट में ले जाएगा। ये आर्बिट भूमध्य रेखा से 35,786 किलोमीटर ऊपर स्थित है। यहां उपग्रह एक ही जगह स्थिर होता है और धरती के साथ-साथ घूमता है। इससे ये 24 घंटे की कवरेज दे सकता है। माना जा रहा है कि ये उपग्रह अगले 15 वर्षों तक सेवा में रह सकता है।

### आत्मनिर्भरता

ये सैटेलाइट 100% भारतीय तकनीक से बना है। इससे हम विदेशी सैटेलाइट्स पर निर्भर नहीं रहेंगे।


कड़ी मेहनत से तैयार हुआ था सैटेलाइट।

## डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसरो की सराहना की

*जटिल होती सुरक्षा चुनौतियों के इस युग में जीसैट-7आर आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलते हुए उन्नत प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग कर राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के भारतीय नौसेना के अटूट संकल्प का प्रतीक है।इसरो ने अपने मिशन के बारे में एक अपडेट में कहा, सीएमएस-03 सफलतापूर्वक लॉन्च हुआ। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसरो की इस नवीनतम उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "इसरो टीम को बधाई। भारत का बाहुबली एलवीएम3-एम5 मिशन के सफल प्रक्षेपण के साथ आसमान में उड़ान भर रहा है। 'बाहुबली,' जैसा कि इसे लोकप्रिय रूप से जाना जाता है, एलवीएम3-एम5 रॉकेट सीएमए-03 संचार उपग्रह को ले जा रहा है, जो भारतीय धरती से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में प्रक्षेपित किया गया अब तक का सबसे भारी उपग्रह है। इसरो एक के बाद एक सफलताएं लिख रहा है। सरकार के अटूट समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद।*





रेडी टू मूव के लिए तैयार सेटेलाइट।

## भारतीय नौसेना के लिए महत्वपूर्ण

*आज के समय में समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां बहुत बढ़ गई हैं। चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की वजह से हिंद महासागर में तनाव रहता है। जीएसएटी-7आर नौसेना को अंतरिक्ष से नजर रखने और तुरंत कार्रवाई करने की ताकत देगा। नौसेना के चीफ ने कहा है कि ये सैटेलाइट राष्ट्र की समुद्री हितों की रक्षा के लिए एक बड़ा कदम है।*

### संचार मजबूत

*पहले सैटेलाइट्स से कम्युनिकेशन सीमित था। अब ये ज्यादा तेज और सुरक्षित होगा।*

### निगरानी बढ़ेगी

*समुद्री इलाके में दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखना आसान हो जाएगा।*

## पहले भी इसरो ने रचा है इतिहास

*इससे पहले नासा इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार यानी निसार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया। निसार सिर्फ एक पृथ्वी की कक्षा में स्थापित एक और ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट नहीं है और बल्कि यह टेक्नोलॉजी का एक ऐसा चमत्कार है जिसे आज से पहले दुनिया ने कभी नहीं देखा था। ऐसे समय में जब धरती क्लाइमेट चेंज से गुजर रही है तो निसार कई तरह की जानकारियां मुहैया करा रहा है। वैज्ञानिकों, क्लाइमेट रिसर्चर्स और डिजास्टर मैनेजर्स के लिए यह एकदम किसी सपने के सच होने जैसा है। इसरो ने आदित्य एल 1 मिशन को लॉन्च किया था, जो सूर्य और सौर गतिविधियों का अध्ययन करने वाला भारत का पहला सौर मिशन है। इन सफलताओं ने भारत को पृथ्वी और अंतरिक्ष के पर्यावरणीय अध्ययन में एक अग्रणी भूमिका में ला खड़ा किया है, और निसार जैसे अंतरराष्ट्रीय सहयोगी मिशन के लिए मजबूत आधार तैयार किया। इसरो ने दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक डॉक कराकर भारत को दुनिया का चौथा देश बना दिया। इससे पहले 2017 में इसरो ने एक ही मिशन में 104 उपग्रहों को लॉन्च करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था।*

### अंतरिक्ष में अपनी जगह और मजबूत कर रहा है भारत

*भारत ने बीते कुछ वर्षों में अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से लेकर आदित्य-एल1 मिशन तक, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने वैश्विक मंच पर अपनी वैज्ञानिक क्षमता का लोहा मनवाया है। अब भारत न केवल पृथ्वी की कक्षा में उपग्रह भेजने में माहिर है, बल्कि गहरे अंतरिक्ष अभियानों में भी अपनी महारत हासिल करने में लगा है। प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी, अंतरिक्ष स्टार्टअप्स का उभार और वैश्विक सहयोग ने भारत को एक उभरती हुई अंतरिक्ष महाशक्ति के रूप में स्थापित किया है।*


## खबर संक्षेप

### सऊदी सरकार का वीजा सिस्टम में बड़ा बदलाव



**रियाद।** सऊदी अरब सरकार ने अपने वीजा सिस्टम में अहम बदलाव किया है। रियाद ने तेज, सरल और अधिक समावेशी डिजिटल वीजा प्रणाली शुरू की है, जिसे सऊदी अरब की यात्रा को पहले से कहीं अधिक आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। सऊदी अरब ने अपने आधिकारिक केएसए वीजा प्लेटफॉर्म का नया पायलट संस्करण जारी किया है।

### 7 हजार से ज्यादा की मौत, ट्रंप ने दी चेतावनी



**वॉशिंगटन।** नाइजीरिया में जनवरी से 10 अगस्त तक धार्मिक हिंसा बढ़ने के कारण 7,000 से अधिक ईसाइयों की हत्या कर दी गई है। इन हत्याओं के बीच बोको हरम और फुलानी एक्सट्रीमिस्ट जैसे आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा कि जरूरत पड़ी, तो गन के साथ नाइजीरिया में कार्रवाई होगी।

### यूक्रेन ने रूस पर किया बड़ा ड्रोन हमला

# तुआप्से बंदरगाह पर हुए हमले से रूस को हुआ भारी नुकसान,चौतरफा आग

एजेंसी ▶▶ कीव/मॉस्को

यूक्रेन ने रविवार रात को रूस पर बड़ा ड्रोन हमला किया है। यूक्रेन ने रूस के काला सागर में स्थित तुआप्से बंदरगाह और तेल टैंकर को निशाना बनाया है। रात भर चले यूक्रेनी ड्रोन हमलों में बंदरगाह जल गया है। यूक्रेन का यह हमला हाल में किए गए बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है।

**» 28 लाख टन डीजल और 16 लाख टन गैसोलीन की आपूर्ति करता है प्लांट**

**» पहले तेल पाइप लाइन को बनाया था निशाना**


बंदरगाह पर आग ही आग दिखाती एआई द्वारा बनाई गई तस्वीर।

## यूक्रेन ने लिया रूस से बदला

यूक्रेन का यह हमला हाल ही में उसके पूर्वी क्षेत्र में सैन्य उपकरणों की सप्लाई मार्ग वाले पुल को उड़ाये जाने के बाद किया गया है। कहा जा रहा है कि यह हमला यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं द्वारा किया गया था, जो रूस के क्रास्नोदार क्राय क्षेत्र में एक बड़े पैमाने पर चलाए गए ड्रोन अभियान का हिस्सा था। हाल के महीनों में कीव ने अपने हमलों की तीव्रता बढ़ा दी है, ताकि रूस की ईंधन आपूर्ति और सैन्य रसद तंत्र को बाधित किया जा सके।

### आसमान में हुए भीषण विस्फोट

इस भयानक ड्रोन हमले के चलते रूस के आसमान में चमकते विस्फोटों की झिलमिलाहट ने समुद्र के शांत पानी को भी लाल कर दिया। बंदरगाह के जो मजदूर कुछ देर पहले तक अपने रात्रि शिफ्ट के काम में व्यस्त थे, अचानक धुएं और आग की लपटों के बीच जीवन संघर्ष की दौड़ में शामिल हो गए।


### रूस ने पानी में उतार दिया सबसे खतरनाक हथियार

यूक्रेन के साथ जारी जंग के बीच ही रूस ने पिछले दिनों पोसाइडन और ब्यूरवेस्टनिक को लॉन्च किया था। अब उसने एक खतरनाक हथियार को पानी में उतार दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने एक नई परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की है। इस पनडुब्बी को पोसाइडन को पानी के अंदर ले जाने के मकसद से डिजाइन किया गया है।

# मेक्सिको के सुपरमार्केट में आग, बच्चों समेत 23 की मौत

एजेंसी ▶▶ हर्मोसिलो

मेक्सिको के सोनारा राज्य में भीषण आग ने त्योहारी खुशी को मातम में बदल दिया। जब हर्मोसिलो शहर के एक डिस्काउंट स्टोर में लगी आग से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब देश भर में 'डे ऑफ द डेड' उत्सव मनाया जा रहा था। एक ऐसा पारंपरिक पर्व जिसमें परिवार अपने दिवंगत प्रियजनों को याद करते हैं। रंग-बिरंगे जुलूस और मोमबत्तियों के बीच यह हादसा उत्सव को त्रासदी में बदल गया। सोनारा राज्य के अटॉर्नी जनरल गुस्तावो सालास ने बताया कि अधिकांश मौतें जहरीली गैसें सांस में लेने से हुईं, क्योंकि आग लगने के बाद धुआं तेजी से पूरे स्टोर में फैल गया। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम ने शवों का परीक्षण शुरू कर दिया है।




## नोएडा के अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन फटने से धमाका

### जरा भी लापरवाही ले सकती थी कई की जान समय रहते हुई कार्रवाई

# वार्ड में धुआं फैलने से मची अफरा तफरी, सप्लाई रुकने से 8 मरीजों की हालत बिगड़ी, शिफ्ट किया

*नोएडा के निजी अस्पातल में ऑक्सीजन लाइन फटने के चलते सप्लाई रुक गई। ऐसे में अस्पताल के आईसीयू में भर्ती आठ मरीजों की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन मरीजों को दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया।*

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा के सेक्टर 66 स्थित निजी अस्पताल में रविवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास अचानक ऑक्सीजन पाइप फटने से अफरा-तफरी मच गई। लाइन फटने से हुई तेज आवाज और धुआं होने से सभी मरीज बाहर की ओर भागने लगे। वहीं, दूसरी ओर लाइन फटने से गंभीर मरीजों को दी जा रही ऑक्सीजन सप्लाई भी बाधित हो गई, इससे कुछ देर के लिए मरीजों को ऑक्सीजन न मिलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, इस मामले को लेकर मौके पर फेस 3 थाने की पुलिस पहुंची। अस्पताल प्रबंधन ने मौके पर आइसीयू में भर्ती मरीजों को पास के अस्पताल में एंबुलेंस के सहारे शिफ्ट किया गया। आनन-फानन पांच मरीजों को शिफ्ट किया गया।

### गनीमत रही समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया


अस्पताल के बाहर का दृश्य।

### मरीजों को शिफ्ट किया

गंभीर मरीजों को भी दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया गया। इतनी देर में सभी मरीजों के परिजनों को भी जानकारी दी गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार करीब आईसीयू में भर्ती आठ मरीजों को शिफ्ट किया गया।

### तत्काल पहुंची दमकल टीम

आज फायर स्टेशन फेस-3 पर ममूरा स्थित निजी अस्पताल में ब्लास्ट होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि ऑक्सीजन लाइन में लीकेज होने के कारण माइनर ब्लास्ट हुआ था जिस कारण मरीजों को तत्काल एक वार्ड से दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया था। कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है न ही किसी प्रकार की कोई आगजनी हुई है। मौके पर शांति व्यवस्था स्थापित है।

# मप्र में तीन सेक्टर में पीएमश्री हेली सर्विस शुरू, मप्र को मिली अनुपम सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के 70 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा की अनुपम सौगात मिली है। इससे पर्यटकों को पैकेज के रूप में सभी तरह की सुविधाएं मिलेंगी। शुरुआती चरण में प्रदेश के 3 सेक्टर में पीएम श्री हेली सर्विस शुरू की जा रही है। भोपाल से मढ़ई-पचमढ़ी, इंदौर से उज्जैन-ओंकारेश्वर और जबलपुर से कान्हा-बांधवगढ़ सेक्टर पर पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे परिसर में आयोजित विशेष समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अभी भोपाल से सड़क मार्ग से पचमढ़ी जाने में साढ़े 5 घंटे लगते है, नई पीएमश्री हेली सर्विस से पर्यटक सिर्फ 45 से 50 मिनट में पचमढ़ी पहुंच सकेंगे। पीएम श्री पर्यटन हेली सर्विस जबलपुर से कान्हा और बांधवगढ़ को लिंक करेगी। इंदौर से उज्जैन और ओंकारेश्वर के बीच हेलीकॉप्टर सेवा से एक दिन में दोनों ज्योतिर्लिंग के दर्शन हो जाएंगे। बाबा महाकाल की नगरी में प्रदेश का 9 वां एयरपोर्ट विकसित किया जाएगा।

### राजा भोज एयरपोर्ट में उन्नयन कार्यों का भी हुआ शुभारंभ


पीएमश्री हेली सर्विस शुभारंभ अवसर पर उद्‌बोधन देते सीएम।

### आयुष्मान कार्ड से नागरिकों को निःशुल्क एयर एंबुलेंस सर्विस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू कहते हैं कि मप्र में एविएशन सेक्टर की अपार संभावनाएं हैं। पीएमश्री एंबुलेंस देश में सबसे पहले मप्र में संचालित हो रही हैं। एयर एंबुलेंस के माध्यम से गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर इलाज उपलब्ध हो रहा है। आयुष्मान कार्ड से नागरिकों को निःशुल्क एयर एंबुलेंस सर्विस सेवा का लाभ ले रहे हैं। गैर आयुष्मान कार्ड धारकों को पेड सर्विस भी दी जा रही है। सतना जैसे छोटे शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ा गया है। यहां से छोटे प्लेन संचालित किए जा रहे हैं।

### रीवा से इंदौर के बीच 20 नवंबर से इंडिगो की सीधी हवाई सुविधा

मप्र में पहली बार इंट्रा स्टेट एविएशन सर्विस की शुरुआत हुई है। रीवा से इंदौर के बीच 20 नवंबर से इंडिगो की सीधी हवाई सुविधा मिलेगी। रीवा से दिल्ली हवाई सेवा भी पूर्वी मध्यप्रदेश के लिए अद्भुत सौगात है। हमारी सरकार बनने के बाद प्रदेश में 3 नए एयरपोर्ट रीवा, सतना और दतिया में शुरू किए गए। बदलते दौर में रीवा तेजी से विकास करने वाला नगर बना है।

### अभी तक 10 हजार से अधिक पर्यटक कर चुके हैं यात्रा

अपर मुख्य सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि अभी तक 10 हजार से अधिक पर्यटक यात्रा कर चुके है। मप्र भौगोलिक दृष्टि से बड़ा राज्य है। इसलिए प्रदेश में एयर कनेक्टीविटी को बढ़ाते हुए पीएमश्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। देश में इंट्रा स्टेट एयर कनेक्टीविटी स्थापित करने वाला मप्र पहला राज्य है। इस योजना से प्रदेश में पर्यटन को नई गति मिलेगी।

#### *इन 3 प्रमुख सेक्टरों में होगा संचालन*

*मप्र के प्रमुख पर्यटक स्थलों, धार्मिक स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों के मध्य हवाई यात्रा को सुलभ बनाने के लिए 3 सेक्टरों में प्रादेशिक हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाय की जाएगी।*

***सेक्टर-1** में- इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मांडू, महेश्वर, गांधीसागर, मंदसौर,, नीमच, हनुवंतिया, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, नलखेड़ा, भोपाल और जबलपुर के बीच सेवा संचालित की जाएगी।*

***सेक्टर-2** में- भोपाल, मढ़ई, पचमढ़ी, तामिया, छिंदवाड़ा, सांची, इंदौर, दतिया, दमोह, ग्वालियर, शिवपुरी, कूनो (श्योपुर), ओरछा, गुना, राजगढ़, सागर, होशंगाबाद, बैतूल, टीकमगढ़ और जबलपुर के बीच सेवा संचालित की जाएगी।*


***सेक्टर-3** में- जबलपुर, बांधवगढ़, कान्हा, चित्रकूट, सरसी, परसुली, मैहर, सतना, पन्ना, खजुराहो, कटनी, रीवा, सिंगरौली, अमरकंटक, सिवनी, सीधी, मंडला, पेंच, डिंडौरी, भोपाल और इंदौर के बीच हेलीकॉप्टर सेवा संचालित की जाएगी।*

---

### मध्यप्रदेश के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' का शुभारंभ

# मप्र लगातार गढ़ रहा विकास के नए पैमाने पिछले दो वर्षों में हुए विकास के कई कार्य

*मुख्यमंत्री ने किया लाल परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' को संबोधित, कहा-दो वर्ष में विकास के अनेक असंभव कार्य पूर्ण हुए हैं।*



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।


अभ्युदय कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पिछले दो वर्ष में प्रदेश में विकास के कई ऐसे कार्य पूर्ण हुए हैं, जो असंभव माने जाते थे। मप्र विकास के नए पैमाने गढ़ रहा है। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना का कार्य तेजी से हो रहा है। औद्योगिक विकास दर उल्लेखनीय 24% प्राप्त की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को लाल परेड ग्राउंड में मप्र स्थापना दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो टाइगर रिजर्व भोपाल वन विहार और माधव नेशनल पार्क शिवपुरी हैं। यही नहीं नौ टाइगर रिजर्व अभयारण्य प्रदेश में हैं। प्रदेश में ओंकारेश्वर में 27वां अभयारण्य शुरू हो रहा है, जिसका क्षेत्र खंडवा और देवास जिलों में रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश को अनेक सौगातें मिली हैं।

### उज्जैन में आए 7 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में विरासत के संरक्षण के साथ विकास का कार्य हो रहा। सांस्कृतिक अनुष्ठान जारी है। उज्जैन में 7 करोड़ से अधिक पर्यटक और श्रद्धालु आए हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं। ओरछा और चित्रकूट प्रदेश के विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक आस्था के केंद्र हैं। चित्रकूट में 28 करोड़ से अधिक राशि से अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। पिछले 2 वर्ष में प्रदेश में तीन एयरपोर्ट दतिया, सतना और रीवा में प्रारंभ हुए हैं। आज उज्जैन की हवाई पट्टी के एयरपोर्ट के रूप में विकास के लिए एमओयू हुआ है।

### राज्य को मिली तीन अंतरर्राज्यीय परियोजनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तीन अंतर्राज्यीय सिंचाई परियोजनाएं प्रारंभ हुई है। केन-बेतवा, पार्वती-काली-सिंध-चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना और ताप्ती मेगा परियोजना के माध्यम से प्रदेश का विशाल क्षेत्र सिंचित होगा। पेयजल व्यवस्थाओं के साथ उद्योगों को भी पानी मिलेगा।

---

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत दिखाई झंडी

# मध्यप्रदेश के 4 जनजातीय बाहुल्य जिलों को 6 मोबाइल मेडिकल यूनिट का लाभः सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में प्रदेश में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं के विकास एवं विस्तार की सभी गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है।

**कहा, जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए कृत-संकल्पित**

इस अभियान में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश के दूरस्थ जनजातीय ग्रामों से जोड़ने के उद्देश्य से चलित चिकित्सालय इकाई - मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) का संचालन किया जा रहा है। यह प्रदेश के सभी जनजातीय अंचलों के समग्र एवं संतुलित विकास सहित स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की एक नई पहल है। डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से स्वास्थ्य विभाग द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 6 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाते सीएम डॉ. मोहन यादव।

#### *अब कुल 72 मोबाइल मेडिकल यूनिट होंगी संचालित*

*मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेश में पहले ही प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) के अंतर्गत 21 जिलों के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को घर पर निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित की जा रही है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के 4 जनजातीय बहुल जिलों यथा आलीराजपुर, खंडवा, धार और झाबुआ में 6 अतिरिक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट्स भेजी जा रही हैं। इस प्रकार अब प्रदेश में कुल 72 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित होंगी।*

## महाकवि कालिदास भारत ही नहीं, विश्व के सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों में शामिलः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि अवंतिका में जन्मे महाकवि कालिदास भारत ही नहीं, विश्व के सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों में शामिल हैं। वे भारतीय संस्कृति के तेजस्वी प्रतीक हैं। कालिदास की लेखनी में न केवल शब्दों का वैभव है, बल्कि उसमें भारतीय आत्मा की झलक भी है। कालिदास समारोह हमारे गौरवशाली सांस्कृतिक इतिहास का उत्सव है। महाकवि कालिदास की रचनाएं भारतीय संस्कृति और साहित्य की अनमोल धरोहर हैं। डॉ यादव शनिवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उज्जैन में आयोजित 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का वर्चुअल शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उज्जैन न केवल महाकाल की नगरी है, बल्कि कालिदास जैसे युगप्रवर्तक और काव्य साधक कवि की कर्मभूमि भी रही है।


वर्चुअल शुभारंभ करते सीएम।

यहां आयोजित कालिदास समारोह का हर वर्ष बढ़ता गौरव पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार महाकवि कालिदास के नाम पर आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के साहित्यिक आयोजन को और अधिक भव्यता और व्यापकता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। साहित्य और संस्कृति समाज को एकजुट करने का माध्यम मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि साहित्य और संस्कृति समाज को एकजुट करने का माध्यम हैं।

---

### मोदी ने फोन पर ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद शुक्ल से भी की बात

# पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का पीएम ने पूछा हालचाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को फोन कर पद्म विभूषण से सम्मानित पंडवानी लोक गायिका तीजन बाई का कुशलक्षेम पूछा। तीजन बाई पिछले दो वर्ष से लकवाग्रस्त हैं जिससे उनकी सेहत खराब बनी हुई है। पीएम मोदी ने पद्म भूषण व ज्ञानपीठ जैसे पुरस्कारों से सम्मानित साहित्यकार विनोद शुक्ल का भी हालचाल जाना।

उन्हें हाल ही में गिरने के कारण सर्जरी कराने की जरूरत पड़ी थी और फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती हैं।


तीजन बाई

तीजन बाई के परिजनों ने बताया कि जब फोन पर बताया गया कि प्रधानमंत्री खुद बात करना चाहते हैं तो वो लोग एकदम हैरान रह गए। अपनी लोकगायकी से पूरी दुनिया में ख्याति हासिल करने वाली तीजन बाई के परिजनों के मुताबिक, प्रधानमंत्री


विनोद शुक्ल

मोदी ने उनकी सेहत को लेकर चिंता जताई। वहीं अस्पताल में भर्ती विनोद शुक्ल से प्रधानमंत्री ने फोन पर सीधे बात की और उनकी सेहत के बारे में जानकारी ली। करीब डेढ़ मिनट की बातचीत के दौरान शुक्ल से कहा कि अगर कोई जरूरत हो तो बताएं।

### पुसौर थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी वाहन चालक फरार

# ट्रैक्टर की टक्कर में बाइक सवार की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के पुसौर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने मोटरसाइकिल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

खरसिया क्षेत्र के ग्राम दर्रामुड़ा गांव निवासी मोहन केवट अपने बेटे श्यामलाल केवट (35 साल) के अलावा गांव के एक अन्य ग्रामीण उसतराम केवट के साथ किसी काम के सिलसिले में कोतासुरा गांव जाने निकले थे। बाइक सवार तीनों ग्रामीण सुबह 10 बजे के आसपास जब तिलगी मोड़ के पास पहुंचे ही थे तभी पीछे की ओर से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर



मारते हुए तालाब में जा घुसा। इस दुर्घटना में बाइक सवार मोहन केवट की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं दो लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद से आरोपी चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया है। सड़क हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई थी। जिसके बाद मामले की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### 14 दिसंबर को छतरपुर में होगा फिनाले

# बुंदेली शेफ सीज़न 3 में 14 महिला प्रतिभागी क्वार्टर फाइनल की रेस में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

महिलाओं के लिए देश की पहली बुंदेली पाक कला पर आधारित ऑनलाइन प्रतियोगिता 'बुंदेली शेफ' ने अपने तीसरे संस्करण के साथ एक बार फिर पूरे बुंदेलखंड को स्वाद, सुगंध और संस्कृति के रंगों में रंग दिया है।

पहले ऑडिशन राउंड में चयनित 7 महिला प्रतिभागियों के बाद दूसरे ऑडिशन राउंड में भी 7 महिलाओं ने अपने हुनर से जजेस और दर्शकों का दिल जीत लिया। ऐसे में, अब 14 प्रतिभागी आगे की रेस में अपने हुनर का जादू चलाएंगी। प्रतिभागियों के हुनर परखने के लिए अनुभवी जज पैनल में बुंदेली शेफ सीज़न 1 की विजेता समिता, सीज़न 2 की विजेता ज़हीदा परवीन और आतिथ्य क्षेत्र में 20 वर्षों का अनुभव रखने वालीं मेघना शर्मा शामिल हैं, जो स्वाद, प्रस्तुति और नवाचार तीनों का बारीकी से आकलन कर रही हैं। इस ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता के पहले दो सीज़न की लोकप्रियता ने तीसरे सीज़न को और भी खास बना दिया।

---

### बना रहा था प्रेमिका से बात करने का दबाव, आरोपी फरार

# प्रेमी ने प्रेमिका की मां पर किया प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। ब्रेकअप से नाराज युवक ने अपनी पूर्व प्रेमिका की मां पर हथौड़े से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक और उसके साथी के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रायपुरा के गौरा चौक के यादवपारा निवासी आरती विश्वकर्मा की सोशल मीडिया पर पहचान दीपक अग्रवाल नामक युवक से हुई थी, जो देवेंद्र नगर का रहने वाला है। दोनों के बीच कुछ समय तक दोस्ती और प्रेम संबंध रहा, लेकिन परिजनों के विरोध के चलते युवती ने दीपक से दूरी बना ली थी।

परिवार के विरोध के बाद आरती ने दीपक के साथ रहने के लिए खम्हारडीह इलाके में किराए का मकान ले लिया था। इसी दौरान दीपक आए दिन उससे झगड़ा और मारपीट करने लगा। इससे परेशान होकर आरती ने उससे ब्रेकअप कर दिया और अपनी मां के पास वापस लौट आई। ब्रेकअप के बाद आरती ने दीपक का नंबर ब्लॉक कर नई सिम ले ली। इससे नाराज दीपक ने आरती की मां



से संपर्क कर बेटी से बात कराने का दबाव बनाया। इनकार करने पर उसने गाली-गलौज की और धमकियां भी दीं। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह जब आरती की मां काम पर जा रही थी, तभी दीपक अपने साथी के साथ वहां पहुंच गया और अचानक उसके सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद पीड़िता की बेटी आरती ने डीडीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी दीपक अग्रवाल और उसके साथी के खिलाफ धारा 307 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

### नगरीय विकास एवं आवास विभाग की शिकायतें पहुंची सीएम हेल्पलाईन

# शिकायतों की भरमार, अतिक्रमण-आवारा कुत्तों से भोपाल त्रस्त ग्वालियर, भोपाल, इंदौर और जबलपुर की शिकायतें भी अधिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नगर सरकार में ग्वालियर के नगरवासी सबसे ज्यादा परेशान हैं। पूरे मध्यप्रदेश में सीएम हेल्पलाईन पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग की सर्वाधिक 59 हजार शिकायतें इसी शहर से है। दूसरे नंबर पर भोपाल, फिर इंदौर और जबलपुर चौथे स्थान पर है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की पांच लाख 36 हजार 544 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। उज्जैन शहरी शिकायतों के मामले में पांचवें स्थान पर हैं। यहां 18 हजार शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में पहुंची है। सागर जिले में 17 हजार 486 शिकायतें पहुंची है। दस हजार से अधिक शिकायतों वाले शहरों में सागर, मुरैना, रीवा, सतना, भिंड, रतलाम, छतरपुर, शिवपुरी, गुना जैसे शहर

अरेरा कॉलोनी में आवारा कुत्ते।


शामिल है। राजधानी भोपाल जो शहरी क्षेत्रों में शिकायत के मामले में दूसरे नंबर पर है यहां 57 हजार 707 शिकायतें है। इंदौर में 54 हजार 704 और जबलपुर में 35 हजार 738 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। सीएम हेल्पलाईन में पहुंची शिकायतों में से 74 फीसदी शिकायतों का समाधान कर दिया गया है।

#### *आवारा कुत्तों के काटने के मामले में भोपाल आगे*

*यहां आवारा कुत्तों से जुड़ी 3448 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं भी सीएम हेल्पलाइन मामले में पांचवें स्थान पर है यहां सर्वाधिक भोपाल में हुई है। ग्वालियर में 1496 लोग आवारा कुत्तों से परेशान है, जिन्होंने आवारा कुत्तों से परेशानी की शिकायत की है। जबलपुर में ऐसी 1346 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। रतलाम में 623 और उज्जैन में 557, खंडवा में 439 लोग आवारा कुत्तों से परेशान है। इनके अलावा देवास, कटनी, रीवा, बुरहानपुर, सतना, मुरैना और सिंगराली में भी आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने सीधे सीएम हेल्पलाईन में शिकायतें की है।*

#### *आवारा पशुओं से ग्वालियर में परेशानी*

*आवारा पशु, गाय-बैल, भैंस से ग्वालियर के लोग सर्वाधिक परेशान है यहां 413 शिकायतें आई हैं। जबलपुर में 237 लोग आवारा पशुओं से परेशान है। जबलपुर में ऐसी 237 और उज्जैन में 206 शिकायतें आई है। जबलपुर में सुअरों का आतंक पहुंची है। जबलपुर में 983, ग्वालियर में 804 अतिक्रमण की शिकायतें पहुंची है। रीवा में 411, उज्जैन में 374 शिकायतें पहुंची है। खंडवा, मुरैना, कटनी, रतलाम, देवास, बुरहानपुर, सागर, छिंदवाड़ा और सिंगरौली में भी अतिक्रमण की शिकायतें पहुंची है।*

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे भूमि पूजन, दो वर्ष में 300 करोड़ से बदलेगा घाटों का स्वरूप**

# सरयू के तर्ज पर विकसित होगा मां नर्मदा का पावन तट

हरिभूमि, जबलपुर।

**मध्यप्रदेश सरकार माँ नर्मदा तट को सरयू की तर्ज पर विकसित करने जा रही है। इस महायोजना का भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। लगभग 300 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से दो वर्षों में पूरा होने वाले इस प्रोजेक्ट से जबलपुर के घाटों की पहचान और आस्था दोनों को नया आयाम मिलने जा रहा है।**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने समदड़िया होटल में पत्रकार वार्ता में बताया कि यह योजना पर्यावरणीय अनुकूलता, आस्था, स्वच्छता और पर्यटन विकास को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि "माँ नर्मदा हमारी जीवनरेखा हैं। अब उनके तटों का सौंदर्य, सुरक्षा और श्रद्धा का संगम एक साथ दिखेगा।





### छह घाटों का होगा एकीकृत विकास

योजना के पहले चरण में खारीघाट, दरोगा घाट, ग्वारीघाट, उमा घाट, सिद्ध घाट और जिलहरी घाट को एक रूप में विकसित किया जाएगा। घाटों पर व्यवस्थित सीढ़ियाँ, स्नान स्थल, तीर्थ पुरोहितों के लिए स्थान, चेंजिंग रूम और नाव घाट बनाए जाएंगे।

### भव्य नाव घाट के साथ मंच होंगे स्थापित

खारीघाट पर जलकुंड और विसर्जन स्थल का निर्माण होगा। दरोगा घाट पर भव्य 'नाव घाट' तथा घाट की दीवारों पर नर्मदा की कथा को दर्शाते म्यूरल्स और आर्टवर्क बनाए जाएंगे। घाट क्षेत्र की संध्या आरती के लिए पांच भव्य मंच निर्मित किए जाएंगे, जिससे श्रद्धालुओं को सरयू की भांति दिव्य अनुभव प्राप्त हो सके।

### पर्यावरण-संवेदनशील निर्माण

मंत्री सिंह ने बताया कि माँ नर्मदा की मुख्य धारा को प्रदूषण-मुक्त रखने के लिए एक 800 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा जल चैनल बनाया जाएगा। इसमें दो खंड होंगे—पहला पुष्प अर्पण और दीपदान के लिए, दूसरा श्रद्धालुओं के स्नान के लिए। इस व्यवस्था से नर्मदा जल में प्रदूषण नहीं फैलेगा। घाटों पर एंटी स्किड पत्थर, अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम और सौर ऊर्जा आधारित एलईडी लाइटिंग लगाई जाएगी।

### सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग सुविधा

नर्मदा तट पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए पाँच स्थानों पर 900 दोपहिया और 700 चारपहिया वाहनों के लिए आधुनिक पार्किंग स्थल विकसित किए जाएंगे। गौरीघाट क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा और ड्रॉपिंग प्वाइंट से घाट तक पैदल पथ बनाया जाएगा। वृद्ध एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए ई-कार्ट सुविधा भी उपलब्ध होगी।

### सांस्कृतिक केंद्र और मोक्षधाम का विकास

जिलहरी घाट पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक भव्य मंच तैयार होगा। वहीं गौरीघाट मुक्तिधाम को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण "मोक्षधाम" का स्वरूप दिया जाएगा। घाट क्षेत्र में वॉच टावर, कंट्रोल रूम और स्वच्छता के लिए आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे।

### स्थानीय रोजगार और आस्था का संगम-

वर्तमान अस्थायी दुकानों को हटाकर स्थायी, सुव्यवस्थित दुकानों का निर्माण किया जाएगा, जहाँ प्रसाद, श्रृंगार और पूजन सामग्री मिलेगी। दुकानों के आसपास हरित क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था और छायादार वृक्ष लगाए जाएंगे।

### मां नर्मदा की सेवा का पुण्य अवसर-

मंत्री राकेश सिंह ने कहा यह केवल विकास परियोजना नहीं, बल्कि माँ नर्मदा की सेवा का पुण्य अवसर है। सरयू की भाँति जबलपुर के घाट भी आस्था, सौंदर्य और स्वच्छता के प्रतीक बनेंगे। यह योजना प्रदेश की सांस्कृतिक और पर्यावरणीय चेतना को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

### यह रहे उपस्थित-

पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह, संतोष बरकडे, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, जिप अध्यक्ष आशा गोंटिया, एमपीआरडीसी के प्रबंध निदेशक भरत यादव उपस्थित थे।

## हरिभूमि inh के संजय साहू को मिलेगा अजित वर्मा पत्रकारिता पुरस्कार

**मित्रसंघ का आयोजन 5 नवम्बर को**

**जबलपुर।** दैनिक जयलोक की 32 वर्ष पूर्व स्थापना करने वाले संस्थापक अजित वर्मा की स्मृति में पत्रकारिता पुरस्कार समारोह चतुर्थ वर्ष 5 नवम्बर को आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष वरिष्ठ पत्रकार आशीष शुक्ला (यश भारत) एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया से संजय साहू (हरिभूमि inh) को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में आशीषदाता ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज, मुख्य अतिथि राकेश सिंह लोक निर्माण मंत्री मप्र, होंगे। अध्यक्षता महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू करेंगे। विशिष्ट अतिथि अजय विश्नोई विधायक, लखन घनघोरिया विधायक, अभिलाष पांडे विधायक, विनय सक्सेना पूर्व विधायक, डॉ. राजेश धीरावाणी वरिष्ठ चिकित्सक होंगे।



## सरदार वल्लभाई पटेल लौह पुरुष की 150वी जयंती मनाई

**हरिभूमि पनागर।** लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 सी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई. पनागर विधानसभा की बड़ौदा चौराहे में कुर्मी समाज के लोगों ने एकत्रित होकर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. रजनीश पटेल जिलाध्यक्ष-अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा मध्यप्रदेश जिला-जबलपुर ने बताया कि बृजबिहारी पटेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की विशेष उपस्थित मे समाज के सैकड़ो सम्मानीय सदस्यो ने उपस्थित होकर मूर्ति मे माल्यार्पण करके बड़े-धूमधाम से मिठाई वितरित करके मनाई। समाज के प्रमुख रुप से सम्मानीय सदस्य श्रीमती विजयकांती पटेल पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत जबलपुर, विवेक



पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत जबलपुर, दिलीप पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सिहोरा, नरबद पटेल,एड.रमेश पटेल, अनिल पटेल, प्रतिनिधि राजेन्द्र पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पनागर की उपस्थित मे क्षेत्र के सैकड़ों नागरिको ने सरदार वल्लभाई पटेल लौह पुरुष की जयंती मनाई।

## कल्याणक केवल तीर्थंकर के होते हैं

**पंचकल्याणक एवं विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन**

**जबलपुर।** श्री माज्जिनेंन्द्र जिन बिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ के दूसरे दिन जन्म कल्याणक विधान,मंगलकलशों से हुआ जन्मभिषेक दिगंबर जैन अमृत तीर्थ मंदिर के टेलीग्राफ ग्राउंड में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में रविवार को जन्म कल्याणक का विधान पूरी गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान आदि कुमार का पालना और बाल क्रीड़ा का दृश्य देख श्रद्धालु भावविभोर हो गए । रात्रि के अंधकार में जन्म कल्याणक का ऐसा प्रकाश फैला की आयोजन स्थल में चारों तरफ उजियारा ही उजियारा नजर आने लगा । पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में मुख्य प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रहमचारी आशीष भैया पुण्यांश एवं प्रतिष्ठाचार्य पंडित पीयूष भैया तथा सह प्रतिष्ठाचार्य अशोक दानी ने विधिवत नित्यमह पूजा के बाद आदि कुमार का जन्मोत्सव, जन्मातिशय आरोहण का विधान पूर्ण कराया। इसके बाद बधाइयां, सौधर्म इंद्र द्वारा अयोध्या नगरी की प्रदक्षिणा, इंद्राणी का आदि कुमार को लाना, सहस्त्र नेत्रों से सौधर्म इंद्र द्वारा दर्शन किया गया।इसके बाद ऐरावत हाथी पर पाण्डुक शिला की ओर जन्म कल्याण की शोभायात्रा निकाली गई।1008 कलशों से जन्मभिषेक किया गया।

## पश्चिम मध्य रेल से संचालित हो रही हैं स्पेशल ट्रेनें

जबलपुर।

रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर, जबलपुर-दानापुर-जबलपुर, रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति, सोगरिया-दानापुर-सोगरिया एवं कोटा–पानीपत–कोटा के मध्य स्पेशल ट्रेनें संचालित हो रही है।



### जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 3 नवंबर 2025 तक* प्रत्येक सोमवार को एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर से दोपहर 14:40 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर 12:25 बजे आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन पर पहुँच रही है।

गाड़ी संख्या 01708 आनन्द विहार टर्मिनल से जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 4 नवंबर 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को एक्सप्रेस ट्रेन आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन से दोपहर 13:45 बजे प्रस्थान कर और बुधवार को सुबह 09:30 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

### जबलपुर-दानापुर-जबलपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 05.11.2025 तक* प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को रात 19:35 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

गाड़ी सांख्य 01702 दानापुर-जबलपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 06.11.2025 तक* प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से रवाना होकर और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

### रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 11.11.2025 तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को दोपहर 14:25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 12.11.2025 तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुँच रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव बिजली बिल बकायादारों के लिए समाधान योजना का करेंगे शुभारंभ

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ऊर्जा विभाग द्वारा लागू की जा रही समाधान योजना 2025-26 का शुभारंभ 3 नवम्बर सोमवार को सुबह 10 बजे एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी क्षेत्रीय कार्यालय ई-4, अरेरा कॉलोनी भोपाल से करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि विलंबित बिल के भुगतान पर सरचार्ज में भारी छूट दी गयी है, जो 3 नवम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक रहेगी। पहला चरण 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर, जिसमें 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ रहेगा। दूसरा चरण एक जनवरी से 28 फरवरी, 2026 तक होगा, जिसमें 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ रहेगा। भुगतान विकल्प में एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट और 6 किश्तों में भुगतान की आसान सुविधा रहेगी।

## रामपुर, गोरखपुर और आई.एस.बी.टी. से रानीताल तक हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**जबलपुर।** नगर निगम, जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में शांति और सद्भाव के साथ सड़कों से अतिक्रमणों को हटाने तथा लेफ्ट टर्न को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। निगमायुक्त अहिरवार ने बताया कि रविवार को आई.एस.बी.टी. दीनदयाल चौक एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाकर सड़क एवं लेफ्ट टर्न को अतिक्रमण मुक्त किया गया तथा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया गया।

इसी प्रकार रामपुर से गोरखपुर तक कार्रवाई की गयी और मार्ग के किनारे अवैध रूप से लगे ठेले टपरे को हटाने के साथ-साथ स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को भी हटाया गया। अब यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत विद्युत पोलों पर लगे फटे पुराने एवं अन्य बैनर पोस्टरों को भी हटाने की कार्रवाई की गयी। प्रशासन की इस कार्रवाई की नागरिकों ने सराहना की है। कार्रवाई के दौरान मौके पर अपर आयुक्त अरविन्द शाह, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से, सहायक अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश भदौरिया, और दलप्रभारी लक्ष्मण कोरी, बृजकिशोर तिवारी, जे प्रवीण, अभिषेक समुद्रे, अंकित पारस, कुलदीप त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## काम्बिंग गश्त में 229 वारंटी गिरफ्तार

**चाकू लेकर घूमते चार आरोपी पकड़े गये**

**जबलपुर।** कानून व्यवस्था को सुदृढरखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिये पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार की रात 9 बजे से देर रात 2 बजे तक काम्बिंग गश्त की गई. इस दौरान 229 वारंटी पकड़े गये।

काम्बिंग गश्त के लिये शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई. एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे।

टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 104 गैर म्यादी वारंटियों एवं 82 वारंटी गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 38 जमानती वारंट भी



तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

## किसान सेवा सेना की कुंडम ब्लाक इकाई का गठन

**जबलपुर।** किसान सेवा संगठन की युवा विंग - किसान सेवा सेना के सदस्यो (कृषक सेवकों ) की बघराजी में बैठक आयोजित हुई जिसमे कुंडम ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया गया. कार्यकारिणी में संरक्षक मदन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष मनोज पटेल, सचिव दशरथधर बड़गईया, मीडिया प्रभारी उमेश मेहरा एवं इंद्र कुमार सेन कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अशोक जोगी, पंचम हल्दकार, कंधि सिंह उईके, संदीप साहू सहित अन्य किसान प्रतिनिधियों को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर रामकिशन पटेल, जितेन्द्र देसी, सुरेश कुमार असाटी, मनोज धनगर उमेश कुमार बागड़ी, उमेश पटेल, अशोक पटेल, राजेश पटेल एवं अन्य किसान साथी ग्राम बघराजी में उपस्थित रहे।

## दो सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी

**दमोह नाका से एक लाख की सिगरेट ले गये चोर**

जबलपुर।

जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान चोरी की तीन वारदातें सामने आईं, पनागर में दो सूने घरों के ताले तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी पार करके ले गये. इसी तरह गोहलपुर थाना अंतर्गत दमोह नाका से 1 लाख रुपये की सिगरेट की बोरी अज्ञात चोर उठा कर ले गये.

### इलाज कराने गये परिवार का घर साफ

पनागर थानांतर्गत सिंग्लदीप निवासी किसान प्रिंस पटेल परिवार जनों के साथ आंख का इलाज कराने चित्रकूट गये थे. इस बीच उनके सूने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल तथा नगदी 10 हजार रूपये तथा घर में रखे गेहू एवं उड़द, मूंग की दाल चोरी कर ले गये. चोरी गये माल की कीमत एक लाख रुपये बताई जा रही है. रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



इसी तरह पनागर के विनोबा भावे वार्ड निवासी निखिल मिश्रा भोपाल में शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं. उनके सूने घर का की देखरेख उनके ससुर प्रवीण मिश्रा और कर्मचारी सचिन ताम्रकार करता रहा. सचिन जब देखने गये तो घर का ताला टूटा मिला. नीचे सीसीटीव्ही कैमरा उखड़ा पड़ा था. आलमारी में रखा सामान एवं कुछ नगदी कुल कीमती लगभग 55 हजार रूपये के नहीं थे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### एक लाख की सिगरेट चोरी

गोहलपुर थाना अंतर्गत दमोहनाका से एक लाख रुपये की सिग्रेट से भरी बोरी चोरी हो गई. शिवनगर निवासी ऋषि सिंघई की फर्म आरएस मार्केटिंग द्वारा राहुल चौरसिया को माल भेजे जाने के लिये एक सफेक बोरी में सिगरेट फोर स्क्येर कृष, इंडिमिड का कार्टून बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0587 शिवशक्ति जो जबलपुर से सिहोरा चलती है में रखने शाम लगभग 4 बजे गये थे.

उसने बस चालक को कार्टून से भरी बोरी खितौला में छोड़ने के लिये बता कर दुकान आ गये. इसी बीच पांच मिनट के अंदर बस चालक ने फोन पर सूचना दी की बोरी चोरी हो गई. बोरी में लगभग 95 हजार 395 रुपये की सिगरेट रखी थी. रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### अनेक वर्षों से बंद है क्रिकेट प्रतियोगिता

# सिहोरा खितौला में स्टेडियम होने के बाद भी खेल प्रतिभाओं को नहीं मिल रहा लाभ



हरिभूमि सिहोरा।

एक तरफ सरकार पारंपरिक खेलों एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का दावा कर रही है वहीं धरातल पर खिलाड़ियों के लिए कोई सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं हैं। सिहोरा में खेल मैदान के नाम पर दो-दो स्टेडियम होने का नगर की पालक संस्था दावा करती है लेकिन इन तथाकथित स्टेडियम में सुविधाओं के नाम पर चाहर दीवारी में कैद भूखंड के अलावा कुछ नहीं है।

## खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा आगे बढ़ने का मौका

खेल मैदान के अभाव में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पा रहा है। छात्र- छात्रा सड़कों पर अभ्यास करके भी प्रदेश स्तर पर नगर का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। वही खेल मैदान नहीं होने से बहुत बार प्रतिभाशाली खिलाड़ी खेलों से पीछे हट जाते हैं। खेल मैदान का अभाव पिछले काफी सालों से ग्रामीण खिलाडिय़ों के लिए विकट समस्या बना हुआ है। खेल मैदान को लेकर युवाओं ने अपने स्तर पर प्रयास जारी कर रखे हैं। लेकिन उनको कहीं सफलता हासिल होती दिखाई नहीं पड़ रही। खेल मैदान को लेकर समय-समय पर युवाओं ने आवाज उठाई और जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों से इसकी मांग की । लेकिन आज तक किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही हुई।

## अरुणाभ घोष मेमोरियल स्टेडियम

नगर के मध्य एवं प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं के निकट अरुणाभ घोष मेमोरियल स्टेडियम विगत कई वर्षों से अपने विस्तार की बाट जो रहा है उल्लेखनीय है आकार एवं क्षेत्रफल की दृष्टि से संकीर्ण होने के कारण स्टेडियम 26 जनवरी 15 अगस्त के सांस्कृतिक प्रोग्राम के आयोजन तक सीमित रह गया है। क्रिकेट प्रेमियों द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित शासन प्रशासन के नुमाइंदों से अनेकों बार गुहार लगाने के बाद भी स्टेडियम की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर विस्तारित नहीं किया जा सका। जबकि नगर की पालक संस्था के पास अरुणाभ घोस स्टेडियम के विस्तार का पूरा प्रारूप तैयार है। स्टेडियम के पीछे बसी बसाहट को अन्यत्र स्थानांतरित करने तत्कालीन विधायक नंदनी मरावी के समय बकायदा कब्जाधारियों के पट्टे भी तैयार कर लिए गए थे किंतु दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी प्रतिभाओं पर भारी पड़ रही है।

## बारी बहू स्टेडियम खितौला

नगर पालिका क्षेत्र के 7 वार्डों की आबादी सहित उपनगर खितौला का एकमात्र खेल मैदान बारी बहू स्टेडियम भी चारदीवारी में कैद होकर रह गया है। सुविधाओं के नाम पर गाजर घास का जंगल एवं पथरीली कंकड़ युक्त मैदान खिलाड़ियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जिसमें इस समय पानी भरा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी सर्व सुविधा युक्त एवं आकर्षक स्टेडियम का निर्माण कराया गया है किंतु कुशल नेतृत्व के अभाव में तहसील स्तर की प्रतियोगिताओं हेतु नगर सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम से आज भी वंचित है।

## कई वर्षों से नहीं हो रहा क्रिकेट टूर्नामेंट

स्वर्गीय अरुणाभ घोस मेमोरियल स्टेडियम में होने वाला क्रिकेट टूर्नामेंट मैं जबलपुर जिले के अलावा आसपास के जिले की टीम भी हिस्सा लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करती थी किंतु विगत कुछ वर्षों से मैदान के पीछे अवैध बसाहट के चलते क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं हो पा रहा जिसके कारण खिलाड़ियों में गहरी हताशा व्याप्त है। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थाओं की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अलावा तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता था लेकिन स्टेडियम की कमी के चलते दुर्दशा की शिकार खेल मैदान में प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। क्रिडा.प्रेमियों ने मांग की है कि तथाकथित खेल मैदान के विस्तारीकरण मात्र से प्रतिभाओं को उचित सुविधा नहीं मिल सकेगी खेल गतिविधियां एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने नगर में सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम का निर्माण कराया जाए।



### 14 दिसम्बर को आयोजित होगा सामाजिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक आदर्श विवाह महासम्मेलन

# संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की 755वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**जबलपुर**। म. प्र. नामदेव क्षत्रिय एकता परिषद के तत्वावधान में संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की 755वीं जयंती का भव्य आयोजन माढ़ोताल स्थित संत नामदेव मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। प्रातः 11:30 बजे से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधु, महिलाएँ एवं बच्चे शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत नामदेव जी महाराज की पूजा-अर्चना एवं भव्य आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष रामभरत नामदेव ने अपने उद्बोधन में संत नामदेव जी महाराज के जीवन एवं उनके चमत्कारों पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष जे. पी. वर्मा ने जबलपुर में आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक आदर्श विवाह महासम्मेलन की जानकारी समाजजनों को दी।

इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष रामभरत नामदेव, कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष जे. पी. वर्मा, जिला अध्यक्ष रूपराम नामदेव, प्रांतीय महामंत्री रामप्रकाश नामदेव, जिला कोषाध्यक्ष शंभू प्रसाद नामदेव, प्रांतीय ऑडिटरअमित नामदेव सहित कैलाश नामदेव, अनिल नामदेव, राजेंद्र नामदेव, सचिन नामदेव एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आज़ाद बाग़ में शानदार मुशायरा संपन्न

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को गोहलपुर स्थित आज़ाद बाग़ में हमारा चमन और बज़्मे मरासिम के संयुक्त तत्वावधान में एक शानदार मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे की अध्यक्षता हाजी मज्जू कुरैशी ने एवं निजामत राशिद राही ने की। मुशायरे में शहर के नामचीन शायर बाबू अनवर निजामी, शेख निजामी, सिराज आगाजी, निसार अहमद निसार, मुख्तार नादिर और परवाज़ गजफरी ने अपने कलाम पेश किए। आयोजक हमारा चमन के शकील बाबू और शोएब अख्तर ने शहरवासियों शिरकत पर आभार व्यक्त किया।



## नामदेव समाज ने श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई जयंती

**पाटन**। श्री विठ्ठलेश्वर नामदेव युवा विकास परिषद, पाटन के तत्वावधान में शनिवार, 1 नवम्बर को संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज की 755वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा से हुआ। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नामदेव समाज के वरिष्ठजन, महिलाएँ, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। पूरे नगर में भक्ति के गीतों और जयघोषों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा के उपरांत भगवान सत्यनारायण की कथा व पूजन संपन्न हुआ। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिभाव से कथा श्रवण किया। शाम को भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने संत नामदेव महाराज के जीवन एवं उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए समाज में एकता, भक्ति और सेवा की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाजबंधु, महिलाएँ व युवा उपस्थित रहे और संत श्री नामदेव महाराज की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई।

# किसान को समय पर एमएसपी, खाद, बिजली व पानी मिलना मौलिक अधिकार : साईं रेड्डी

**जबलपुर**। किसान को समय पर एमएसपी, खाद, बिजली व पानी मिलना उसका मौलिक अधिकार है और इन व्यवस्थाओं को तय करने में जिनकी भूमिका है उनकी जिम्मेदारी है कि किसान को उसकी खेती करने की मौलिक आवश्यकताएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उक्त विचार भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष के साईं रेड्डी ने अपने जबलपुर अल्प प्रवास के दौरान किसानों के बीच व्यक्त किए।

श्री रेड्डी ने कहा कि देश भर में केंद्र व राज्य सरकारों को समन्वय के साथ कार्य करने की जरूरत है जिससे किसानों व कृषि के हित सुरक्षित हो सकें। किसान हित भारतीय किसान संघ की जिम्मेदारी है और इसके लिए कितना भी बड़ा आंदोलन किसी भी सरकार के खिलाफ करना पड़ेगा तो किसान संघ तैयार है। श्री रेड्डी ने असमय बारिश से प्रभावित धान के खेतों का निरीक्षण किया और हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। प्रवास के दौरान तीनों तहसील पाटन, शहपुरा व पनागर के गांव गांव किसान संघ के अध्यक्ष का भव्य स्वागत व गौ पूजन कार्यक्रम किया गया। साथ ही किसान संघ के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवत पटेल जी के निवास जाकर सौजन्य भेंट की और पाटन के मेढ़ी गांव जाकर पचौरी परिवार में शोक संवेदना व्यक्त की।

किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साईं रेड्डी के जबलपुर प्रवास से प्रशासनिक व खुफिया एजेंसीयां अलर्ट पर रही। केंद्रीय इंटेलीजेंस का तंत्र श्री रेड्डी के प्रवास के पल पल की जानकारीयां एकत्रित कर रहा था। तीन तहसीलों में अचानक प्रवास से हड़कंप हैं। किसान संघ के अध्यक्ष के प्रवास से यह तो साफ है कि किसान संघ कोई बड़ी तैयारी प्रदेश में कर रहा है।

किसान संघ के अध्यक्ष श्री रेड्डी ने बरोदा व नूनिया कला ग्राम समिति में किसानों से संवाद कार्यक्रम में पंच परिवर्तन का विषय रखते हुए कहा कि ग्राम, परिवार व समाज को सशक्त बनाने के लिए सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण,



स्वदेशी को अपनाने की आवश्यकता है। ग्राम के सशक्त बने बिना देश मजबूत नहीं बन सकता है इसलिए गांव व किसान के विकास की दिशा में कदम बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

अध्यक्ष श्री रेड्डी ने स्वयं किसानों के बीच गांव पहुंचकर जता दिया कि ग्राम समिति ही किसान संघ की शक्ति का आधार है। किसानों से संवाद कर उन्होंने किसानों की समस्या चाहे वह पराली हो या एमएसपी या फिर खाद, बीज, बिजली या फिर भूमि अधिग्रहण, लैंड पुलिंग सभी पर खुलकर बात की और किसानों की राय व सुझाव जाने।

### वृक्षारोपण का दिलाया संकल्प

नूनिया कला ग्राम समिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्री रेड्डी ने काजू का पौधा रोपित कर सभी ग्रामवासियों को पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। किसान की हर खेत की मेड़ पर पेड़ रोपित करने की बात कही।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमनारायण पचौरी, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, प्रांत संगठन मंत्री तुलाराम, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, जिला मंत्री धनंजय पटेल, सह मंत्री सुनील पटेल, आलोक पटेल, संभागीय संगठन मंत्री पूरन लाल शर्मा, दामोदर पटेल, तहसील अध्यक्ष मुकुल पचौरी, जितेंद्र पटेल, धरम पटेल, रीतेश पटेल, भानु पटेल, पुष्पेंद्र पाठक, रवि नारायण पटेल, प्रकाश पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में किसानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# शीघ्र निपटाये जायें पेंशन प्रकरण

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि जबलपुर जिले में पेंशन कार्यालय में सेवा पुस्तिकाओं के अनुमोदन होने के पश्चात भी पेंशन अधिकारी एवं सहायक पेंशन अधिकारी द्वारा अनावश्यक पेंशन प्रकरण लटकाये जाते हैं तथा ऐन-केन-प्रकारेण प्रकरणों में आपत्ति लगाकर कर्मचारियों को आपत्ति का भय बताकर अनावश्यक मानसिक परेशान किया जाता है। प्रकरणों को समय-सीमा में ना निपटाना एवं अनावश्यक आपत्ति लगाना सीधे-सीधे पेंशन कार्यालय में भ्रष्टाचार का द्योतक है। भ्रष्टाचार यहीं तक सीमित नहीं है, पीपीओ जारी होने के बाद वेरिफिकशन के नाम पर संबंधित प्रभारी द्वारा भी पेंशनधारी से राशि वसूली जाती है, जो कि पूरी तरह से पेंशन अधिकारी के संज्ञान में है और उन्हीं के शह से यह खेल चल रहा है। सारी प्रक्रिया ऑनलाईन हो चुकी है फिर भी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को पेंशन कार्यालय के अनावश्यक चक्कर लगवाये जाते हैं, जिससे कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। अतः कलेक्टर से संगठन मांग करता है कि मामले को दृष्टिगत रखते हुये पेंशन कार्यालय में चल रही अनियमितताओं पर रोक लगाते हुये पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निपटाये जाने हेतु निर्देष जारी किये जायें। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, फिलिप अन्थोनी, राजेश सहारिया, मनमोहन चैधरी, रऊफ खान, एनोस विक्टर, सुरेन्द्र चैधरी, उमेष सिंह ठाकुर, संतोष चौरसिया, विनोद सिंह, राजकुमार यादव, सुधीर अवधिया, धनराज पिल्ले, अशोक कोष्टित, सुनील झारिया, मकसूद अहमद कादरी, गोपीषाह, रामकुमार कतिया, आशा राम झारिया, मनीष मिश्रा, सुधीर पावेल, राजेन्द्र सिंह, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, रवि जैन नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, विनय रामजे, आषीष कोरी आदि ने कलेक्टर से मांग की है।

# आर्य समाज का दीपावली मिलन उत्सव व भजन कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर**। आर्य समाज बाराट रोड में आए भजन उपदेश, प्रवचनकर्ता भानु प्रकाश शास्त्री और पुरोहित धीरेंद्र पांडे, सत्येंद्र शास्त्री और भजन गायक राकेश के प्रवचन के दौरान पुरोहित धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा वेदों के मंत्र मंत्रणा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अपने-अपने प्रवचन एवं विचारों के संदर्भ में भानु प्रकाश शास्त्री ने भजन उपदेश देकर कहा कि सृष्टि के प्रारंभ से ही हमारे पूर्वज अपना जीवन वेद के अनुसार व्यतीत करते थे, इसलिए



इसका नाम आर्य हुआ, इसलिए ही हमारे पूर्वजों ने इस देश का नाम आर्यावर्त रखा। वेदों, शास्त्रों, रामायण, महाभारत और संस्कृति की सारी पुस्तकों में हमारे देश का नाम आर्यावर्त है, जब बात आर्य समाज की होती है तो हमारे मूल शंकर शंकराचार्य जी जिन्हें हम आज हम स्वामी दयानंद सरस्वती जी (आर्य समाज के संस्थापक) का नाम जानते हैं आपके गुरु स्वामी विरजानंद के पास और वेदों की कुंजी प्राप्त कर वे अपने गुरु के आदेश से उन्होंने वैदिक धर्म का प्रचार किया, अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया। वैदिक धर्म का प्रचार जिसमें वेदों ने संबंधित लोगों को आज्ञा दी है कि तुम सारे संसार को आर्य बनाओ जिसका अर्थ नेक पवित्र और धर्मात्मा वह जो ईश्वरीय ज्ञान वेदों के अनुकूल चलन में है, क्योंकि आर्य समाज वेदों का प्रचारक है। वेद ईश्वरी ज्ञान ईश्वर एक देश का नहीं बल्कि सर्व संसार का है इसलिए आर्य समाज किसी एक देश का नहीं है ये सर्व दुनिया का है एक देश जिस प्रकार से इंग्लिश टैन इंग्लिशटन स्थान पर राज करने का अधिकार इंग्लैंड के लोगों का है, चीन पर राज करने का अधिकार चीनियों का है, इसी प्रकार से भारत पर राज करने का अधिकार भारतीयों का है, यही आर्य समाज सिद्धांत पर कार्य करता है। भजनों से भी भानु प्रसाद शास्त्री ने लोगों का मन मोह लिया। सत्येंद्र शास्त्री द्वारा भजन गाए गए। साथ ही राकेश द्वारा भी भजन गाए गए। संस्था के प्रधान सोमेंद्र महेश्वरी, महिला समाज प्रधान डॉक्टर अरुण सिंह और समाज के वरिष्ठ नरेंद्र धमीजा, वीरेंद्र धमीजा और मंत्री पीयूष शर्मा, उमेश सिंह सिंह, अरविंद माहेश्वरी, मीडिया प्रभारी पंचम झा का विशेष योगदान रहा।

## हाईकोर्ट ने पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी रांझी को किया तलब

**जबलपुर**। गत वर्ष न्यू शोभापुर तिराहा पर स्थित बाल स्वरूप श्री हनुमान मंदिर में चोरी का मामला पुनः जीवित हो गया है, जिसमें याचिकाकर्ता लता कुशवाहा, किरण तिवारी, सरिता नारायण यादव, जितेन्द्र बंटी रजक, आशीष शर्मा, एनएल रावत ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी रांझी ने चोरों को बचाने मनगढ़ंत कहानी के जरिये अधिनस्थ न्यायालय में गलत जानकारी पेश की थी, साथ ही सीसी टीवी फुटेज छिपाने का प्रयास किया था, जबकि फुटेज मान. न्यायालय में पहुंच चुकी है एवं समस्त आरोपी जिन्होंने उक्त चोरी को अंजाम दिया था, इनकी फुटेज भी याचिकाकर्ताओं द्वारा मान. न्यायालय में पेश की जा चुकी है, जिसे देखने-सुनने के बाद मान. हाईकोर्ट ने आज पुलिस अधीक्षक जबलपुर व थाना प्रभारी रांझी को नोटिस जारी करते हुए जवाब हेतु चार सप्ताह का समय दिया है। समाचार के बाद शोभापुर निवासियों के भक्तजनों में काफी प्रसन्नता है। अब न्याय की उम्मीद दिख रही है, जल्द ही दोषी सलाखों के अंदर होंगे। मामले की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता विद्याशंकर मिश्रा, राघवेन्द्र झा, अनिकेश मिश्रा, नवीन विश्वकर्मा ने की।

**श्री राम नरेश शाह**- नर्मदा नगर पोलीपाथर निवासी श्री राम नरेश शाह (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता शर्मा**- द्वारका नगर कछियाना निवासी श्री सोनू शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती ममता शर्मा (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सिद्धार्थ लोखंडे**- पंचशील नगर पोलीपाथर गौरीघाट रोड निवासी श्री सिद्धार्थ लोखंडे (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आदेश श्रीवास्तव**- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री आदेश श्रीवसतव (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मीना कुमारी रैकवार**- नानक नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री प्रदीप कुमार रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती मीना कुमारी रैकवार (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता बाई**- शक्तिनगर बदनपुर निवासी श्री रमेश की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई विश्वकर्मा**- मदर टेरेसा नगर शंकर नगर करमेता निवासी श्री शंकर विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई विश्वकर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कला बाई चौधरी**- भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री बाबू लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कला बाई चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री निशा पटेल**- अग्रवाल कॉलोनी गढ़ा रोड निवासी श्री राजेंद्र कुमार पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती निशा पटेल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गयादीन साहू**- सिद्धबाबा वार्ड साहू मोहल्ला निवासी श्री गयादीन साहू (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बीएन सेठ**- कृषि नगर अधारताल निवासी श्री बीएन सेठ (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मंजूलता राय**- झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवसी श्री केशव प्रसाद राय की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू लता राय (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार




करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रभा लोधी**- समदडिय़ा कॉलोनी कांचघर निवासी श्री बद्री प्रसाद लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा लोधी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रहलाद कुमार किरार**- खटीक मोहल्ला सराफा निवासी माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षकश्री प्रहलाद कुमार किरार (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शहजादी मौर्य**- कांचघर चौक निवासी श्री शिवधनी मौर्य की धर्मपत्नी श्रीमती शहजादी मौर्य (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुहागरानी नामदेव**- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती सुहागरानी नामदेव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छोटी बाई अहिरवार**- बाबा टोला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री नाथूराम अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई अहिरवार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# जीएसटी कटौती से छोटी कारों की बिक्री में आई तेजी : मारुति

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से छोटी कारों की मांग में आई तेजी दर्शाती है कि भारतीय उपभोक्ताओं के अब छोटी कारों की जगह बड़े आकार वाले वाहनों को प्राथमिकता देने की धारणा बदल रही है।

- बदले हुए हालात में कुछ निर्माता कंपनियां अपने उत्पादों में संशोधन कर रही

भार्गव ने कहा कि बदले हुए हालात में कुछ कार विनिर्माता कंपनियां अपने उत्पादों की पेशकश में संशोधन कर सकती हैं। भार्गव ने कंपनी के तिमाही नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि मारुति सुजुकी अपनी पांचवें विनिर्माण संयंत्र की स्थापना का फैसला करने के करीब है और अगले कुछ महीनों में इसकी घोषणा की जा सकती है।

## अब उपभोक्ताओं की बड़े वाहनों को प्राथमिकता देने की धारणा बदल रही

### 1200 सीसी से कम इंजन क्षमता पर 28 फीसदी जीएसटी

जीएसटी दरों में संशोधन के बाद 1,200 सीसी से कम इंजन क्षमता और 4,000 मिमी तक लंबाई वाले पेट्रोल, एलपीजी एवं सीएनजी वाहनों पर जीएसटी कर की दर 28 प्रतिशत एवं उपकर से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। भार्गव ने अक्टूबर महीने के बिक्री प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा, /"इस दौरान ''18 प्रतिशत जीएसटी'' वाली श्रेणी में हमारी खुदरा बिक्री में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



**बड़ी कारों की बिक्री में पांच फीसदी की वृद्धि** : बड़ी कारों की बिक्री में भी लगभग चार-पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर हमने खुदरा बिक्री में 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा कि इससे यह धारणा गलत साबित हुई है कि कारों को लेकर सभी भारतीयों की आकांक्षाएं बदल गई हैं और कोई भी छोटी कार नहीं खरीदना चाहता है।

### त्योहारों पर खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही

जीएसटी दरों में कमी के समग्र वाहन बिक्री पर पड़े प्रभावों पर उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी 2030-31 के लिए अपने उत्पादन और बिक्री अनुमान में संशोधन करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, /"त्योहारों के दौरान हमारी खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही, जिसमें छोटी कारों की बिक्री का प्रमुख योगदान रहा। बड़ी कारें भी बिक रही हैं, लेकिन उतनी ज्यादा नहीं।/"

### अब भी लोग छोटी कारें खरीदना चाह रहे

भार्गव ने कहा कि अब भी बहुत से लोग छोटी कारें खरीदना चाहते हैं ताकि वे बेहतर निजी आवागमन का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा, ''मारुति में लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन '18 प्रतिशत जीएसटी' श्रेणी में होता है। अब हमें उत्पादों के मिश्रण में बदलाव देखने को मिलेगा।'' भार्गव ने कहा कि इस श्रेणी के वाहनों की खुदरा बिक्री 40 प्रतिशत जीएसटी वाले वाहनों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने कर्मचारी के लिए 'एसबीआई स्टार' किया शुरू



**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वार्षिक कर्मचारी उत्कृष्टता पुरस्कार 'एसबीआई स्टार' (कर्मचारी प्रतिभा स्वीकृति एवं मान्यता) की शुरुआत की है। यह पुरस्कार पेशेवर क्षेत्रों से इतर कर्मचारियों की उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए एक सुव्यवस्थित ढांचा है।

### एनएसई का आईपीओ जल्द ही पेश होगा: सेबी



**मुंबई।** पूंजी बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि लंबे समय से लंबित एनएसई का आईपीओ जल्द ही आएगा। पांडेय ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी पूर्ववर्ती माधवी पुरी बुच के जाने के बाद सेबी ने हितों के टकराव के खुलासे से संबंधित एक व्यवस्था बनाने के लिए एक समिति का गठन किया था।

### बैंक ऑफ बडौदा के लाभ में आठ फीसदी गिरावट



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 4,809 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजार को जुलाई-सितंबर तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की जानकारी दी। बीओबी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,238 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### सितंबर में चाय का उत्पादन 5.9% घटा



**कोलकाता।** सितंबर, 2025 के दौरान चाय का उत्पादन 5.9 प्रतिशत घटकर 15.99 करोड़ किलोग्राम रह गया है। पिछले साल समान अवधि में यह 16.99 करोड़ किलोग्राम था। सितंबर, 2025 के दौरान असम में चाय उत्पादन 9.47 करोड़ किलोग्राम पर लगभग स्थिर रहा, जबकि 2024 की इसी अवधि में यह 9.40 करोड़ किलोग्राम था।

### ओयो ने बोनस इश्यू के लिए आवेदन की सीमा बढ़ाई



**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी मंच ओयो ने अपने गैर-सूचीबद्ध इक्विटी शेयरधारकों के लिए संभावित आईपीओ से संबंधित बोनस शेयर जारी करने के आवेदन की अंतिम तिथि एक नवंबर से बढ़ाकर सात नवंबर कर दी है। उसने निवेशकों को उनके लिए उपयुक्त बोनस विकल्प चुनने के लिए पर्याप्त समय देने का निर्णय लिया है।

### बीते सप्ताह सरसों, सोया व पामोलीन तेल में रही गिरवट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में महंगे दाम पर लिवाली प्रभावित होने से सरसों तेल-तिलहन, लागत से कम दाम पर बिकवाली से सोयाबीन तेल, मलेशिया में बाजार टूटने से पाम एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखी गई। दूसरी ओर, कम हाजिर दाम पर किसानों की बिकवाली घटने से सोयाबीन तिलहन, उत्पादक राज्यों में बरसात के मौसम के कारण आवक प्रभावित होने से मूंगफली तेल-तिलहन एवं बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया।

## चीन ने जनवरी-सितंबर अवधि में 74.63 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया

# विनिर्माताओं की मांग, इस्पात आयात रोकने के लिए और उपाय करे सरकार

- भारत ने जनवरी से सितंबर में 12 .24 करोड़ टन कच्चे इस्तात का उत्पादन किया
- इस्पात मंत्रालय ने 100 से ज्यादा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किए हैं

## चीन का यह उत्पादन भारत के घरेलू उत्पादन से छह गुना से अधिक है

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इस्पात विनिर्माताओं ने सरकार से चीन सहित चुनिंदा देशों से बढ़ते आयात पर लगाम लगाने के लिए और कदम उठाने का आग्रह किया है। चीन ने जनवरी-सितंबर की अवधि में 74.63 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है, जो घरेलू उत्पादन का छह गुना से भी अधिक है।

वैश्विक निकाय विश्व इस्पात संघ (वर्ल्डस्टील) के अनुसार, भारत ने जनवरी-सितंबर में 12.24 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है। जबकि अकेले सितंबर में चीन ने 7.35 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है, जो घरेलू उत्पादन 1.36 करोड़ टन का पांच गुना है।

### भारत 100 प्रतिशत क्षमता उपयोग तक नहीं पहुंच पा रहा

बाजार के आंकड़ों के अनुसार, स्टेनलेस स्टील भी 75 लाख टन की कुल स्थापित क्षमता के 100 प्रतिशत क्षमता उपयोग तक नहीं पहुंच पा रहा है। आयात के प्रभाव के कारण यह केवल 60 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता की रक्षा के लिए आयात पर अंकुश लगाने के कई उपाय किए हैं।

### स्टेनलेस स्टील ने भी आयात की जांच के लिए की मांग

*मार्च में, वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने घरेलू उत्पादकों को आयात में वृद्धि से बचाने के उद्देश्य से कुछ इस्पात उत्पादों पर 200 दिन के लिए 12 प्रतिशत अस्थायी रक्षोपाय (सेफगार्ड) शुल्क लगाने की सिफारिश की थी। इसके बाद स्टेनलेस स्टील उद्योग ने भी स्टेनलेस स्टील के आयात की जांच के लिए सरकार से संपर्क किया क्योंकि रक्षोपाय शुल्क उनकी चिंताओं को दूर नहीं करता था।*



### जून में जारी क्यूसीओ ने लगाया था कुछ प्रतिबंध

पिछले कुछ वर्षों में, इस्पात मंत्रालय ने 100 से ज्यादा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए हैं, जो भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का अनुपालन नहीं करने वाले इस्पात उत्पादों को भारतीय बाजार में प्रवेश से रोकते हैं।इस साल जून में जारी क्यूसीओ ने कुछ इस्पात उत्पादों के इनपुट के आयात पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।

*__देश लगातार छह माह शुद्ध आयातक रहा__ देश लगातार छठे महीने शुद्ध इस्पात आयातक बना रहा। दक्षिण कोरिया, रूस और इंडोनेशिया से आयात बढ़ा, जबकि चीन, जापान, वियतनाम, थाइलैंड और ताइवान की हिस्सेदारी में सितंबर, 2024 की तुलना में गिरावट आई।*

*__क्यूसीओ की वैधता बढ़ाई जाए__ : घटिया और सस्ती सामग्री को देश में आने से रोकने के लिए क्यूसीओ की वैधता बढ़ाई जा सकती है।' दोनों ही घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के लिए इसी तरह के और भी उपाय कर सकती है, जो सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए क्षमता बढ़ाने को करोड़ों रुपये का निवेश करने की योजना बना रहे हैं।*

### कम आयात कीमतों के कारण

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस्पात आयात में वृद्धि की ओर इशारा किया है, जो मुख्यतः कम आयात कीमतों के कारण है। इसने घरेलू इस्पात उत्पादन की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन का भी आह्वान किया है। इस साल सितंबर में, भारत ने 7.9 लाख टन तैयार इस्पात का आयात किया, जो अगस्त के 6.9 लाख टन से अधिक है।

### घरेलू इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर आई

एक सूत्र ने बताया कि नीति आयोग की एक उच्चस्तरीय समिति अगले सप्ताह आयात के मुद्दे पर इस्पात उद्योग के दिग्गजों से मुलाकात कर सकती है।'बिगमिंट' के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में घरेलू इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर आ गईं, जिसके लिए बढ़ते आयात सहित कई कारक जिम्मेदार थे।

# उद्योगों को बैंक ऋण की वृद्धि दर सितंबर में घटी

एजेंसी ▸▸| मुंबई



- आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार घटकर यह 7 .3 प्रतिशत रही
- पिछले साल इसी अवधि में यह 8 .9 प्रतिशत रही थी

सितंबर में उद्योगों को दिए जाने वाले बैंक ऋण की वृद्धि घटकर 7.3 प्रतिशत रह गई, जो पिछले साल इसी अवधि में 8.9 प्रतिशत थी। आरबीआई के जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आरबीआई ने कहा कि सालाना आधार पर 19 सितंबर, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल के इसी पखवाड़े (20 सितंबर, 2024) के दौरान यह 13 प्रतिशत थी। केंद्रीय बैंक ने सितंबर के लिए बैंक ऋण के क्षेत्रीय आवंटन पर आंकड़े जारी किए हैं, जो 41 चुनिंदा वाणिज्यिक बैंकों से जमा किए हैं। ये ऋण सभी बैंकों के कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत हैं। 'उद्योगों को दिए गए ऋण में पिछले साल के इसी पखवाड़े में 8.9 प्रतिशत की तुलना में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।'

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि 10.2 प्रतिशत रही

आंकड़ों से पता चला कि सेवा क्षेत्र को दिए गए अग्रिमों में सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को दिए जाने वाले ऋण में वृद्धि धीमी रही। दूसरी ओर पर्यटन, होटल और रेस्तरां, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और वाणिज्यिक अचल संपत्ति जैसे क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि देखी गई।

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों भी प्रभावित करेंगे बाजार
- यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहने की उम्मीद

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं और वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहने की उम्मीद है, जिसमें कई महत्वपूर्ण आंकड़े जारी होंगे और प्रमुख कंपनियां अपने तिमाही नतीजे भी जारी करेंगी। गुरु नानक जयंती 'गुरुपर्व' की छुट्टी के कारण बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।वृहद आर्थिक मोर्चे पर, एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई के अंतिम आंकड़ों के साथ-साथ एचएसबीसी सेवाओं और समग्र पीएमआई के आंकड़ों पर भी सबकी नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''आय के मोर्चे पर, कई प्रमुख सूचकांक कंपनियां अपने तिमाही परिणामों की घोषणा करने वाली हैं। इनमें भारती एयरटेल, टाइटन कंपनी, अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स, इंटरग्लोब एविएशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, ल्यूपिन, बजाज ऑटो और हिंडाल्को शामिल हैं। मिश्रा ने आगे कहा कि वैश्विक स्तर पर, व्यापार करार से जुड़े घटनाक्रमों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों के रुझानों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। एक विशेषज्ञ ने बताया कि निवेशक विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे।

### सप्ताह का समापन मुनाफावसूली के साथ हुआ

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय बाजारों ने अक्टूबर के आखिरी सप्ताह का समापन मुनाफावसूली के साथ किया क्योंकि निवेशकों ने निरंतर तेजी के बाद कुछ दांव लगाए।''

# रॉयल एनफील्ड की बिक्री में 13 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** प्रीमियम मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री अक्टूबर में 13 प्रतिशत बढ़कर 1,24,951 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 1,10,574 इकाई बेची थीं। रॉयल एनफील्ड ने रविवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री इस अक्टूबर में बढ़कर 1,16,844 इकाई हो गई, अक्टूबर, 2024 में कंपनी ने घरेलू बाजार में 101,886 इकाई बेची थीं। कंपनी ने कहा कि हालांकि, अक्टूबर, 2025 में उसका निर्यात सात प्रतिशत घटकर 8,107 इकाई रह गया, जो पिछले साल इसी इसी अवधि में 8,688 इकाई था। आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और रॉयल एनफील्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी गोविंदराजन ने कहा कि त्योहारी उत्साह के कारण देश भर से ग्राहकों की ओर से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली।



## कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

E-mail - npkharora@gmail.com

### // तृतीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना//

क्रमांक / 2496 / न.प./ लो.नि.वि./2025-26 खरोरा, दिनांक 30.10.2025

नगर पचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 178400 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat kharora under SBM 2.0 (3rd Call) | 187.55 | 11-11-2025 (Time 5.00 PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank Of India

क्षेत्रीय कार्यालय, दुसरी मंजील, ओरीएन्टल बिल्डिंग, एलआयसी चौक, रिजनल ऑफिस, नागपूर. 0712-2548500/2527678

### मांग सूचना

अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्त्ताओं को SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत अनुपालन हेतु नोटिस जारी किया गया था। उक्त नोटिस में बकाया राशि का भुगतान नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की मांग की गई थी। उक्त नोटिस "अस्वीकृत / अपूर्ण पते" के कारण अप्राप्त होकर वापस प्राप्त हुआ है। अत: SARFAESI अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार यह नोटिस अब नीचे उल्लिखित उधारकर्त्ताओं की जानकारी हेतु प्रेषित/प्रकाशित किया जा रहा है।

| अ. क्र. | शाखा | उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई संपत्ति / परिसंपत्तियोंका विवरण | मांग सुचना दिनांक | मांगणी नोटीस रक्कम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहगाव शाखा | श्री विकास मदनलाल यादव (उधारकर्ता / बंधककर्ता) पता: फ्लैट नंबर 604 मां यमुना भवन टॉवर -3 समदरिया बिल्डिंग आस्था नगर ग्वारीगुंड रोड जबलपुर 482001 पता: पोस्ट कैम्पटी, यादव नगर, गवलीपुरा, शीतलामाता मंदिर के पास कैम्पटी नागपुर 441001 पता: सी/ओ रीना वर्मा फ्लैट नंबर-101 अर्श ग्लोरी कमला नगर वाडी नागपुर-440023 | अचल संपत्ति मौजा - ग्वारीघाट, बंदोबस्त नंबर 603, पीएच एच नंबर 23/27, खसरा नंबर 151/4 का हिस्सा, म्यूटेशन के बाद खसरा नंबर 151/5, खसरा नंबर 152, 156, 157, 158, 159, 160 और 161/2, पूरे खसरे को मिलाकर बिल्डर ने 'समदरिया आस्था नगर' टावर नंबर 3, फ्लैट नंबर 604 बनाया है, जो छठी मंजिल पर स्थित है, बिल्ट अप एरिया 810 वर्ग फुट, अविभाजित एरिया 135 वर्ग फुट। तहसील और जिला जबलपुर। प्रॉपर्टी विकास मदनलाल यादव की है। सीमाएँ: उत्तर: खुली ज़मीन, दक्षिण: कॉरिडोर और फ्लैट नंबर 601, पूर्व: फ्लैट नंबर 605, पश्चिम: फ्लैट नंबर 603 | 24/10/2025 | 24/10/2025 तक रु.14,85,824.04 ब्याज सहित |

उपरोक्त उधारकर्ताओं को इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि SARFAESI अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत अधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त संपत्ति का कब्जा लिया जाएगा तथा तत्पश्चात बंधक संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्तियों की नीलामी की जाएगी। यदि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर बैंक की संतुष्टि अनुसार बकाया राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता है, तो बैंक द्वारा उपलब्ध अन्य सभी कानूनी कार्यवाही / उपाय भी प्रारंभ किए जा सकते हैं। साथ ही, उपरोक्त उधारकर्ताओं को SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के अंतर्गत यह भी निषिद्ध किया जाता है कि वे उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को किसी भी प्रकार से—बेचकर, पट्टे पर देकर अथवा अन्य किसी रूप में हस्तांतरित — न करें
उपरोक्त उधारकर्ता SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी किए गए मूल नोटिस की प्रति प्राप्त करने के इच्छुक हों, तो वे किसी भी कार्य दिवस में विधिवत रसीद प्रस्तुत कर, हस्ताक्षरकर्ता से नोटिस प्राप्त कर सकते हैं.

दिनांक: 03.11.2025
स्थान: जबलपुर
(मजकुरात वादाच्या स्थितीत इंग्रजी मजकूर ग्राह्य मानावा.)

अधिकृत अधिकारी,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

## कार्यालय कलेक्टर जबलपुर एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

प्रकरण क्रमांक 0004/अ - 82/2024-25/भू.अ./25 जबलपुर दिनॉक 28/10/2025

### सार्वजनिक सूचना

चूँकि म.प्र.शासन राजस्व विभाग की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति अधिसूचना दिनॉक 12/11/2014 एवं राजपत्र दिनॉक 14/11/2014 के अन्तर्गत राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों को सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निर्माण की जाने वाली अधोसंरचनाओं के लिए समय-समय पर निजि भूमि की आवश्यकता पड़ती है । इस नीति के अन्तर्गत राज्य शासन के विभाग/उपक्रम मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर की परियोजना जबलपुर जिले के अन्तर्गत जबलपुर -मानिकपुर सेक्शन के रेल्वे कि.मी. 1019/2-3 में लेवल क्रासिंग क्र. 331 पर आर.ओ.बी. निर्माण कार्य हेतु ग्राम गोसलपुर तहसील सिहोरा में प्रभावित निजि भूमि की आवश्यकता है। इसका विवरण निम्नानुसार है तथा इसके भूमिस्वामी / भूमिस्वामियों द्वारा नीति की कण्डिका 10 के अन्तर्गत अर्जन हेतु निर्धारित प्रारूप "ख" में सहमति मुझे प्रस्तुत कर दी गई है।

क्रय नीति की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति की कंडिका 11 (1) के अन्तर्गत सर्वसाधारण की सूचना के लिए यह सूचना जारी की जा रही है कि नीति के अन्तर्गत अर्जित की जा रही भूमि विभाग के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो यह सार्वजनिक सूचना प्रकाशन दिनॉक से 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है । नियत अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों को न तो स्वीकार किया जावेगा और न ही उन पर किसी प्रकार का विचार किया जायेगा ।

### अर्जन की जाने वाली भूमि का विवरण

जिला :- जबलपुर, तहसील :- सिहोरा, ग्राम :- गोसलपुर, पटवारी हल्का नं. :- 24, क्षेत्रफल :-2.100 हेक्टे.

| क्र. | भूमिस्वामी/खातेदार का नाम | ख.नं. | रकवा (हे.में) | अर्जित रकवा (हे.में) | अन्य सम्पत्ति | अन्य संरचना |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामकृष्ण सिंह, जगमोहन सिह पिता रघुनाथ सिंह चौहान सिहोरा | 585/1 | 0.43 | 0.02 | | |
| 2. | ज्योति पति विशाल राव चौहान आदर्श नगर जबलपुर | 585/2 | 0.43 | 0.02 | | |
| 3. | श्रीमति अंजना पति गणेश प्रसाद पटेल टिकरिया | 588 | 1.11 | 0.11 | | |
| 4. | रविन्द्र पिता नारायण प्रसाद नाई गोसलपुर | 589 | 0.71 | 0.16 | | |
| 5. | गिरिजा बाई पिता जितेन्द्र पालीवाल गोसलपुर | 590/2 | 0.20 | 0.18 | | |
| 6. | गोविन्द प्रसाद पिता नारायण प्रसाद पता सा.देह जबलपुर | 594/1 | 0.29 | 0.15 | | |
| 7. | रविशंकर पिता रामसेवक श्रीवास्तव गोसलपुर | 596/1 | 0.33 | 0.11 | | |
| 8. | योगेश पिता गुरलदास खत्री पनागर | 597, 598/2 | 0.46 0.98 | 0.07 0.02 | | |
| 9. | राजकुमार पिता वीरन पटेल सा. शांतिनगर | 573 | 0.50 | 0.04 | | |
| 10 | कमला बाई पिता हजारीलाल ब्राह्मण, राजेन्द्र कुमार, संतोष कुमार, अजय, राकेश नरेन्द्र पिता सेवाराम पाण्डेय जाति ब्राह्मण सा. गोसलपुर | 599 | 0.25 | 0.25 | | |
| 11 | राजकुमारी पति रामस्वरूप पटेल सा. गोसलपुर, नरेन्द्र पिता रामस्वरूप पटेल, पूजा पिता रामस्वरूप पटेल सा. गोसलपुर | 448/1 | 0.14 | 0.09 | | |
| 12 | रमेश कुमार पिता रामकुमार लोधी सा. गोसलपुर | 449/2 | 0.08 | 0.08 | | आर.सी.सी बाथरूम 3.2515 वर्ग.मी. |
| 13 | घनश्याम प्रसाद पिता जुगल बर्मन | 450/1/1 | 0.01 | 0.01 | | |
| 14 | केशव प्रसाद पिता जेदूलाल चमार सा. गोसलपुर | 452 | 0.24 | 0.08 | | |
| 15 | नवल सिंह पिता भारत सिंह राजपूत सा. गोसलपुर | 453 | 0.15 | 0.06 | | |
| 16 | मगनलाल पिता रामकुमार लोधी सा. गोसलपुर | 454 | 0.14 | 0.05 | | |
| 17 | राजकुमारी, बेवा महेन्द्र सिंह राजपूत राज सिंह पिता महेन्द्र सिंह राजपूत, हर्ष सिंह पिता महेन्द्र सिंह, श्रद्धा सिंह पुत्री महेन्द्र सिंह राजपूत सा.गोसलपुर | 455 | 0.06 | 0.05 | | |
| | | 456 | 0.04 | 0.04 | | |
| 18 | राकेश पिता घुरई प्रसाद कुम्हार सा. गोसलपुर | 437/2 | 0.15 | 0.15 | | |
| 19 | कीर्ति पति हल्केराम तिवारी सा.भदम राकेश पिता घुरई प्रसाद जाति कुम्हार | 437/1/2 | 0.10 | 0.10 | | |
| 20 | मायाबाई बेवा गोपीराम कुम्हार, सीताराम, जोगेष्वर, रविन्द्र, लक्ष्मीबाई, सीताबाई पिता गोपीराम कुम्हार, कविताबाई बेवा छविलाल कुम्हार सा. गोसलपुर | 431/1 | 0.40 | 0.17 | | टीन शेड 30.0996 वर्ग.मी., कच्चा कबेलू 137.0275 वर्ग.मी.,बाउन्ड्रीवाल (खुली छत) 8.8255 वर्ग. मी. |
| 21 | विनय दुबे पिता नर्मदा प्रसाद दुबे सा. त्रिपुरी जबलपुर | 431/2 | 0.06 | 0.06 | | |
| 22 | छोटेलाल पिता ढोला कुम्हार सा. देह | 436 | 0.46 | 0.02 | | |
| 23 | सुरेश कुमार पिता अमरचंद पालीवाल, राकेश कुमार पिता अमरचंद पालीवाल | 475/1 | 0.04 | 0.01 | | |
| | कुल योग :- 23 | | 7.760 | 2.100 | | |

मध्यप्रदेश के राज्यपालन के नाम से तथा आदेशानुसार
(राघवेंद्र सिंह, I.A.S.)
कलेक्टर जबलपुर एवं पदेन अपर सचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला- जबलपुर (म.प्र.)

G-20908/25

"स्वच्छता ही सेवा"

चिंतन

# देश के युवाओं को प्रेरणा दे रहीं इसरो की उपलब्धियां

यह ऐसे संगठन की कहानी है, जिसने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और आर्थिक रुकावटों को न केवल चुनौती दी, बल्कि कम संसाधनों के साथ वह काम कर दिखाया, जिसकी दुनिया ने कल्पना तक नहीं की थी। अपनी खुद की तकनीक विकसित की और एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति के रूप में विश्व स्तर पर ख्याति अर्जित की। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) नाम है इस संगठन का। इसरो भारत की शान है, क्योंकि इसके वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी प्रगति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसरो ने चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1 मिशन, जिसने भारत को वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाया है। इसरो ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के साथ भी उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी, जिसने पूरी दुनिया को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 पहला सौर मिशन, मंगलयान और एक ही मिशन में 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण न केवल हमारे वैज्ञानिकों के कौशल दक्षता को दर्शाते हैं, बल्कि हर देशवासी को गर्व का अनुभव भी करवाते हैं। अब इसरो ने एक और कारनामा कर दिखाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 4,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले कम्युनिकेशन सैटेलाइट को रविवार को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। यह लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई। सैटेलाइट को सफलतापूर्वक उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया गया। इससे पहले क्रायोजेनिक स्टेज इग्नाइट हुआ था। एलवीएम 3-एम5 पावर्ड फ्लाइट के आखिरी फेज में पहुंचा। पहले रॉकेट घने एटमॉस्फियर से बाहर निकला था। ऐसे में इसे एयरोडायनामिक हीटिंग से सुरक्षा की जरूरत खत्म हो गई थी। इसरो ने कन्फर्म किया है कि प्रोपल्शन बे के दरवाजे सफलतापूर्वक खुल गए हैं।

सैटेलाइट के कंट्रोल सिस्टम ने ऑनबोर्ड थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करके सीएमएस-03 को उसकी ऑर्बिट में स्टेबल करने और गाइड करने का काम संभाल लिया है। मिशन का उद्देश्य यह है कि बहु-बैंड संचार उपग्रह सीएमएस-03 भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। इससे नौसेना को भारी मजबूती मिलेगी। यह सैटेलाइट भारतीय नौसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर बनाए गए स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स के साथ नेवी की स्पेस-बेस्ड कम्युनिकेशन और समुद्री इलाके की जानकारी रखने की कैपेबिलिटी को और मजबूत करेगा। इसमें कई स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स शामिल हैं, जिन्हें खास तौर पर भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। इस सैटेलाइट को मशहूर एलवीएम 3 लॉन्च वीकल से लॉन्च किया गया। इसी लॉन्च वीकल ने चंद्रयान-3 मिशन में भारत को चांद के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतारा था। यह इस व्हीकल की पांचवीं ऑपरेशनल उड़ान थी। इस कामयाबी से देश की सुरक्षा मजबूत होगी। यह तीसरी आंख के रूप में समुन्द्री क्षेत्र में दुश्मन की हर हरकत पर नजर रखेगा। इसरो न केवल देश की सुरक्षा को मजबूत बना रहा है, बल्कि खासकर युवाओं के लिए, प्रेरणा का स्त्रोत हैं। यह अनुशासन, लगन और नवाचार का एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सिखाता है कि कैसे दृढ़ संकल्प से चुनौतियों को पार किया जा सकता है। युवा भी इसरो से प्रेरणा लेकर खुद को मजबूत कर आगे बढ़ सकते हैं और अनुकरणीय उदाहरण पेश कर सकते हैं।



चुनाव
सुरेश हिन्दुस्तानी

# वादों और दावों के बीच झूलता बिहार

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा ही है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी।

बिहार में चुनावी घमासान की हवा चल रही है। प्रमुख राजनीतिक दल इस हवा के रुख को अपनी ओर मोड़ने का जी तोड़ प्रयास भी कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई भी ऐसी आश्वस्ति परिलक्षित नहीं हो रही है कि हवा किस ओर बह रही है। राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे दावे और वादे सत्ता की राह को आसान बनाने की मात्र कवायद ही कही जा सकती हैं। बिहार की राजनीति में चार प्रमुख राजनीतिक दल जोर लगा रहे हैं, बाकी के सभी इनके सहारे सत्ता का स्वाद चखने के लिए लालायित हैं। यह प्रमुख दल अपने ही दल के अंदर उठ रहे भीतरघात के लावे से परेशान हैं। जहां तक राष्ट्रीय जनता दल की बात है तो उनके घर के अंदर से ही विरोध की चिंगारी सुलग रही है। जो भविष्य में बड़ी आग का रूप ले सकती है। तेजप्रताप यादव नए दल के साथ चुनावी मैदान में उतरकर तेजस्वी के सपनों को मिटाने का अभियान छेड़े हुए हैं, वहीं उनके पिता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के शासन करने का अंदाज एक बड़ी चुनौती बन रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक प्रकार से इसी को चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि बिहार को विकास चाहिए या फिर जंगलराज चाहिए। लालू प्रसाद यादव के शासन के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इस आशय की टिप्पणी की गई थी कि बिहार में जंगलराज है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अपनी सरकार के बारे में बताने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए राजद के पास केवल भाजपा का विरोध करना ही प्रचार करने का एकमात्र विकल्प है। यह वोट प्राप्त करने का माध्यम तो बन सकता है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से नकारात्मक राजनीति का पर्याय ही माना जाएगा। नकारात्मक राजनीति किसी भी प्रकार से उचित नहीं मानी जा सकती।

बिहार की राजनीति में वोट चोरी का मामला भी जोर शोर से उठाया गया। इसका लाभ भी विपक्ष उठा सकता था, लेकिन ऐसा लगता है कि इस मुद्दे को उठाने में विपक्ष ने जल्दबाजी कर दी। चुनाव आयोग की ओर से वोट चोरी के बोर में पक्ष रखने के बाद यह मुद्दा गहरी खाई में समा गया। कांग्रेस और राजद की ओर से जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, वह यही संकेत करती है कि इनको सत्ता प्राप्त करने की जल्दी है। हमारे देश में एक कहावत तो सबने सुनी ही होगी कि जल्दी फायदा कम, नुकसान ज्यादा करती है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की दोस्ती का परिणाम सभी देख चुके हैं। अब बिहार में राहुल और तेजस्वी एक साथ हैं।

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा बनी हुई है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी। अगर बिहार में तेजप्रताप अपना राजनीतिक कौशल दिखा पाते हैं तो यह स्वाभाविक तौर पर कहा जा सकता है कि फिर तेजस्वी की राह कांटों भरी ही होगी। दोनों भाइयों के बीच यह राजनीतिक घमासान मात्र नेतृत्व की ही लड़ाई है। यह भी सबको समझ में आ रहा है। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का चुनावी मैदान में आना राजनीतिक सौदेबाजी करने जैसा ही माना जा रहा है। प्रशांत किशोर जितना जोर दिखाएंगे, उतना ही वह बिहार की राजनीति को प्रभावित करेंगे। यह प्रभाव किसके लिए खतरा बनेगा, यह अभी से कह पाना संभव नहीं है, लेकिन बिहार की राजनीति स्थिति को देखकर यही कहा जा रहा है कि प्रशांत किशोर का फोकस उन वोटों पर अधिक है, जो राजद या कांग्रेस को मिलते हैं। कर्पूरी ठाकुर के परिजन को अपनी पार्टी से उम्मीदवार बनाना भी संभवतः इसी रणनीति का ही हिस्सा है।

जहां तक भाजपा और नीतीश कुमार की जदयू की बात है तो यही कहा जा सकता है कि यह दोनों ही विकास के नाम पर वोट मांग रहे हैं। बिहार को विकास की जरूरत भी है। भाजपा और जदयू को लगता है कि विकास के नाम पर उसे फिर से सत्ता प्राप्त हो जाएगी। इसके विपरीत विपक्ष की ओर से कांग्रेस और राजद की ओर से आम जन के निजी स्वार्थों को कुरेदकर उनको आर्थिक लाभ देने के वादे किए जा रहे हैं। ऐसे वादे लोग को त्वरित लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। नौकरियां देना भी असंभव है, इसलिए स्वरोजगार देने का प्रयास करना चाहिए। युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास करने की आवश्यकता है।




राजनीति को जन भावनाओं के अनुसार ही होना चाहिए। इसके लिए परिवारवाद नहीं, लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर राजनीतिक दल को प्रयास करना चाहिए। हालांकि हमारा आशय परिवार के सहारे राजनीति में कदम रखने वाले राहुल और तेजस्वी के राजनीतिक अस्तित्व पर सवाल खड़े करने का नहीं है। हो सकता है कि वे देश की भावी राजनीति के सूत्रधार बनें, लेकिन फिलहाल उनके खाते में ऐसी कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं है। विपक्ष की दूसरी कठिनाई यह है कि इनके पास प्रचार करने वाले जमीनी नेताओं की कमी है, जबकि भाजपा और जदयू में ऐसे नेताओं की लम्बी सूची है। अब देखना यह है कि बिहार की जनता किसको पसंद करेगी और किसको नापसंद, यह आने वाले समय में पता चल जाएगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

फिलहाल
डॉ. मोनिका शर्मा



# गृहिणियों को मिले संपत्ति स्वामित्व का अधिकार

बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने स्त्री शक्ति की अहमियत समझने से जुड़ा एक अहम निर्णय दिया। न्यायालय द्वारा परिवारों में गृहिणियों के योगदान को मान्यता देने की वकालत की गई। दिल्ली हाईकोर्ट के अनुसार अब समय आ गया है कि घर-परिवार संभाल रही स्त्रियों की भूमिका को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी अधिकारों के संदर्भ में मान्यता दी जाए, क्योंकि घर बनाने और चलाने में गृहिणियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। असल में यह फैसला स्त्री शक्ति के उस रूप की ओर ध्यान दिलाता है, जिसकी भागीदारी अनदेखी रह जाती है। असल में बड़े-बुजुर्गों की संभाल से लेकर आंगन में अपनेपन को कायम रखने तक, गृहिणियों की भूमिका बहुत अहम है। बावजूद इसके, जिम्मेदारियां निभाने में पूरा जीवन लगा देने वाली बहुत सी घरेलू स्त्रियों के हिस्से कुछ नहीं आता। मान-सम्मान के मोर्चे पर उपेक्षा ही नहीं आर्थिक पहलू पर असुरक्षा भी उनके मन को घेरे रहती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला स्त्री शक्ति की इस भूमिका की गरिमा को समझने की बात लिए है। घर आंगन तक सिमटी महिलाओं की इस अहम भागीदारी के मूल्य को समझकर सम्मान देने का आह्वान करता है।


आमतौर पर घरेलू महिलाएं आर्थिक मामलों में अपनी बात कम ही रखती हैं। यहां तक कि घर संभालने-चलाने से जुड़ी अपनी फाइनेंशियल वैल्यू भी नहीं आंकतीं। परिजन-स्वजन तो इस विषय में सोचते ही नहीं। तभी तो बहुत से बदलावों के बावजूद उनकी मेहनत की अनदेखी कायम है। ऐसे में इस न्यायिक निर्णय से घर, परिवार और बच्चों की देखभाल में गृहिणियों के योगदान को आंकते हुए मालिकाना अधिकारों का फैसला लेने में मदद मिलेगी। दिन रात अपनों को बिना मांगे मिलने वाले उस सहयोग का मूल्य तय किया जा सकेगा, जिसे आर्थिकी के किसी खांचे में नहीं रखा जाता। न्यायालय ने भी कहा है कि घरों में पूर्णकालिक गृहिणियों की मौजूदगी से विशेष मदद मिलती है। साथ ही हमारे देश के बहुत से परिवारों में घरेलू सहायक भी नहीं हैं। स्पष्ट है कि इन परिवारों में गृहिणियों की मौजूदगी बहुत से खर्चों को बचाती है।

दुःखद है कि गृहिणी के रूप में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी की अनदेखी का भाव सदा से रहा है, उनके मालिकाना हक को लेकर न सोचने के पीछे भी उनके श्रम की उपेक्षा ही है, जबकि गृहिणियों को अपनी दिनचर्या का बड़ा हिस्सा उन अवैतनिक कार्यों को करने में बिताती हैं, जिनके लिए घरेलू सहायक अच्छी ख़ासी तनख्वाह लेते हैं। अफसोस है कि महिलाओं को उनके कामों के लिए आर्थिक लाभ देने में ही नहीं, इस भूमिका को सम्मानजनक मनाने का भाव भी नदारद है। गौरतलब है कि पश्चिमी देशों में गृहिणी के रूप में भी महिलाओं के श्रम और आर्थिक भागीदारी को बहुत महत्व दिया जाता है। हमारे यहां घर पर रहने वाली महिलाओं के हिस्से विकसित देशों की स्त्रियों से ज्यादा काम हैं। वहां के मुक़ाबले सुविधाएं भी बहुत कम हैं। ध्यातव्य है कि हमारे देश में गृहिणियों की बचत समूची बचत का 24 फीसदी है। बचत की यह भागीदारी दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। कहना गलत नहीं होगा कि उनसे मिले स्नेह, सहयोग और संबल का आर्थिक मोल आंकना तो असंभव है। ऐसे में गृहिणी की पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी की अनदेखी को रोकने के लिए संपत्ति स्वामित्व में उनके अधिकारों को रेखांकित करना भी बेहद जरूरी है।

ध्यातव्य है कि घरेलू महिलाएं भी देश की श्रमशक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कमोबेश हर अध्ययन अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी की बात कहता है। ऐसे में बीते दिनों चर्चा में आया संपत्ति के अधिकार की मांग से जुड़ा मामला और यह फैसला दोनों विचारणीय हैं।दरअसल, एक महिला द्वारा उच्च न्यायालय से मांग की गई थी कि विवादित संपत्ति में उसका भी समान और वैध अधिकार घोषित किया जाय। महिला की ओर से कहा गया था कि उसने परिवार की देखभाल के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। उसे उसका हिस्सा न मिलना एक तरह का अन्याय ही होगा। इस मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि ससुराल में पत्नी का रहना मात्र, अपने आप में उसे पति के नाम पर मौजूदा संपत्तियों पर मालिक होने का अपराजेय अधिकार प्रदान नहीं कर सकता है। इसके लिए ठोस साक्ष्य और घरेलू योगदान को स्थापित करना जरूरी है। न्यायालय की यह टिप्पणी बहुत जरूरी बात लिए है। असल में देश की बहुत सी गृहिणियों की यही स्थिति है कि वे श्रम शक्ति में भागीदारी निभाने के बावजूद संपत्ति के अधिकार से वंचित हैं। अब जरूरी है कि उनकी आर्थिक भागीदारी की अहमियत हर मोर्चे पर पहचानी जाए और उन्हें उनका हक मिले।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

## तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## सटाका




## आज की पाती

### दिल के रोगों के प्रति सचेत रहें

हाल के वर्षों में दिल के बढ़ते रोग हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने सबसे महत्वपूर्ण अंग- हृदय- की सेहत पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में लगभग 27 फीसदी सिर्फ हृदय रोगों के कारण होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है, जो सामान्य और स्वस्थ दिखते हुए भी अचानक हृदयघात का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हम चेहरे और शरीर की देखभाल में तो समय निकालते हैं, लेकिन दिल की सुरक्षा को नजरअंदाज़ कर देते हैं। यह अंग बिना रुके दिन-रात काम करता है और जीवन को धड़कन देता है। ऐसे में जागरूकता व संतुलित जीवनशैली ही इसे मजबूत रख सकती है।

*- सूरज विश्वकर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### अत्यंत दुःख हुआ



साहित्यकार और शिक्षाविद रामदरश मिश्र जी के निधन से अत्यंत दु:ख हुआ है। उनका जाना हिंदी और भोजपुरी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सशक्त बना रहे



शिलांग स्थित मशरूम विकास केंद्र का दौरा करके सचमुच बहुत खुशी हुई। मैंने देखा कि कैसे नवाचार और उद्यम जीवन बदल रहे हैं, किसानों को सशक्त बना रहे हैं, रोज़गार पैदा कर रहे हैं और आत्मनिर्भर उत्तर पूर्व का निर्माण कर रहे हैं।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री


### भाजपा-कांग्रेस एक



भाजपा और कांग्रेस अब एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों के ज्वाइंट धंधे हैं, साथ में बिजनेस करते हैं। इसलिए कांग्रेस नहीं चाहती कि भाजपा की सरकार जाए। सोचिए जेल सिर्फ आम आदमी पार्टी वाले ही क्यों जाते हैं, कांग्रेस वाले क्यों नहीं?

-अरविंद केजरीवाल, आप नेता

### मेरे पहले हीरो शाहरूख




दिलों के सच्चे बादशाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मेरे पहले हीरो शाहरूख खान रोमांस की असली कला सिखाने वाले हैं। आपके उत्तम स्वास्थ्य, खुशी, प्यार और सफलता की कामना हैं।

-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

### द. चीन सागर में दृढ़तापूर्वक मुकाबला करे आसियान

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से अपील की है कि वे दक्षिण चीन सागर में चीन की अस्थिर करने वाली बढ़ती गतिविधियों का दृढ़तापूर्वक मुकाबला करने के लिए तैयार रहें और अपनी समुद्री सेनाओं को मजबूत बनाएं। हेगसेथ ने हालांकि इसके कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर चीन के प्रति नरम रुख अपनाते हुए कहा कि अमेरिका-चीन संबंध कभी इतने अच्छे नहीं रहे और दोनों पक्षों ने सीधे तौर पर सैन्य संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। शनिवार को मलेशिया में दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) के अपने समकक्षों के साथ हुई बैठक में हेगसेथ ने विवादित जल क्षेत्रों में चीन की आक्रामकता को लेकर अमेरिका की चिंताओं को दोहराया और जहाजों को टक्कर मारने जैसी घटनाओं का हवाला दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि चीन का उकसाने वाला व्यवहार उसके पड़ोसियों की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। हेगसेथ ने कहा, दक्षिण चीन सागर में चीन के व्यापक क्षेत्रीय एवं समुद्री दावे शांतिपूर्ण तरीके से विवादों को सुलझाने के वादों के विपरीत हैं। उन्होंने कहा, हम शांति चाहते हैं। संघर्ष नहीं चाहते लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चीन आप पर या किसी और पर प्रभुत्व जमाने की कोशिश न करे।



## ऑफ बीट

### कृषि ड्रोन विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं

पिछले एक दशक में ड्रोन रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवा और निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ड्रोन ने लोगों के खाद्य उत्पादन के तरीके को भी बदलना शुरू कर दिया है। कृषि और ग्रामीण विकास का अध्ययन करने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों के रूप में हमारे शोध में, हमने यह दस्तावेजीकरण करने का प्रयास किया कि कृषि ड्रोन दुनियाभर में कहां-कहां उड़ान भर चुके हैं, वे क्या कर रहे हैं और वे इतनी तेजी से इतनी दूर तक क्यों पहुंच गए हैं। हमने यह भी पता लगाया कि इन बदलावों का किसानों, पर्यावरण, जनता और सरकारों के लिए क्या अर्थ है। कुछ साल पहले तक कृषि ड्रोन महंगे, छोटे और इस्तेमाल में मुश्किल होते थे, जिससे किसानों के लिए उनका आकर्षण सीमित था। इसके विपरीत, आज के मॉडल खरीद के तुरंत बाद उड़ाए जा सकते हैं और 220 पाउंड (100 किलोग्राम) तक का भार उठा सकते हैं - जो उर्वरक की दो बोरियों के बराबर है। करों, शुल्कों और नौ-परिवहन लागतों के कारण इनकी कीमतें अलग-अलग देशों में अलग-अलग होती हैं। अमेरिका में, एक ड्रोन मालिक को उसी उपकरण के लिए 20,000 से 30,000 अमेरिकी डॉलर खर्च करने पड़ सकते हैं, जिसे चीन का एक किसान 10,000 अमेरिकी डॉलर से भी कम में खरीद सकता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# चमगादड़ों ने फिर फैलाया आतंक, ब्राजील में मिला कोविड-19 जैसा नया वायरस

**ब्रासीलिया।** जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम के वैज्ञानिकों की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने ब्राजील में मूंछों वाले चमगादड़ की एक प्रजाति में कोविड-19 जैसा एक नया वायरस खोजा है। इससे यह डर पैदा हो गया है कि यह वायरस इंसानों में फैल सकता है और एक नई बीमारी को जन्म दे सकता है। चमगादड़ कई वायरस के प्राकृतिक भंडार होते हैं, जिनमें बेटाकोरोनाविरस भी शामिल हैं जैसे गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोनावायरस 2, जिससे कोविड-19 हुआ और मध्य पूर्व श्वसन सिंड्रोम वायरस।



**क्या है इसका खतरा :** शोधकर्ताओं ने पाया कि यह नया वायरस इंसानों को संक्रमित करने वाले सीएआरएस-कोविड-2 से सिर्फ एक अमीनो एसिड के अंतर के साथ एक सक्रिय फ्यूरिन क्लीवेज साइट रखता है। यह साइट सीएआरएस-कोविड-2 और इबोला जैसे खतरनाक वायरसों में पाई जाती है और यह तय करती है कि वायरस कितना संक्रामक होगा और एक प्रजाति से दूसरी प्रजाति में फैल सकता है या नहीं।

## क्या है वायरस की पहचान?

ओसाका और सिडनी यूनिवर्सिटी की टीम ने पटेरोनोटस पारनेली नामक छोटे कीटभक्षी चमगादड़ में इस वायरस का पता लगाया। इस चमगादड़ के चेहरे पर छोटे-छोटे बालों के गुच्छे होते हैं। इस नए वायरस का नाम बीआरजेड बीएटी कोविड रखा गया है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसे पेपर में यह जानकारी दी है।

## वैज्ञानिकों की इस पर क्या राय है?

वैज्ञानिकों ने यह भी पाया कि बीआरजेड बीएटी सीओवी वायरस कोविड से मिलता-जुलता नहीं है, बल्कि यह ऊंट फ्लू वायरस से ज्यादा करीब है। एमईआरएस कोविड से कम फैलता है, लेकिन बहुत ज्यादा घातक है। वैज्ञानिकों ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि बीआरजेड बीएटी सीओवी इंसानों को संक्रमित करता है या चमगादड़ की आबादी से आगे फैल गया है। लेकिन, यह खोज बीआरजेड बीएटी सीओवी की विकास क्षमता और इससे इंसानों को होने वाले खतरेके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देती है।

# पाकिस्तानी एस्ट्रोनॉट स्पेस में भेजेगा चीन

**बीजिंग।** चीन की स्पेस एजेंसी ने कहा है कि वो पाकिस्तान दो अंतरिक्ष यात्रियों को ट्रेनिंग देगी और इनमें से एक यात्री को अपने स्पेश स्टेशन तियांगगोंग पर भी भेजेगा, जो वहां पर पाकिस्तान के लिए कुछ रिसर्च कार्य करेगा। चीन-पाकिस्तान दोनों अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक-दूसरे सहयोगी हैं। यही कारण है कि यह पहली बार होगा जब कोई गैर चीनी एस्ट्रोनॉट चीन के स्पेस स्टेशन पर जाएगा। चीन ने अपना स्पेश स्टेशन 2022 के आखिर में पूरी तरह शुरू कर दिया था। इसका नाम 'तियांगोंग' रखा है, जिसका अर्थ 'स्वर्ग का महल' है। तियांगोंग जमीन से लगभग 400 किलोमीटर ऊपर है और अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की तरह ही वैज्ञानिक रिसर्च के लिए प्रयोगशाला का काम करता है, जहां चीनी अंतरिक्ष यात्री लगातार रहते हैं।

पाकिस्तान में नमीरा सलीम को पहला अंतरिक्ष यात्री माना जाता है। हालांकि, नमीरा किसी मिशन के लिए स्पेस में नहीं गई हैं, बल्कि वो सिर्फ सैर करने के लिए अंतरिक्ष में गई थीं।

आम लोगों को अंतरिक्ष की सैर कराने वाली कंपनी वर्जिन गैलेक्टिक की सदस्य रही हैं। वो एक लंबे समय से स्पेस टूरिज्म में काम कर रही हैं। कराची में पैदा होने वाली नमीरा लाखों आवेदकों में से चुनी गईं थीं ताकि वे वर्जिन गैलेक्टिक की अंतरिक्ष यात्रा में हिस्सा ले सकें।

## माउंट एवरेस्ट छलांग लगा चुकी हैं नमीरा

नमीरा सलीम माउंट एवरेस्ट पर स्काईडाइव करने वाली एशिया की पहली महिला भी हैं। उन्होंने यह कारनामा 2008 में माउंट एवरेस्ट पर पहली स्काईडाइव्स टीम के साथ किया था।

# इस देश में बिना दुकानदार के चलती हैं दुकानें, नहीं रहता एक भी स्टाफ

**ओस्लो।** नॉर्वे में एक अनोखी शॉपिंग क्रांति हो रही है। यहां बिना किसी स्टाफ के दुकानें 24/7 खुली रहती हैं। टूरिस्ट ने देखा कि क्रेडिट कार्ड स्वाइप या क्यू कोड स्कैन कर दरवाजा खुलता है। अंदर जाकर सामान चुनें, सेल्फ-चेकआउट पर स्कैन करें, ऐप या कार्ड से पेमेंट करें। फिर दरवाजा ऑटोमैटिक खुल जाता है। दुकानों में एआई, कैमरा और आरएफआईडी से चोरी रोकी जाती है। यह सिस्टम ग्रामीण इलाकों और रात में सुविधा देता है। बिना किसी स्टाफ के ऑपरेट होने वाली इन दुकानों में आप खुद अंदर जाकर शॉपिंग कर सकते हैं। आपको अपने क्रेडिट कार्ड से स्टोर का दरवाजा खोलना पड़ता है। इसके बाद आप स्टोर के अंदर जाकर सामान खरीद सकते हैं। सामान को स्कैन कर सकते हैं और बिल पे कर सकते हैं। इसके बाद स्टोर का दरवाजा खुल जाएगा और आप बाहर जा सकते हैं। पढ़ने में ऐसा लग रहा होगा जैसे ये कोई काल्पनिक दुनिया की कहानी है। लेकिन, यह कोई कल्पना नहीं, बल्कि नॉर्वे की हकीकत है। यहां अनमैन्ड स्टोर्स एक आम बात बन चुकी हैं, जो टेक्नोलॉजी के दम पर 24/7 खुली रहती हैं।



## यूं करें शॉपिंग

एक बार आप स्टोर के अंदर चले गए, उसके बाद ग्राहक सामान चुनते हैं। फिर सेल्फ-चेकआउट मशीन पर बारकोड स्कैन करते हैं। पेमेंट ऐप या कार्ड से होता है। अगर कुछ स्कैन ना किया हो, तो अलर्ट बज जाता है। बाहर निकलते वक्त फिर क्यूआर कोड या कार्ड वैरिफाई करना पड़ता है। यह सिस्टम चोरी रोकने के लिए हाई-टेक है। कैमरे, एआई अल्गोरिदम और रेफिड टैग्स हर मूवमेंट ट्रैक करते हैं। नॉर्डिक आईडी जैसी कंपनियां रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन रीडर्स इस्तेमाल करती हैं, जो सामान को ऑटोमैटिक पहचानते हैं। अगर कोई सामान बिना पेमेंट के ले जाए, तो सेंट्रल सिक्योरिटी डेस्क को अलर्ट चला जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चोरी की दर पारंपरिक दुकानों से 50% कम है।

# अंतरिक्ष में जल्द दिखेगा सुपरमून का दिलचस्प नजारा, धरती के सबसे करीब आ रहा चांद

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

खगोलविज्ञानियों और अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वालों को जल्द ही बेहद शानदार नजारे का दीदार होने वाला है। 5 नवम्बर बुधवार को आसमान में चांद थोड़ा और बड़ा और चमकीला दिखाई देगा। ऐसा सुपरमून की वजह से हो रहा है। सुपरमून तब होता है जब पूर्णिमा का चांद अपनी कक्षा में पृथ्वी के सबसे ज्यादा नजदीक होता है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का कहना है कि इस वजह से चांद साल के सबसे धुंधले चांद की तुलना में 30% ज्यादा चमकीला और 14% बड़ा दिखाई देता है।

दरअसल, चंद्रमा पृथ्वी चक्कर लगाता है लेकिन यह कक्षा पूर्ण वृत्ताकार नहीं है। इसलिए जैसे-जैसे यह परिक्रमा करता है, नजदीक और दूर होता जाता है। 5 नवम्बर को होने वाला सुपरमून इस साल के तीन सुपरमून में से दूसरा और सबसे नजदीकी है। इस दौरान चांद पृथ्वी से लगभग 357000 किलोमीटर की दूरी पर होगा।



## समुद्र में उठ सकता है ज्वार

लोवेल ऑब्जर्वेटरी के खगोलशास्त्री लॉरेंस वासरमैन का कहना है कि सुपरमून के दौरान समुद्र में ज्वार थोड़ा ज्यादा हो सकता है, क्योंकि चांद पृथ्वी के ज्यादा नजदीक होगा। हालांकि, यह अंतर ज्यादा दिखाई नहीं देगा। अगर आसमान साफ हो तो सुपरमून देखने के लिए किसी विशेष उपकरण की जरूरत नहीं होती।

## कैसे दिखाई देगा सुपरमून?

अगर आसमान साफ हो तो सुपरमून देखने के लिए किसी विशेष उपकरण की जरूरत नहीं होती। हालांकि, चंद्रमा के आकार में परिवर्तन को नंगी आंखों से देख पाना कठिन हो सकता है। खगोल विज्ञानियों का कहना है कि यह अंतर अन्य तस्वीरों या अवलोकनों की तुलना में सबसे साफ होता है। सुपरमून शब्द पहली बार 1979 में खगोलशास्त्री रिचर्ड नोले ने इस पूर्ण चंद्रमा के लिए इस्तेमाल किया था, जो साफ तौर पर बड़े और चमकीले दिखाई देते हैं। नवम्बर का बीवर मून इस साल पृथ्वी का सबसे निकटतम पूर्ण चंद्रमा होगा, इसलिए यह सबसे चमकीला होगा और सबसे बड़ा दिखाई देगा।



# 11 साल की पूजा बनी मुनकी की मां, चार महीने तक पाला हिरण का बच्चा



**जयपुर।** जैसलमेर जिले के लाठी क्षेत्र के सनावड़ा गांव में 11 साल की बच्ची पूजा ने ऐसा काम किया है, जिसने पूरे क्षेत्र को भावुक कर दिया। पूजा ने चार महीने पहले एक बेसहारा हिरण के बच्चे को गोद लिया, उसे अपने हाथों से पाला और उसकी देखभाल उसी स्नेह से की जैसे कोई मां अपने बच्चे की करती है। उस मासूम हिरण का नाम उसने प्यार से 'मुनकी' रखा।

## दर्द से शुरू हुई ममता की यह कहानी

यह कहानी जून महीने की एक दोपहर की है, जब गांव के पास के खेतों में कुछ आवारा कुत्तों ने एक मादा हिरण पर हमला कर दिया। जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक हिरण की मौत हो चुकी थी। पास में एक छोटा-सा हिरण का बच्चा छिपा हुआ मिला, जो भयभीत और बेसहारा था। उसी समय पूजा अपने पिता भगवान सिंह के साथ वहीं मौजूद थी। उसने अपने पिता से कहा कि पापा, इसे घर ले चलते हैं, नहीं तो यह भी मर जाएगी। बेटी की संवेदना देखकर पिता का दिल पिघल गया और वे हिरण के बच्चे को घर ले आए। इसी पल से शुरू हुई इंसान और वन्यजीव के बीच की एक अनोखी और भावनात्मक कहानी।

## मुनकी को बना लिया परिवार का हिस्सा



घर लाने के बाद पूजा ने मुनकी को गाय और बकरी का दूध पिलाना शुरू किया। वह हर सुबह सबसे पहले मुनकी की देखभाल करती, उसे नहलाती, खिलाती और गोद में सुलाती थी। पूजा और मुनकी के बीच ऐसा गहरा रिश्ता बन गया कि अगर पूजा कुछ देर के लिए दूर चली जाती, तो मुनकी बेचैन हो जाती और खाना नहीं खाती। परिवार के लोगों का कहना है कि मुनकी ने पूजा को अपनी मां मान लिया था।

## विदाई के वक्त छलक उठे आंसू

चार महीने तक पूजा ने मुनकी की देखभाल की। जब वह मजबूत और स्वतंत्र हो गई, तो वन विभाग ने उसे जंगल में लौटाने का निर्णय लिया। वनपाल कमलेश कुमार और वन्यजीव प्रेमी धर्मेंद्र पूनिया टीम के साथ गांव पहुंचे और पूजा को समझाया कि अब मुनकी को अपने असली घर यानी जंगल में रहना चाहिए। जब हिरण को ले जाने का समय आया, तो पूजा ने उसे गले लगाकर विदा किया और उसकी आंखों से आंसू बह निकले। पूरा गांव इस भावनात्मक दृश्य को देखकर भावुक हो उठा। पूजा ने कहा कि अब वो बड़ी हो गई है, अपने घर लौट गई है, लेकिन वो हमेशा मेरे दिल में रहेगी।

## पूजा का वन अधिकारी बनने का सपना

वनपाल कमलेश कुमार ने इस घटना को वन्यजीव संरक्षण की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि पूजा और मुनकी की कहानी यह साबित करती है कि ममता की कोई सीमा नहीं होती। वन्यजीव प्रेमी धर्मेंद्र पूनिया ने पूजा को सम्मानित किया और 500 रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया। अब पूजा का सपना है कि वह बड़ी होकर वन अधिकारी बने। वह कहती है कि मुनकी अब जंगल में खुश है। मैं बड़ी होकर उन सबकी रक्षा करूंगी जो बोल नहीं सकते।

# महासागर में टिक-टिक करता 'टाइम बम'! फटा तो बदल देगा दुनिया का मौसम

**लंदन।** अंटार्कटिक महासागर इंसानों द्वारा फैलाई जा रही गर्मी और कार्बन को अपने अंदर स्टोर करके बैठा है। वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं कि कभी भी ये महासागर इंसानी डकार की तरह सारी गर्मी उगल सकता है। ऐसे में क्लाइमेट रिकवरी शुरू होने के राहत की सांस जल्दी नहीं मिलेगी। महासागर धरती को बचाने में ढाल बनकर खड़े होते हैं, इनकी प्रक्रिया धीमी पर प्रभावशाली होती है। दक्षिणी महासागर की बात करे तो ये पिछले सौ सालों से धरती को हीरो की तरह बचा रहा है। लेकिन, अब वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं कि जैसे ज्यादा खाना खा लेने पर उल्टी या डकार आती है और गैस निकल जाती है, जिससे पेट को आराम मिल जाता है। ठीक वैसे ही कार्बन और गर्मी से समंदर का पेट आग का गोला बन चुका है और अब इस बात का डर है कि समंदर डकार लेकर ये सारी गर्मी एक झटके में ना छोड़ दे। ऐसा हुआ तो आने वाले 100 सालों तक इसका प्रभाव रहेगा।

## समुद्र में गर्मी नीचे की और जा रही है।

धरती पर मौसम और हवा के साथ-साथ वातावरण को बदलने में ज्यादा देर नहीं लगती है। जैसे आज तेज धूप पड़ रही है पसीने आ रहे हैं तो जरूरी नहीं की कल भी गर्मी ही होगी। ऐसा भी हो सकता है कि कल को आपको रजाई लेनी पड़ जाए। लेकिन, समुद्र के नीचे की दुनिया बिल्कुल अलग है, वहां इतनी जल्दी कुछ नहीं होता है। समंदर की दुनिया बहुत बड़ी, लेकिन धीमी होती है। इसमें बदलाव बड़े होते हैं जो देर से होते हैं और देर तक रहते हैं। समुद्र में गर्मी नीचे की और जा रही है। खासतौर से दक्षिणी सागर की बात करें तो यहां की धाराएं बदल चुकी हैं। पहले से ठंडी हवाएं ऊपर की ओर आती थी, लेकिन हम गर्मी नीचे की तरफ जा रही है और समंदर के नीचे लगातार एक बड़ा गर्मी का गुबार बन रहा है जो कि चिंता का विषय है।



## ग्लोबल साउथ

मॉडल के हिसाब से ये बीयूआरपी पूरी विश्व पर बराबर असर नहीं करेगा, लेकिन अपने आस-पास के क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। ये मुख्यत दक्षिणी गोलार्ध पर ज्यादा प्रभावी होगा। यहां के ज्यादातर क्षेत्रों में पहले से ही सूखा, तूफान और खाने का संकट मंडराया हुआ है। ऐसे में यदि इस इलाके में तापमान बढ़ता है तो इसके परिणाम घातक हो सकते हैं। इस क्लाइमेट की जंग में ग्लोबल साउथ सबसे आगे खड़ा है और सबसे ज्यादा प्रभाव भी इसी इलाके पर पड़ने वाला है।

## क्लाइमेट चेंज

क्लाइमेट को लेकर दुनिया यही सोचती है कि इंसान जितना कम कार्बन फैलाएगा, धरती उतनी ही ठंडी रहेगी। लेकिन, इस सोच और इसके परिणामों के बीच महासागर खड़े हैं। यही कारण है कि प्लान देर से असर दिखाएंगे। आज के कदम दशकों बाद नजर आने शुरू होंगे। ये सिर्फ एक टार्गेट नहीं बल्कि लंबी प्रक्रिया है।

## कार्बन

इंसान गर्मी पैदा कर रहे हैं और महासागर अपने अंदर उस गर्मी को लॉक कर रहा है। दरअसल, जर्मनी के साइंटिस्ट्स ने एक मॉडल बनाया। इस मॉडल में समुद्र की गहराई, समुद्र की बर्फ, बारिश, हवा की गर्मी और नमी के साथ पेड़ों की भूमिका को भी दर्शाया गया है। इस मॉडल के जरीये सोचा गया है या कल्पना की गई है कि यदि मानव लगभग आगे के 70 साल और प्रदूषण फैलाता रहेगा और कार्बन दोगुना हो जाएगा तो एक दिन पूरी दुनिया जाग जाएगी जब अचानक से फॉसिल फ्यूल में भारी कमी आ जाएगी। इसके अलावा तापमान धीरे धीरे कम होने लगेगा।

## समंदर लेगा डकार

जर्मनी के साइंटिस्ट्स ने जिस मॉडल को बनाया है , इस मॉडल के हिसाब से जब समंदर डकार लेकर सारी गर्म बाहर निकाल देगा तो धरती पर तेजी से तापमान बढ़ जाएगा। इसका असर औद्योगिक काल जितना खतरनाक भी हो सकता है, इतना ही नहीं इस गर्मी का असर 100 साल से भी ज्यादा रह सकता है।

# क्या चींटियां बना सकती हैं दही? वैज्ञानिकों ने खोला राज



**कोपेनहेगन।** हम भारतीयों को दूध से दही जमाने की कला किसी से सीखने की जरूरत नहीं। घर में अगर थोड़ा दही बच जाए, तो अगली सुबह वही नए दही के लिए जामन बन जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं, सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के कई हिस्सों में दही तैयार करने के अपने-अपने अनोखे पारंपरिक तरीके हैं? कहीं मिट्टी के बर्तन का इस्तेमाल होता है, तो कहीं नीम की पत्ती या मिर्च डालकर दूध जमाया जाता है। पर आज हम जिस तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं, उसे सुनकर आप सचमुच हैरान रह जाएंगे। क्योंकि, इसमें दूध को दही बनाने के लिए किया जाता है चींटियों का इस्तेमाल! क्या आपने कभी सोचा है कि सिर्फ चार चींटियां डालकर दूध को दही में बदला जा सकता है? सुनने में अजीब जरूर लग रह होगा, लेकिन यह सच है! हाल ही में डेनमार्क की कोपेनहेगन यूनिवर्सिटी और टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ डेनमार्क के शोधकर्ताओं ने इस अनोखी परंपरा की सच्चाई सामने रखी है। यह तरीका तुर्की और बाल्कन देशों (अल्बानिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, बुल्गारिया, क्रोएशिया, कोसोवो, मोंटेनेग्रो, उत्तरी मैसेडोनिया, रोमानिया, सर्बिया और स्लोवेनिया) में सदियों से इस्तेमाल होता आ रहा है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, वैज्ञानिकों ने इस प्रयोग को समझने के लिए बुल्गारिया यात्रा की, जहां उनकी टीम की एक सदस्य का पैतृक गांव है। वहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके यहां दही बनाने का पुराना तरीका है, गर्म दूध में चार चींटियां डालो और बर्तन को रातभर चींटी के बिल के पास रख दो! शोधकर्ताओं ने भी गांव वालों के कहने पर यही किया। उन्होंने एक जार में गर्म दूध लिया और उसमें चार चींटियां डालीं। फिर उसे रातभर एक चींटी के बिल में रखा दिया। सुबह जब उन्होंने देखा, तो दूध गाढ़ा और खट्टा हो चुका था बिलकुल दही जैसा।

## वैज्ञानिकों ने बताया कि यह प्रक्रिया कैसे काम करती है

चींटियों के शरीर में लैक्टिक एसिड और एसिटिक एसिड बैक्टीरिया पाए जाते हैं। यही बैक्टीरिया दूध को फाड़ने और जमाने का काम करते हैं। यह वही प्रकार के सूक्ष्म जीव हैं जो बाजार में बिकने वाले ब्रेड में भी मिलते हैं। इसके अलावा, चींटियों के शरीर में नेचुरल एसिडिक तत्व होते हैं, जो दूध का पीएस कम करते हैं, जिससे दही बनाने के लिए सही माहौल बनता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, ताजी और जीवित चींटियों से सबसे अच्छे नतीजे मिले। वहीं, फ्रोजन या सूखी चींटियों से दूध नहीं जम पाया।

## यह प्रयोग घर पर करने की कोशिश न करें!

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि चींटियां पैरासाइट या हानिकारक बैक्टीरिया भी ला सकती हैं। इसलिए, इसे घर पर न आजमाएं। इस दिलचस्प खोज से प्रेरित होकर, डेनमार्क के मशहूर रेस्तरां के शेफ्स ने भी चींटी दही से कई नई डिशें तैयार कीं जैसे एक खास कॉकटेल और एंट-विच नाम की योगर्ट आइसक्रीम सैंडविच।

# गुरुनानक देव का विश्व बंधुत्व का संदेश देते निकला नगर कीर्तन जुलूस

## जुलूस पथ पर गूंजी गुरुनानक की ईश्वरीय गुरुवाणी

**जबलपुर।** नगर के ख्यात बैंड दल जोशीले अंदाज में गुरुनानक देव की इलाही गुरुवाणी नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार, जो श्रद्धा कर सिमदे गुरु पार उतारनहार जैसी मनमोहक धुन गुंजा रहे थे तो दूसरी तरफ श्रद्धालुओं के कीर्तन जत्थों में शामिल आबाल वृद्ध नर नारी, सतगुरू नानक परगटिया, मिटी धुंध जग चानन होआ जैसी यश अर्चन से भरपूर गुरुवाणी का आत्म मुग्ध गायन करते हुए दृष्टव्य थे। यह अनूठा अवसर था नगर कीर्तन का।

अपनी पद यात्राओं से इंसानी भाईचारा, विश्व बंधुत्व, समरसता, और विश्व शांति का इलाही पैगाम देकर समग्र विश्व में भारतीय अध्यात्म की अलख जगाने वाले जगतगुरू नानक देव जी के 556 वें प्रकाशोत्सव गुरुपर्व के अवसर पर आज नगर के सिख समाज द्वारा सामूहिक तौर पर सिविक सेंटर स्थित माता गुजरी महाविद्यालय मैदान से बहुरंगी, भव्य और प्रेरक नगर कीर्तन निकाला गया। नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करता हुआ यह नगर कीर्तन जब गुरुनानकस्थली गुरुद्वारा मढ़ाताल में संपन्न हुआ तब उपस्थित श्रद्धालुओं ने मुक्ताकाश से पुष्प वर्षा कर जोरदार





अभिनन्दन किया और कीर्तन दरबार के साथ ही गुरु का लंगर लगाकर कार सेवा भी की। नगर कीर्तन में मुख्य आकर्षण का केंद्र, स्वर्णिम आभा से युक्त पुष्प सज्जित आकर्षक स्वर्णरथ रहा जहां कलात्मक काष्ठ पालकी में स्थापित शब्दावतार साहिब श्री गुरुग्रंथसाहिब जी का पवित्र प्रकाश किया गया था। इनके समक्ष श्रद्धालुगण मिष्ठान और बताशे के थाल के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर माथा टेक कर आशीर्वाद ग्रहण कर रहे थे। पंथ के पंज प्यारों की अगुआई में समस्त गुरुद्वारों के शबद कीर्तन करते स्त्री पुरुषों के समूह और बैंड दल फिजा को पूर्णतः भक्तिमय बना रहे थे। गुरु गोबिंद सिंह विद्यालय, कैंट खालसा,गुरु रामदास महाविद्यालय, हरि सिंह कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय एवं माता गुजरी महिला महाविद्यालय आदि के छात्रगण, एन सी सी दल, गतका दल,बाल पंज प्यारे के साथ ही बड़ी संख्या में गुरुनानक वाणी के सर्व धर्म समभाव से ओतप्रोत बैनर झंडे और गुरुनानक लीला को प्रदर्शित करतीं झांकियां लेकर चल रहे थे। विभिन्न व्यापारी संघों और समितियों द्वारा तोरण द्वार लगाकर भंडारे एवं मिष्ठान वितरण कर भावभीना स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में,,,शामिल रहे। समापन अवसर पर मालवीय चौक में उत्साही नौजवानों ने आकर्षक आतिशबाजी और पटाखों के साथ ही जोरदार भांगड़ा कर माहौल को खुशनुमा कर दिया। प्रधानसाहब प्रताप सिंह विरदी, जत्थेदार कुलदीप सिंह बंसल, सचिव सुखवीर सिंह, इंदरपाल सिंह सेहमी, अवतार सिंह बांगा, जतिंदर सिंह सैनी, एम एस नागी, अमनदीप सिंह विरदी, रजिंदर सिंह धंजल, सुरिंदर सिंह अहलूवालिया एवं गुरुपर्व समिति ने नगर वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 5 नवम्बर को मनाई जाएगी गुरुनानक जयंती

गैरीसन मैदान में 5 नवम्बर को गुरुनानक जयंती मनाई जाएगी। इसी दिन गुरुनानक स्थली गुरुद्वारा मढ़ाताल में भोर बेला में प्रातः 4.30 बजे से प्रातः 9 बजे तक कीर्तन दरबार एवं गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा। उसके पूर्व 4 ता. को रात्रि 6 बजे से 11.30 बजे तक कीर्तन दरबार में विख्यात रागी जत्थे शिरकत करेंगे।



# प्राचीन बौद्ध मठ, गोपालपुर में बुद्धचरित्र भगवंत कथा का हुआ समापन

**जबलपुर।** प्राचीन बौद्ध मठ, गोपालपुर में आयोजित बुद्धचरित्र भगवंत कथा का भव्य समापन समारोह अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह सात दिवसीय कथा श्रृंखला बौद्ध धर्म के महान प्रवचनकार, महापंडित सद्धार्माचार्य पूज्य भिक्षु प्रियदर्शी थेरो के सान्निध्य में आयोजित की गई थी। पूज्य भिक्षु प्रियदर्शी थेरो, जो पाली, बौद्ध और संस्कृत साहित्य के मनीषी तथा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथाचार्य हैं, ने पूरे सप्ताह भर भगवान गौतम बुद्ध के जीवन, उपदेशों और धर्मचक्र प्रवर्तन की गाथा का सुन्दर वर्णन किया। उनके ओजस्वी और करुणामय प्रवचनों ने श्रोताओं के हृदय को गहराई से स्पर्श किया। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान बुद्ध का जीवन हमें सिखाता है कि दुःख का मूल कारण अज्ञान, तृष्णा और आसक्ति है और उसका निवारण केवल सम्यक दृष्टि, सम्यक विचार और सम्यक कर्म से संभव है। थेरो ने यह भी कहा कि बुद्ध का संदेश केवल एक धर्म विशेष के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के कल्याण हेतु है। जब समाज हिंसा, द्वेष और भेदभाव की ओर झुकता है, तब बुद्ध का करुणा और मैत्री का मार्ग हमें शांति और सहअस्तित्व की राह दिखाता है। कथा के समापन दिवस पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या प्राचीन बौद्ध मठ परिसर में एकत्र हुई। भिक्षु संघ द्वारा मंगलाचरण एवं त्रिशरण "बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि" का सामूहिक पाठ हुआ। वातावरण बुद्ध-वंदना और घंटा-घड़ियाल की मधुर ध्वनियों से गूँज उठा। कार्यक्रम के दौरान कई सामाजिक एवं धार्मिक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा गया कि "भगवान बुद्ध के उपदेश आज के युग में पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं। जब मानव मन अस्थिरता, तनाव और असहिष्णुता से जूझ रहा है, तब बुद्ध का मध्यम मार्ग हमें संतुलन, संयम और स्थिरता की दिशा प्रदान करता है।"



# नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट के लिए विशेष पूजन सम्पन्न

**जबलपुर।** भेड़ाघाट स्थित कालीधाम हरे कृष्णा आश्रम में पूज्य दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में 468वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के शुभारंभ से पूर्व विशेष पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। यह भव्य परिक्रमा 5 नवम्बर (कार्तिक पूर्णिमा) को निकाली जाएगी।

पूजन में श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल, संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, मोहित तिवारी, नितिन चौबे, सत्यप्रकाश नामदेव तथा दीपक तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गढ़ा में मदरसा अहले सुन्नत का सालाना जलसा संपन्न

## बच्चों ने दी प्रेरक प्रस्तुतियां, समाजसेवी युवाओं का हुआ सम्मान

**जबलपुर।** उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा स्थित तकिया मोहल्ला में मंगलवार रात्रि 8 बजे मदरसा अहले सुन्नत गढ़ा के तत्वावधान में सालाना जलसा अकीदत और मुहब्बत के साथ आयोजित किया गया। जलसे की शुरुआत हाफ़िज़ शाहरुख और हाफ़िज़ इमरान ने तिलावत-ए-कुरआन पाक से की। जलसे की सदारत हाजी शेख शहादत एवं सरपरस्ती हाजी खलील शाह इंजीनियर ने की। कलीम बाबा की हिमायत तथा मुदर्रिस (शिक्षक) हाफिज नूरूल इस्लाम की कयादत में जलसे का संचालन हाफ़िज़ असद करबलाई ने किया। जलसे में



मदरसे के मासूम बच्चों ने पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद (सल्ल.) की सीरत-ए-तय्यबा और आदर्शों पर रौशनी डाली। साथ ही प्रकृति संरक्षण, वृक्षारोपण, देशप्रेम और वतनपरस्ती जैसे विषयों पर भाषण और कौमी गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।जलसे के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को तथा भाषण व गीत प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

इसके साथ ही मानव सेवा में सक्रिय समाज सेवी अरशद कादरी, कादिर खान, नियाज़ मंसूरी, हाफ़िज़ इश्तियाक, मुस्ताक उस्मानी, इरफान मुस्तफाई, नाजिर शाह, आदिल हुसैन, ज़फ़र उस्मानी, मोहम्मद जकी, मोहम्मद अनस और हाफिज जुनैद को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### भारतीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा की कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर।** भारतीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा की वर्ष 2025-26 के लिए जबलपुर संभाग (महाकौशल) की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा महासभा के संयोजक, अध्यक्ष, डॉ. यतीश जैन द्वारा की गई है। संभागीय प्रचारक नितिन जैन ने बताया कि राष्ट्रीय एवं मध्य प्रदेश नेतृत्व की सलाह एवं सहमति के आधार पर तीर्थों के संरक्षण और जैन संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु यह नवीन कार्यकारिणी मनोनीत की गई है। नवीन कार्यकारिणी में संयोजकअध्यक्ष डॉ. यतीश जैन, कार्यकारी अध्यक्ष चिंतामणि जैन जबलपुर को मनोनीत किया गया. वहीं एडवोकेट अमिताभ भारती कटनी, निशित जैन जबलपुर, आलोक जैन सागर, पिंकेश पटोरिया परासिया, सीए संजय सिंघई सतना, प्रोफेसर नरेंद्र जैन छतरपुर, और प्रमोद जैन बालाघाट को उपाध्यक्ष बनाया गया।

# अधिवक्ता खेल महाकुंभ का भव्य शुभारंभ

## अधिवक्ताओं ने विभिन्न खेलों में आजमाए अपने हाथ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश अधिवक्ता क्रीड़ा परिषद के द्वारा अधिवक्ता खेल महाकुंभ का आयोजन पीएम श्री शासकीय महाकौशल महाविद्यालय खेल परिसर में किया गया। इस अत्यंत भव्य एवं गरिमा पूर्ण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विवेक कृष्ण तन्खा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जबलपुर को न्यायधानी एवं संस्कारधानी होने के साथ इस तरह खेल महाकुंभ के आयोजन होने से खेलधानी होने का भी गौरव प्राप्त होता है।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डीके जैन, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, महाकौशल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी, टैक्स बार एसोसिएशन के



अध्यक्ष शिशिर नेमा, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. ज्योति मंच पर आसीन रहे।

शुभारंभ कार्यक्रम के पश्चात पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में महिला एवं पुरुष वर्ग के अधिवक्ता खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष ज्योति राय, मनोज तिवारी, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, मनोज शिवहरे, विनोद विश्वकर्मा, नीलम चंसोरिया, देवेश जैन, निधीश पांडे, राम प्रकाश शिवहरे, नितिन पटेल की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्रा के द्वारा किया गया।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे बिजली बिल बकायादारों के लिए समाधान योजना 2025-26 का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा लागू की जा रही समाधान योजना 2025-26 का शुभारंभ आज भोपाल में करेंगे। बिजली बिल बकायादारों को बड़ी राहत देने के लिए समाधान योजना का शुभारंभ एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी, क्षेत्रीय कार्यालय अरेरा कॉलोनी भोपाल में सोमवार को प्रातः 10 बजे होगा। शुभारंभ कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा, नीरज मंडलोई, एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।




# नामदेव जयंती समारोह कला वीथिका में सम्पन्न

**जबलपुर।** नामदेव समाज विकास परिषद शाखा जबलपुर के द्वारा संत नामदेव महाराज की 755वीं जयंती के उपलक्ष्य में कला वीथिका में समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संत नामदेव के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात जगतगुरु स्वामी राधावाचार्य एवं अखिलेश्वरानन्द की गरिमामयी उपस्थिति में समाज के प्रतिभाशाली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

पूज्य स्वामीद्वय ने संत शिरोमणी नामदेव जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भक्त अगर सच्चा है तो भगवान भी भक्त के आगे झुकते हैं। समरसता सेवा के अध्यक्ष संदीप जैन (गुड्डू भैया) उपस्थित रहे। उत्तर मध्य के विधायक अभिलाष पाण्डे ने फोन के माध्यम से अपनी शुभकानायें समाज को दी एवं शरद अग्रवाल भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष अशोक नामदेव, बाबूलाल नामदेव, गौरीशंकर नामदेव, बृजेश नामदेव, सुरेन्द्र नामदेव, गिरीश वर्मा, युवा अध्यक्ष बबलू शरद नामदेव, इं. दिनेश नामदेव, सुनील नामदेव, इं. दीपक नामदेव, महिला अध्यक्ष मीना नामदेव, दीपाली नामदेव, वर्षा नामदेव, रजनी नामदेव, सुनील नामदेव, वीरेन्द्र नामदेव सहित सैकड़ों की तादात में नामदेव स्वजातिय बंधु उपस्थित रहे। जयंती पर भण्डारे का आयोजन किया गया।

# संस्कारधानी विमेंस प्रीमियर लीग में महिला क्रिकेट का नया अध्याय जुड़ा

**जबलपुर।** शहर की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और महिला खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से "संस्कारधानी विमेंस प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। यह लीग जबलपुर में पहली बार महिला क्रिकेट को एक नए आयाम पर लेकर जाएगी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 01 दिसंबर 2025 से रानीताल स्टेडियम, जबलपुर में किया जाएगा। लीग में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों की कई महिला टीमें भाग लेंगी।आयोजन समिति में सुरिंदर



गुजराल, शिखा जैन, शिखा श्रीवास्तव, शालिनी साहू, रचना त्रिवेदी प्रमुख भूमिका निभा रही हैं, जबकि सह-आयोजक के रूप में माही गुप्ता और दिशा नोटनानी जुड़ी हुई हैं। ब्रांड प्रमोशन पार्टनर के रूप में प्रेरणा जदवानी इस आयोजन से जुड़ी हैं। आयोजकों ने बताया कि इस लीग का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है। टूर्नामेंट में रोमांचक मैचों के साथ दर्शकों के लिए मनोरंजन और प्रेरणा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय लकी साहू द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें और महिला क्रिकेट के इस उत्सव को सफल बनाएं।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आज़ाद बाग़ में शानदार मुशायरा संपन्न

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को गोहलपुर स्थित आज़ाद बाग़ में हमारा चमन और बज़्मे मरासिम के संयुक्त तत्वावधान में एक शानदार मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे की अध्यक्षता हाजी मज्जू कुरैशी ने एवं निजामत राशिद राही ने की। मुशायरे में शहर के नामचीन शायर बाबू अनवर निजामी, शेख निजामी, सिराज आगाजी, निसार अहमद निसार, मुख्तार नादिर और परवाज़ गजफरी ने अपने कलाम पेश किए। आयोजक हमारा चमन के शकील बाबू और शोएब अख्तर ने शहरवासियों शिरकत पर आभार व्यक्त किया।

# ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा का 26वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन सम्पन्न






**जबलपुर।** ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा द्वारा 2 नवम्बर को मानस भवन में 26वां विप्र परिवार वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेशभर से करीब 700 समाजजन एवं 650 अभिभावक शामिल हुए। 46 युवकों व 48 युवतियों ने मंच से परिचय दिया। कार्यक्रम में 3 विवाह संबंध तय हुए।मुख्य अतिथि के रूप में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पं. के.पी. पाण्डेय, पं. वासुदेव शास्त्री, पं. अशोक मनोध्या, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, राजेश मिश्रा आदि शामिल हुए। संस्था के संस्थापक पं. वीरेंद्र तिवारी व अध्यक्ष पं. मुन्नालाल दुबे ने संगठन की 25 वर्ष की यात्रा पर संतोष व्यक्त करते हुए समाजसेवा के नए संकल्प लिए।

# फिल्म अभिनेता प्रेमनाथ की पुण्यतिथि आज

**जबलपुर।** महान फिल्म अभिनेता प्रेमनाथ की 33 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 3 नवम्बर को प्रातः साढ़े 10 बजे जिलहरी घाट स्थित उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रेमनाथ को प्यार व सम्मान देने वाले एक समूह द्वारा किया गया है।श्रद्धांजलि सभा के आयोजन से जुड़े हुए पवन शर्मा ने कहा कि प्रेमनाथ से ही फिल्म इंडस्ट्री में जबलपुर की एक पहचान थी और प्रेमनाथ भी दिल से जबलपुर को बेहद चाहते थे। प्रेमनाथ अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति और अलग-अलग तरह के किरदारों में



यादगार परफॉर्मेंस के लिए मशहूर थे। प्रेमनाथ को आज भी जुनून, लगन और कलात्मक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। भारतीय फिल्म इतिहास में उनका शानदार योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक स्थायी स्त्रोत बना हुआ है।

प्रेमनाथ के जीवन और विरासत की याद में जिलहरी घाट पर उनकी समाधि पर हवन और प्रार्थना सभा का आयोजन होगा।

समूह के लक्ष्मीकांत शर्मा, फिल्म निर्देशक सावन कुमार के सहायक रहे पुनीत मिकी चोपड़ा, फिल्म मेकर ऋत्विक यादव, एनआरआई चेतन जग्गी, राजेश राव, करम परिहार व रमेश शर्मा ने प्रेमनाथ को याद रखने वाले उनके प्रशंसकों से आयोजन में सहभागी बनने का अनुरोध किया है।

## पतंजलि विश्वविद्यालय में द्वितीय दीक्षांत समारोह

# तपस्या, सरलता और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का आधार बनाएं विद्यार्थी: राष्ट्रपति







### 64% स्वर्ण पदक छात्राओं के नाम, बेटियाँ बनेंगी विकसित भारत का आधार : माननीया

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में आज आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में भारत की माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के स्नातक, परास्नातक एवं शोधार्थियों को उपाधियाँ और स्वर्ण पदक प्रदान किए। राष्ट्रपति से पदक प्राप्त करने वाले भाग्यशाली विद्यार्थियों में साध्वी देवपूजाजी, देवेन्द्र सिंह (स्वामी इन्द्रदेव), मानसी (साध्वी देववाणी), अजय कुमार (स्वामी आर्षदेव), रीता कुमारी (साध्वी देवसुधा), शालू भदौरिया (साध्वी देवशीला), अंशिका, प्रीति पाठक, पूर्वा तथा मैत्रेई रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि यह हर्ष का विषय है कि इस दीक्षांत समारोह में 64 प्रतिशत स्वर्ण पदक छात्राओं ने प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी यही बेटियां भारत का गौरव बढ़ा रही हैं और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि आज समय आ गया है कि देश की 140 करोड़ जनता की आशाओं को साकार करने में महिलाओं की भूमिका निर्णायक हो। यदि बेटियां पीछे रह जाएंगी तो विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार का यह पावन क्षेत्र दर्शन का द्वार है और पतंजलि विश्वविद्यालय की यह भूमि देवी सरस्वती की आराधना से सुशोभित है। माननीया राष्ट्रपति महोदया ने कहा कि योग, आयुर्वेद और अध्यात्म के क्षेत्र में पतंजलि ने जो कार्य किया है, वह महर्षि पतंजलि की परंपरा को आगे बढ़ाने का महान प्रयास है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार, विज्ञान के साथ आध्यात्म और ज्ञान के साथ व्यवहार का अद्भुत समन्वय है, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को साकार करता है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तपस्या, सरलता और कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन का आधार बनाएं और भागीरथी की तरह कठिन परिश्रम कर समाज और राष्ट्र के उत्थान में योगदान दें। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मार्ग अपनाया है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय से आदर्श जीवन निर्माण में सहायक होंगे और पूरे विश्व में योग, प्राणायाम और भारतीय जीवनदर्शन का प्रसार कर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाएंगे।

### पतंजलि विश्वविद्यालय ने योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया : राज्यपाल

विशिष्ट अतिथि एवं उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि योग और आयुर्वेद के माध्यम से पतंजलि ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि आज के युवा प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, योग, आयुर्वेद और अध्यात्म को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थी तभी सफल माने जाएंगे जब उनका ज्ञान और शिक्षा समाज के कल्याण में प्रयुक्त होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा आज भी सबसे प्रासंगिक है और आने वाले समय में यही विद्यार्थी विकसित भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

### सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड निर्माण के संकल्प में पतंजलि विवि के विद्यार्थी की अहम भूमिका होगी : मुख्यमंत्री

इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय का यह आयोजन पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार नई शिक्षा नीति को लागू कर उत्तराखंड को शोध, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड के निर्माण के इस संकल्प में पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

> **पतंजलि विवि को विश्व के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों की श्रेणी में लेकर जायेंगे : आचार्य बालकृष्ण**

### पतंजलि विवि का हर विद्यार्थी 'जॉब सीकर' नहीं बल्कि 'जॉब क्रिएटर' है : स्वामी रामदेव

पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन से पूरा पतंजलि परिवार गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी केवल शिक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना से ओतप्रोत होकर आगे बढ़ रहे हैं। स्वामी रामदेव ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय का हर विद्यार्थी 'जॉब सीकर' नहीं बल्कि 'जॉब क्रिएटर' है। यहां शिक्षा का आधार किसी जाति या धर्म पर नहीं बल्कि सनातन सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षित नागरिक नहीं, बल्कि चरित्रवान, आत्मनिर्भर और नैतिक समाज का निर्माण करना है।

कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सफलतापूर्वक लागू किया है। यह नीति शिक्षा को रोजगारपरक, बहुविषयक और मूल्य-आधारित बनाने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से 3.48 ग्रेड पॉइंट के साथ **A+** ग्रेड प्राप्त किया है, जो इस संस्थान की उच्च गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शुल्कमुक्त शिक्षा प्रणाली और मेधावी विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट दी जाती है। आचार्य बालकृष्ण ने यह भी बताया कि पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन ने योग, आयुर्वेद और समग्र स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय वैज्ञानिक योगदान दिया है, जिसके लिए उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय खेल, संस्कृति और अनुसंधान के क्षेत्र में भी निरंतर प्रगति कर रहा है। आचार्य जी ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय को हम विश्व के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों की श्रेणी में लेकर जायेंगे। उन्होंने बताया कि पतंजलि विश्वविद्यालय की विशिष्टता यह है कि यहाँ पारंपरिक शास्त्रों के स्मरण को प्रोत्साहित और पुरस्कृत किया जाता है। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय नियमित शिक्षा पद्धति के साथ-साथ ऑनलाइन एवं दूरस्थ माध्यम से भी शिक्षा प्रदान कर रहा है, जिससे देश-विदेश के विद्यार्थी अध्ययन कर सकते हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने "फ्लोरा ऑफ राष्ट्रपति भवन" और "मेडिसिनल प्लांट ऑफ राष्ट्रपति भवन" पुस्तकों का विमोचन किया, जिनकी प्रथम प्रतिलिपि राष्ट्रपति को भेंट की गई। दीक्षांत समारोह में कुल 1424 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 54 स्वर्ण पदक विजेता, 62 शोधार्थी (पीएच.डी.), 3 डीलिट उपाधिधारी, 744 स्नातक और 615 परास्नातक विद्यार्थी शामिल रहे।कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय तथा पतंजलि योगपीठ परिवार से सम्बद्ध सभी वरिष्ठ सदस्य, अधिकारीगण, प्राध्यापकगण, विद्यार्थी व संन्यासी भाई-बहन उपस्थित रहे।

# एसबीआई क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करना हुआ महंगा, 3-दिन में मिल जाएगा जीएसटी रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


1 नवंबर से आम लोगों की जेब और बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ी कई अहम चीजें बदल गई। रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय के नए नियम 1 नवंबर 2025 से लागू हो गए हैं। इनमें बैंक खातों में चार नॉमिनी जोड़ने की सुविधा, एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर नया 1% शुल्क, यूनिफाइड पेंशन स्कीम की नई डेडलाइन और पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र जमा करने का प्रोसेस शामिल है। छोटे और कम जोखिम वाले व्यवसायों को तीन कार्यदिवसों के भीतर जीएसटी पंजीकरण मिल जाएगा।

जीएसटी विभाग शनिवार से छोटे और मझोले व्यवसायों के लिए एक सरल जीएसटी पंजीकरण योजना शुरू कर रहा है। छोटे और कम जोखिम वाले ऐसे व्यवसाय, जिन्हें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली डेटा विश्लेषण के आधार पर पहचानती है, वे इस योजना का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अलावा ऐसे आवेदक जो खुद आकलन करते हैं कि उनकी कर देयता 2.5 लाख रुपए प्रति माह से अधिक नहीं होगी, वे भी इस योजना के लिए पात्र हैं। केंद्र और राज्य के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर की अपनी बैठक में सरलीकृत पंजीकरण योजना को मंजूरी दी थी।

## एक नवंबर से बदल गए बैंक से जुड़े कई नियम, छोटे व्यापारियों के लिए भी राहत की खबर

### बैंक खातों में जोड़ सकेंगे चार नॉमिनी

बैंक ग्राहकों को नॉमिनेशन के मामले में बड़ी राहत मिल गई है। बैंक खाते में चार तक नॉमिनी जोड़ सकते हैं, जबकि पहले सिर्फ एक ही व्यक्ति को नामित करने की अनुमति थी। नई व्यवस्था के तहत ग्राहक चाहें तो सभी नॉमिनियों को एक साथ या क्रमवार तरीके से जोड़ सकते हैं।




### यूनिफाइड पेंशन स्कीम की तारीख 30 नवंबर

केंद्र सरकार ने कर्मचारियों को राहत देते हुए यूनिफाइड पेंशन स्कीम में शामिल होने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 30 नवंबर 2025 कर दी है। पहले यह डेडलाइन 30 सितंबर थी, लेकिन कर्मचारियों और विभिन्न विभागों की मांग पर इसे दो महीने आगे बढ़ाया गया।




### एसबीआई कार्ड पर 1% चार्ज

एसबीआई कार्ड ने अपने चार्ज स्ट्रक्चर में बदलाव किया है। क्रेडिट कार्ड, चेक या मोबीक्विक जैसे थर्ड-पार्टी ऐप से किसी स्कूल या कॉलेज की फीस भरते हैं, तो अब आपको 1% एक्स्ट्रा चार्ज देना होगा। सीधे स्कूल या कॉलेज की वेबसाइट या उनके पीओएस मशीन के माध्यम से पेमेंट करते हैं, तो कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा।




### पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र

1 नवंबर से केंद्रीय और राज्य सरकार के पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसे डिजिटल रूप से जीवन प्रमाण पोर्टल पर या बैंक और पोस्ट ऑफिस जाकर जमा किया जा सकता है। अंतिम तिथि 30 नवंबर 2025 तय की गई है। अगर आपने 30 नवंबर तक लाइफ सर्टिफिकेट जमा नहीं किया, तो पेंशन मिलने में दिक्कत आ सकती है।

## 'भारत ने आतंकवाद पर पाया काबू, 2013 के बाद बड़ा आतंकी हमला नहीं'

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में आतंकवाद पर नियंत्रण कर लिया गया है और देश में आखिरी बड़ी आतंकी घटना जम्मू-कश्मीर के बाहर-2013 में हुई थी। सरदार पटेल स्मारक व्याख्यान में बोलते हुए डोभाल ने कहा कि तथ्य तो तथ्य हैं। उन पर विवाद नहीं किया जा सकता। इस देश में आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया गया है।

### प्रतिबंध वाले होर्डिंग्स पर ईसाई संगठनों ने की थी आपत्ति

# गांव में पादरी और पास्टर के प्रवेश पर रोक, हाईकोर्ट ने कहा-पहले ग्राम सभा या एसडीएम के पास जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

कांकेर जिले के कुछ गांवों में पादरी और पास्टर के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध वाले होर्डिंग्स पर ईसाई संगठनों की आपत्ति के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने मामला यह कहते हुए प्रकरण को निराकृत किया है कि याचिकाकर्ता पहले ग्राम सभा या एसडीएम के पास अपनी शिकायत दर्ज करें।

दरअसल कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम घोटिया समेत आसपास के कई गांवों में हाल ही में कुछ स्थानीय निवासियों ने गांव के प्रवेश द्वारों पर होर्डिंग लगाकर पादरी और पास्टर के प्रवेश पर रोक लगा दी थी। इन बोर्डों पर लिखा था कि "गांव में ईसाई धर्म के पादरी, पास्टर या धर्मांतरण के उद्देश्य से आने वाले लोगों का प्रवेश वर्जित है।" इस आदेशनुमा संदेश के



खिलाफ ईसाई संगठनों ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि यह प्रतिबंध असंवैधानिक है और संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि गांवों में लगाए गए ऐसे बोर्ड सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देते हैं और एक विशेष समुदाय के खिलाफ भेदभाव की भावना फैलाते हैं।

### ग्राम सभा एक संवैधानिक मान्यता प्राप्त निकाय

कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद पाया कि होर्डिंग्स संबंधित ग्राम सभाओं द्वारा पेसा ढांचे के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाए गए थे। याचिकाकर्ताओं द्वारा ऐसा कोई भी प्रमाण अभिलेख में प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे यह संकेत मिले कि परिपत्र किसी भी धार्मिक समूह के विरुद्ध भेदभाव को अधिकृत करता है। कोर्ट ने कहा कि ग्राम सभा पेसा अधिनियम के तहत एक संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त निकाय है और उसे सामुदायिक संसाधनों के प्रबंधन और जनजातीय परंपराओं की रक्षा के लिए विशिष्ट शक्तियां प्रदान की गई है। कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रलोभन या कपटपूर्ण तरीकों से जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए होर्डिंग्स लगाना असंवैधानिक नहीं कहा जा सकता। ऐसा प्रतीत होता है कि ये होर्डिंग्स संबंधित ग्राम सभाओं द्वारा स्वदेशी आदिवासियों और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के हितों की रक्षा के लिए एहतियाती उपाय के रूप में लगाए गए हैं।

## व्हाइट कालर क्राइम देश की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय हित को नुकसान पहुंचाता है : हाईकोर्ट

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने सिंडिकेट बनाकर कोयला परिवहन पर जबरन अवैध कोल लेवी वसूली के आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि व्हाइट कॉलर क्राइम देश की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय हित को नुकसान पहुंचाता है और आर्थिक अपराध जानबूझकर व्यक्तिगत लाभ पर नजर रखते हुए समुदाय पर पड़ने वाले परिणामों की परवाह किए बिना किया जाता है।ध्यान रहे कि आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की शिकायत पर एसीबी ने अपराध पंजीबद्ध कर रायगढ़ के रामगुड़ी पारा निवासीनवनीत तिवारी को जनवरी 2024 को हिरासत में लिया है। उसके खिलाफ 420, 120-बी, 384, 467, धारा 468, 471 और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, 1988 की धारा 7, 7-, 12 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। आरोप है कि तिवारी ने राजनेताओं और कुछ वरिष्ठ राज्य सरकार के अधिकारियों के सक्रिय समर्थन से तत्कालीन भूविज्ञान और खनिकर्म निदेशक को प्रभावित करने में कामयाबी हासिल की और 15 जुलाई 2020 को एक सरकारी आदेश जारी करवाया जो परिवहन परमिट जारी करने की ऑनलाइन प्रणाली को मैनुअल प्रणाली में परिवर्तित करके इस जबरन वसूली प्रणाली का स्रोत बन गया।

### विज्ञापन को लेकर हुआ था विवाद

# कनाडाई पीएम ने मांगी ट्रंप से माफी

एजेंसी ▶▶| ओटावा



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शनिवार को बताया कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से माफी मांगी है। इसकी वजह एक विज्ञापन था, जिसमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के पुराने भाषण का इस्तेमाल करके टैरिफ के खिलाफ मैसेज दिया गया था। दक्षिण कोरिया के ग्यॉंगजू शहर में पत्रकारों से बात करते हुए कार्नी ने कहा- मैंने राष्ट्रपति से माफी मांगी। वह नाराज हो गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि जब वॉशिंगटन तैयार होगा, तब व्यापारिक बातचीत फिर से शुरू हो जाएगी। यह विज्ञापन कनाडा के ओंटारियो प्रांत की सरकार ने चलाया था। ट्रम्प इसे देखते ही गुस्सा हो गए थे। उन्होंने कनाडाई सामानों पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की घोषणा की और अमेरिका-कनाडा के बीच व्यापारिक बातचीत रोक दी। अतिरिक्त टैरिफ से अगले 5 साल में कनाडा की जीडीपी में लगभग 1.2% का नुकसान हो सकता है। इस विज्ञापन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें वे टैरिफ को हर एक अमेरिकी के लिए नुकसानदेह बता रहे थे। अमेरिका ने कनाडा पर 35% टैरिफ लगा रखा है। नए ऐलान के बाद यह 45% हो गया। भारत और ब्राजील के बाद यह सबसे ज्यादा टैरिफ है।

### ट्रम्प बोलो- कनाडा जो किया वह गलत

ट्रम्प ने कनाडाई पीएम के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुझे कार्नी पसंद हैं, लेकिन उन्होंने जो किया वह गलत था। उन्होंने विज्ञापन के लिए माफी मांगी क्योंकि वह झूठा था। उन्होंने दावा किया कि रोनाल्ड रीगन टैरिफ पसंद करते थे और कनाडा ने इसे उल्टा दिखाने की कोशिश की। ट्रम्प ने साफ कहा कि व्यापारिक बातचीत अभी शुरू नहीं होगी। यह विज्ञापन कनाडा के ओंटारियो राज्य ने बनाया था।

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6036



**बाएँ से दाए-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 6035 का हल



## सूडोकु नवताल - 6046

* * * * * कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENMOHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6045 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

लाइफ Style



# किआरा


## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुकी हैं। इस फिल्म में किआरा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और किआरा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, किआरा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी किआरा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि किआरा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्स: एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यून: पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।



# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री


**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर



को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



**पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा**

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैमब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

## खबर संक्षेप



### हाइलो ओपन से उन्नति बाहर भारत की चुनौती समाप्त

**सारब्रूकेन।** उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय पुत्री कुसुमा वर्दानी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। रोहतक की 18 वर्षीय खिलाड़ी उन्नति ने इस सप्ताह प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन वह वर्दानी की गति और सटीकता की बराबरी नहीं कर सकी और 35 मिनट तक चले मुकाबले में 7-21, 13-21 से हार गई। उन्नति उस भारतीय टीम का हिस्सा थीं, जिसने पिछले महीने गुवाहाटी में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अपना पहला पदक (कांस्य) जीता था।

### नॉर्थ कोस्ट ओपन सेमीफाइनल में हारीं रतिका



**नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांथीरा सीलान ऑस्ट्रेलिया के कॉफ्स हार्बर में चल रही 6 हजार डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला एकल के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त लोजयन गोहारी से हार गईं। तमिलनाडु की रहने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को चार गेम में हार का सामना करना पड़ा। मिस्र की खिलाड़ी ने 12-10, 5-11, 11-3, 11-3 से जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। रतिका ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त बोबो लाम को हराया था।

### जैमीसन और सोढ़ी की न्यूजीलैंड टीम में वापसी



**ऑकलैंड।** तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी ने 5 नवंबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम में वापसी की। ऑलराउंडर नाथन स्मिथ को भी 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है और वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। जैमीसन ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर होने, जबकि सोढ़ी ने अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के बाद पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए वापसी की है। भारत और श्रीलंका में अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए दोनों टीमों के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। करिश्माई बल्लेबाज और पूर्व कप्तान केन विलियमसन के नाम पर विचार नहीं किया गया क्योंकि उन्होंने दिन में ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

### दिल्ली के खिलाफ पुडुचेरी मजबूत, रोहेरा ने जड़ा शतक



**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज अजय रोहेरा ने सावधानी और आक्रामकता का तालमेल बिठाते हुए नाबाद 107 रन बनाए, जिससे पुडुचेरी रणजी ट्रॉफी के ग्रुप डी मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ पहली पारी में बढ़त लेने के करीब पहुंच गया। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पुडुचेरी ने चार विकेट पर 240 रन बना लिए हैं। रोहेरा 139 गेंद की अपनी पारी में अब तक 16 चौके जड़ चुके हैं। दिल्ली ने इससे पहले दिन की शुरुआत छह विकेट पर 248 रन से करने के बाद पहली पारी में 294 रन बनाए। दिल्ली के लिए सुमित माथुर 11 चौके और एक छक्के से 71 रन बनाकर नाबाद रहे।

## ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से पीटा, सीरीज में की बराबरी

# वाशिंगटन-अर्शदीप के दम पर भारत की होबार्ट में जीत

एजेंसी ⏭ होबार्ट

भारत ने होबार्ट टी20 इंटरनेशनल मैच पांच विकेट से जीत लिया। वाशिंगटन सुंदर की शानदार बैटिंग और अर्शदीप सिंह की कमाल की बॉलिंग के दम पर टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया पर तीसरे मुकाबले में जीत मिली। उसके सामने 187 रन का लक्ष्य था और जिसे नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। सुंदर 49 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में तीन चौके और चार छक्के शामिल रहे। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टिम डेविड के 74 और मार्कस स्टोइनिस के 64 रन के दम पर छह विकेट पर 186 का स्कोर बनाया। उनके अलावा बाकी बल्लेबाज नहीं टिक पाए। अर्शदीप सिंह ने अपनी शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। उन्होंने 3 अहम विकेट चटकाए।

- डेविड और स्टोइनिस के अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट पर बनाए 186 रन

### ऑस्ट्रेलिया का टॉप ऑर्डर अर्शदीप के सामने ढहा

पहले बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (6) को पहले ही ओवर में गंवा दिया। अर्शदीप ने उनका विकेट लिया। जॉश इंग्लिस एक रन बना सके और अर्शदीप के दूसरे शिकार बने। इसके बाद कप्तान मिचेल मार्श (11) और डेविड ने मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की और इसमें ज्यादातर रन डेविड के थे. मार्श 11 रन बनाने के बाद वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर तिलक वर्मा को कैच दे बैठे। अगली गेंद पर मिचेल ऑवन बोल्ड हो गए. इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 74 रन हो गया।



### अभिषेक ने खोला छक्के से खाता

लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक शर्मा ने फिर से भारत के लिए तेजी से रन जुटाए। उन्होंने छक्के से खाता खोला। वे 16 गेंद में दो चौकों व इतने ही छक्कों से 25 रन बनाकर नाथन एलिस के शिकार बने। दो ओवर बाद शुभमन गिल (15) भी इसी गेंदबाज के शिकार बन गए। भारत ने पावरप्ले का अंत दो विकेट पर 64 रन के साथ किया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने तेजी से रन जुटाए और दो छक्के भी लगाए। वे 11 गेंद में 24 रन बनाने के बाद मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर आउट हो गए। तिलक वर्मा (29) और अक्षर पटेल (17) ने मिलकर भारत को 100 के पार पहुंचा दिया। एलिस ने अक्षर के रूप में तीसरा शिकार किया तो जेवियर बार्टलेट ने तिलक का शिकार किया।

### ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज अर्शदीप

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का तीसरे मैच में अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट निकाले। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलिया में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन का रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने वहां अब तक 7 पारियों में 13 विकेट चटकाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर रविचंद्रन आश्विन का नाम है। अश्विन ने 11 पारियों में 11 विकेट हासिल किए थे। हार्दिक पांड्या ने भी ऑस्ट्रेलिया में टी-20 इंटरनेशनल में 9 पारियों में 11 विकेट निकाले हैं। जसप्रीत बुमराह की बात करें तो वह 8 पारियों में 10 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। तीसरे टी-20 में 3 विकेट लेकर अर्शदीप सिंह अब टॉप पर पहुंच गए हैं।

### अभिषेक ने तोड़ा शिखर धवन का रिकॉर्ड

ओपनिंग बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली थी। हालांकि तीसरे टी20 मैच में अभिषेक सिर्फ 25 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गए। अभिषेक अपनी इस पारी के दम पर भी एक बड़ा कारनामा करने में कामयाब रहे, जिसमें वह टी20 इंटरनेशनल में भारत की तरफ से एक साल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ओपनिंग बल्लेबाज बन गए हैं, जिसमें उन्होंने शिखर धवन के साल 2018 के रिकॉर्ड को तोड़ने का काम किया। अभिषेक जहां अभी तक इस साल कुल 705 रन बना चुके हैं तो वहीं शिखर धवन ने साल 2018 में कुल 689 रन बनाए थे।

### सुंदर और जितेश शर्मा ने छठे विकेट के लिए की 43 रन की साझेदारी

सुंदर और जितेश शर्मा ने मिलकर टीम की नैया पार लगा दी। दोनों ने छठे विकेट के लिए 43 रन की अटूट साझेदारी की। जितेश ने विजयी चौका लगाया। वे 13 गेंद में 22 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिस 36 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे। बार्टलेट और स्टोइनिस को एक-एक सफलता मिली।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का इंग्लिस बो एलिस | 25 | 16 | 2 | 2 |
| गिल पगबाधा बो इंग्लिस | 15 | 12 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का एलिस बो स्टोइनिस | 24 | 11 | 1 | 2 |
| तिलक का इंग्लिस बो बार्टलेट | 29 | 26 | 1 | 1 |
| अक्षर का बार्टलेट बो एलिस | 17 | 12 | 1 | 0 |
| वाशिंगटन नाबाद | 49 | 23 | 3 | 4 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 22 | 13 | 3 | 0 |

अतिरिक्त: 07
कुल:18.3 ओवर में पांच विकेट पर: 188 रन
गेंदबाजी: बार्टलेट 4-0-30-1, एबट 3.3-0-56-0, एलिस 4-0-36-3, कुहनेमन 4-0-31-0, स्टोइनिस 2-0-22-1, शॉर्ट 1-0-13-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का सूर्यकुमार बो अर्शदीप | 06 | 4 | 1 | 0 |
| मार्श का वर्मा बो चक्रवर्ती | 11 | 14 | 1 | 0 |
| इंग्लिस का अक्षर बो अर्शदीप | 01 | 7 | 0 | 0 |
| डेविड का वर्मा बो दुबे | 74 | 38 | 8 | 5 |
| ओवेन बो चक्रवर्ती | 00 | 1 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस का स्थानापन्न बो अर्शदीप | 64 | 39 | 8 | 2 |
| मैथ्यू शॉर्ट नाबाद | 26 | 15 | 2 | 1 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 01
कुल: 20 ओवर में छह विकेट पर: 186 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-35-3 , बुमराह 4-0-26-0, चक्रवर्ती 4-0-33-2, अक्षर 4-0-35-0, शिवम 3-0-43-1, अभिषेक 1-0-13-0

# भारत ने सा. अफ्रीका को हराया, पंत ने खेली दमदार पारी

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कप्तान ऋषभ पंत की 90 रन की शानदार पारी और निचले क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों की बदौलत भारत ए ने रविवार को पहले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका ए को तीन विकेट से हरा दिया। भारत ए अब दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है। दूसरा मैच अगले गुरुवार से बीसीसीआई सीओई मैदान पर ही खेला जाएगा। भारत ए ने मैच के चौथे और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 119 रन से आगे बढ़ाई। पंत (90 रन, 113 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और आयुष बडोनी (34 रन, 47 गेंद) ने सुबह अच्छी शुरुआत की और 12 ओवर में 63 रन जोड़े।

- भारत ए दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे



### पंत और बडोनी ने की आक्रामक बल्लेबाजी

भारत को 275 रन के लक्ष्य के सामने अंतिम दिन 166 रन की जरूरत थी। पंत और बडोनी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। पंत ने दिन की दूसरी ही गेंद पर तेज गेंदबाज ओकुहले सेले पर छक्का जड़ा और उसके बाद एक हाथ से शॉट लगाकर थर्ड मैन क्षेत्र में दो चौके लगाए। सेले ने दिन के पहले ओवर में 14 रन दिए। पंत हालांकि अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्हें तियान वान वुरेन की गेंद पर पुल करने का समय नहीं मिला और गेंद हवा में लहरा गई। लेसेगो सेनोक्वाने ने दूसरी स्लिप से दौड़ते हुए कैच लपका। सेनोक्वाने के लिए यह बड़ी राहत की बात थी क्योंकि उन्होंने प्रेनेलन सुब्रायन की गेंद पर फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर पंत का कैच छोड़ा था। पंत तब 80 रन पर खेल रहे थे।

### पुछल्ले बल्लेबाजों ने दिया महत्वपूर्ण योगदान

बडोनी भी वान वुरेन की अच्छी दिशा में डाली गई बाउंसर पर पुल नहीं कर सके और डीप फाइन लेग पर कैच आउट हो गए। तनुश कोटियन 30 गेंदों में 23 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन वह लुथो सिपामला की गेंद पर नियंत्रण नहीं रख सके और लंच से कुछ ओवर पहले ही आउट हो गए। भारत ने पहले सत्र में 101 रन जोड़े लेकिन तीन महत्वपूर्ण विकेट भी गंवाए, जिससे स्कोर सात विकेट पर 216 रन कर दिया। भारत को अभी भी 59 रन की जरूरत थी। ऐसे में उसके पुछल्ले बल्लेबाजों मानव सुथार (नाबाद 20) और अंशुल कंबोज (नाबाद 37) ने महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

### दूसरी पारी में साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज रहे फ्लॉप

वहीं दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका-ए के बल्लेबाज अच्छा नहीं कर पाए और बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। तब अफ्रीका के लिए जुबेर हमजा और लेसो सेनोक्वाने ने सबसे ज्यादा 37-37 रन बनाए। अफ्रीकी टीम दूसरी पारी में सिर्फ 199 रनों पर ही सिमट गई थी। भारत के लिए तनुष कोटियन ने चार विकेट चटकाए थे। उनके अलावा अंशुल कम्बोज ने तीन विकेट झटके थे। इन प्लेयर्स के आगे साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों की एक ना चली।

# न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले विलियमसन ने टी20 को कहा अलविदा

एजेंसी ⏭ ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला शुरू होने से कुछ दिन पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। न्यूजीलैंड के लिए 93 टी-20 मैच खेलने वाले विलियमसन को हाल ही में 2026 के सत्र के लिए आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स का रणनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया था। संन्यास लेने की घोषणा करने के कारण इस 35 वर्षीय बल्लेबाज को वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया।



### 2011 में टी20 में किया था पदार्पण

वह कैरेबियाई टीम के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की तैयारी के सिलसिले में आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में भी नहीं खेलेंगे। विलियमसन ने न्यूजीलैंड की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाए हैं। उनका औसत 33 है और उन्होंने 18 अर्धशतक लगाए हैं। इस प्रारुप में उनका उच्चतम स्कोर 95 रन है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारुपों में 19,000 से अधिक रन बनाने वाले इस क्रिकेटर ने 2011 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और 75 मैच में टीम का नेतृत्व किया, जिसमें 2016 और 2022 में दो टी20 विश्व कप सेमीफाइनल और 2021 में फाइनल में कप्तानी करना शामिल है।

### संन्यास का यह टीम और मेरे लिए सही समयः विलियमसन

*विलियमसन ने कहा, 'यह (टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना) कुछ ऐसा है, जिसका हिस्सा बनना मुझे शुरू से ही पसंद था। मैं इन यादों और अनुभवों के लिए बहुत आभारी हूं।'' उन्होंने कहा, 'इस प्रारुप को अलविदा कहने का यह टीम और मेरे लिए सही समय है। इससे टीम को आगे बढ़ाने और टी20 विश्व कप के लिए टीम तैयार करने में मदद मिलेगी।' विलियमसन ने कहा कि टेस्ट और वनडे को लेकर उनकी राय स्पष्ट है और उनका ध्यान अभी वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला पर है, जिसका पहला मैच दो दिसंबर से क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। उन्होंने कहा, 'मुझे इस टीम की बहुत परवाह है। न्यूजीलैंड की तरफ से खेलना बहुत मायने रखता है, जिसमें आप अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं। मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट का आभारी हूं जिसने हमेशा मेरा पूरा समर्थन किया।'*

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# स्वियातेक ने सीधे सेटों में कीज को आसानी से हराया



**रियाद।** इगा स्वियातेक ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन मैडिसन कीज को आसानी से सीधे सेटों में हरा दिया। विंबलडन चैंपियन स्वियातेक को विश्व की शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता कीज को 6-1, 6-2 से हराने में एक घंटे से थोड़ा अधिक का समय लगा। कीज इस टूर्नामेंट में सेरेना विलियम्स ग्रुप में हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए अमांडा अनिसिमोवा और एलेना रयबाकिना को हर हाल में हराना होगा। रयबाकिना ने ग्रुप के एक अन्य मैच में अनिसिमोवा को 6-3, 6-1 से हराया। स्टेफी ग्राफ ग्रुप में आर्यना सबालेंका, गत चैंपियन कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और जैस्मीन पाओलिनी हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। विजेता के लिए पुरस्कार राशि 52 लाख 35 हजार डॉलर है।

### पेरिस मास्टर्स : सिनर पहुंचे फाइनल में, अब अलियासिमे से खिताबी मुकाबला

पेरिस। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को आसानी से 6-0, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया और फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर यदि फाइनल में नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को हरा देते हैं तो वह छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज की जगह फिर से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। ऑगर अलियासिमे ने इससे पहले ला डिफेंस एरिना में सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर बुब्लिक को 7-6 (3), 6-4 से हराया। सिनर ने इनडोर टूर्नामेंट में अपने जीत के सिलसिले को 25 मैचों तक बढ़ा दिया है। उन्होंने गत विजेता ज्वेरेव को लगातार चौथी बार हराकर उन पर 5-4 की बढ़त बना ली है।

## झारखंड के 8 विकेट पर 510 रन मोहन ने लगाया दोहरा शतक

एजेंसी ⏭ रांची

सलामी बल्लेबाज शिखर मोहन (207 रन) के शानदार दोहरे शतक और विराट सिंह (105 रन) के शतक की मदद से झारखंड ने एलीट ग्रुप ए रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन नगालैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 510 रन का मजबूत स्कोर बनाया। झारखंड ने सुबह दो विकेट पर 91 रन से आगे खेलना शुरू किया। शिखर ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए दोहरी शतकीय पारी के दौरान 21 चौके और तीन छक्के लगाए। साथ ही 20 साल के इस खिलाड़ी ने विराट सिंह (105) के साथ तीसरे विकेट के लिए 251 रन की साझेदारी करके झारखंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। विराट के 77वें ओवर में आउट होने के बाद शिखर ने कुमार कुशाग्र (58) के साथ मिलकर 109 रन और जोड़कर नगालैंड के लिए मुश्किलें और बढ़ा दीं। विराट को जोनाथन आर ने आउट किया जबकि शिखर को आखिरकार 95वें ओवर में तहमीन रहमान ने आउट किया। स्टंप तक रॉबिन मिंज (75) और सुशांत मिश्रा (4) क्रीज पर थे।



# पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका से जीती सीरीज, बाबर ने लगाया अर्धशतक

एजेंसी ⏭ लाहौर

बाबर आजम ने अपने करियर का 37वां अर्धशतक जमाया, जिसकी मदद से पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम की। पाकिस्तान ने बाबर के 46 गेंदों पर 68 रन की बदौलत 19 ओवर में छह विकेट पर 140 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 139 रन ही बना सका था। दक्षिण अफ्रीका ने रावलपिंडी में पहला मैच 55 रन से जीता था, जिसके बाद पाकिस्तान ने लाहौर में लगातार दो मैचों में जीत के साथ श्रृंखला पर 2-1 से कब्जा किया।

- पाकिस्तान ने अंतिम टी20 में दक्षिण अफ्रीका को 4 विकेट से हराया



### पाकिस्तान ने 14 रन के अंदर गंवाए चार विकेट


बाबर ने अपनी पारी में नौ चौके लगाए। उन्होंने कप्तान सलमान अली आगा (33) के साथ दूसरी विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की, जिससे पाकिस्तान आखिरी ओवरों में 14 रन के अंदर चार विकेट गंवाने के बावजूद जीत हासिल करने में सफल रहा। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रीजा हेंड्रिक्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन शाह अफरीदी ने तीन जबकि उस्मान तारिक और फहीम अशरफ ने दो दो विकेट लिए। अब इन दोनों टीम के बीच तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसका पहला मैच मंगलवार को फैसलाबाद में होगा।

## टीम इंडिया के नाम जुड़ा यह अनचाहा रिकॉर्ड

# फाइनल में हरमनप्रीत की तकदीर ने नहीं दिया साथ

एजेंसी ⏭ नवी मुंबई

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच महिला विश्व कप 2025 का फाइनल मुकाबला नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में उतरते ही भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को किस्मत का साथ नहीं मिला है। भारतीय टीम एक बार फिर से इस टूर्नामेंट में टॉस हारी और साउथ अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इसी के साथ टीम इंडिया के नाम भी अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। महिला वर्ल्ड कप में 43 साल पहले इंग्लैंड की टीम ने एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा टॉस गंवाए थे।



### महिला वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा टॉस हारने वाली टीमें

*इंग्लैंड- 13 में से 9 टॉस हारे, 1982*
*भारत- 9 में से 8 टॉस हारे, 2025*
*भारत- 12 में से 8 टॉस हारे, 1982*
*श्रीलंका- 7 में से सभी 7 टॉस हारे, 2000*
*साउथ अफ्रीका- 9 में से 7 टॉस हारे, 2025*

### 11 वनडे मैचों में से सिर्फ एक में ही जीती हरमन टॉस

अगर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की बात करें तो उन्होंने पिछले 11 महिला वनडे मैचों में से सिर्फ एक में ही टॉस जीता है। वो मैच इसी टूर्नामेंट में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी लीग मैच था, जिसमें नतीजा नहीं निकल पाया था और मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। जबकि टीम इंडिया ने मौजूदा महिला विश्व कप में 9 में से आठ टॉस गंवाए हैं।




## 2 वाहनों से 6 हजार जुर्माना वसूला

# स्कूली वाहनों पर पुलिस ने कसा शिंकजा

हरिभूमि जबलपुर।

लिटिल किंग्डम स्कूल बस के दुर्घटना ग्रस्त होने के बाद स्कूली बसों के सुरक्षा मानकों पर अब पुलिस का ध्यान गया है. सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी द्वारा जारी स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों के सुरक्षा मानकों के दिशा निर्देश के तहत स्कूल बसों की जांच शुरु हो गई है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अंजना तिवारी के मार्ग निर्देशन में लिटिल वर्ल्ड स्कूल तिलवारा में संचालित स्कूली बसों की चैकिंग गई है। 02 स्कूली बसों में गाइड लाइन अनुसार सुरक्षा मानक एवं दस्तावेज नही पाये गये जिनके विरूद्व यातायात पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की जाकर कुल 6000 रूपये समन राशि वसूल की गई है। कार्यवाही दौरान चालक परिचालकों को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है।




### मॉडीफाई साइलेंसरों पर कार्यवाही

*इसके अतिरिक्त शहर में ऐसे कुछ वाहन चालक है जो मॉडीफाई साइलेंसर वाहन में लगाकर ध्वनि प्रदूषण करते है, जिससे अन्य को परेशानी होती है, ऐसे वाहनों को रोका जाकर सूबेदार रोहित तिवारी द्वारा चालानी कार्यवाही कर वाहन से मॉडीफाई साइलेंसर हटवाया गया है।*

## 86 वाहनों चालकों के काटे चालान

**जबलपुर।** सडक़ हादसों में होने वाली मौतों में कमी लाने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत कल पुलिस ने चेकिंग पाइंट लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले 83 वाहन चालकों के खिलाफ 185 मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की। इस दौरान ऐसे वाहन चालकों के वाहन जब्त कर न्यायालय में प्रकरण पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर रात में भी चेकिंग पाइंट लगाकर थाना प्रभारीरियों व पुलिस के अधिकारियों द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों में भी बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से स्कूल वाहनों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई। जिसमें दो स्कूल बसों में सुरक्षा मानक एवं दस्तावेजी नहीं पाये गये। यातायात पुलिस ने दोनों वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 6 हजार रुपये समान शुल्क वसूला।

# विद्यार्थियों की जानकारी अपलोड करने की समयसीमा 21 दिन बढ़ी

**जबलपुर।** निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है। स्कूलों को राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर विद्यार्थियों की प्रपोज अपलोड करना होती है। इसके बाद ही इनका भुगतान किया जाता है। विद्यार्थियों की संख्या अपलोड करने के लिए 16 नवंबर तक का समय बढ़ाया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र अपर संचालक शीतांशु शुक्ला ने 31 अक्टूबर को आदेश जारी किया कि वर्ष 2024-25 में निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या पोर्टल पर अपडेट करने के लिए 21 दिन की समयसीमा और बढ़ा दी गई है। पहले निजी स्कूलों को पोर्टल पर गत वर्ष शैक्षणिक सत्र के विद्यार्थियों की संख्या के लिए 25 अक्टूबर तक अपनी जानकारी अपलोड करना थी। प्रपोज देना थे। प्रदेश में कई स्कूल संचालक ऐसे थे, जिन्होंने प्रपोज अपडेट नहीं किए थे। राज्य शिक्षा केंद्र की मंशा है कि कोई स्कूल शेष न रहे और सभी को स्वीकृत राशि मिल जाए, इसलिए प्रपोज की तारीख आगे बढ़ाई गई है। एमपी बोर्ड निजी स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि स्कूलों को फीस प्रतिपूर्ति राशि प्रदान करने में पहले से सुधार हुआ है। इसमें और ज्यादा सुधार की आवश्यकता है। शैक्षणिक सत्र बीतने के बाद भी राशि का इंतजार बना रहता है। डीपीसी संजयकुमार मिश्र ने बताया कि आरएसके के नियमों का पूरा पालन कराया जाएगा।

## न्यायमूर्ति संदीप नटवरलाल भट्ट कल शपथ लेंगे

**जबलपुर।** गुजरात हाई कोर्ट से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट स्थानांतरित हुए न्यायमूर्ति संदीप नटवरलाल भट्ट चार नवम्बर को सुबह 10.30 बजे शपथ ग्रहण करेंगे। कोर्ट रूम नंबर-वन में परंपरागत रूप से गरिमामय समारोह आयोजित होगा। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत न्यायमूर्ति भट्ट पदभार संभाल लेंगे। शपथग्रहण समारोह में मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा सहित हाई कोर्ट के सभी जज, स्टेट बार काउंसिल, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन व अन्य अधिवक्ता संघों के पदाधिकारी शामिल होंगे। वर्तमान में हाई कोर्ट में जजों के कुल स्वीकृत 53 पदों के मुकाबले 43 जज पदस्थ हैं। अब एक इजाफे के साथ यह संख्या 44 हो जाएगी। इस तरह कुल रिक्त पद 10 से घटकर नौ हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने गत अगस्त में न्यायमूर्ति भट्ट के स्थानांतरण की सिफारिश की थी, तब गुजरात हाई कोर्ट के वकील विरोध में उतर आए थे। स्थानांतरण रुकवाने के लिए वकील सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पास भी गए।



# अगले 3 दिन हल्की बारिश दूसरे हफ्ते से बढ़ेगी ठंड

**जबलपुर।** नवंबर की शुरुआत जबलपुर में हल्की बारिश और ठंडी हवाओं के साथ हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक शहर सहित संभाग के कई जिलों नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बादल छाए रहेंगे और रुक-रुक कर फुहारें पड़ सकती हैं। रविवार को हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि सोमवार तक मौसम में बदलाव जारी रहने की संभावना है।

अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बने दो निम्न दाब क्षेत्र (लो प्रेशर एरिया) फिलहाल एक्टिव हैं, जिनका हल्का असर जबलपुर संभाग में भी देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, "प्रदेश में इस समय भारी बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन हल्की फुहारें और बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। इससे दिन का तापमान सामान्य से थोड़ा कम रहेगा।"

### 3 नवंबर से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा

मौसम विभाग ने बताया कि 3 नवंबर की रात से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा, जिसका असर 48 घंटे बाद मध्यप्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों, जिनमें जबलपुर भी शामिल है, पर दिखाई देगा। इसके चलते ठंडी उत्तरी हवाएं चलने लगेंगी और दिन-रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

### नवंबर के दूसरे हफ्ते से ठंड में तेजी

विशेषज्ञों के अनुसार, नवंबर के दूसरे सप्ताह से जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में ठंड बढ़ेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान 12 से 14 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। सुबह और रात के समय सर्दी का अहसास बढ़ेगा, जबकि दिन में हल्की धूप खिलने की संभावना है।

## 'रेलवन' ने रेलवे यात्री सुविधाओं को बनाया सरल

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं को एक मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकीकृत मोबाइल सुपर ऐप 'रेलवन (स्वरेल)' का बीटा संस्करण जनवरी 2025 में लॉन्च किया है। यह ऐप टिकट बुकिंग (आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफ़ॉर्म टिकट), ट्रेन पूछताछ, ई-कैटरिंग, शिकायत निवारण व अन्य सेवाएँ एक साथ प्रदान करता है। सिंगल साइन-ऑन सुविधा, सुरक्षित भुगतान प्रणाली और बहुभाषी इंटरफ़ेस से युक्त यह ऐप यात्रा को और अधिक सरल, आधुनिक और सुविधाजनक बनाता है। रेलवन एंड्रॉइड व आईओएस दोनों प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240